जबलपुर
सोमवार, 29 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष-09
वर्ष : 20, अंक : 240
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 23
न्यून. 08



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किसानों के बैंक खातों में भावांतर राशि अंतरण करते हुए

**सीहोर में बड़ा हादसा:** कुए में ब्लास्टिंग के लिए ले जा रहा था डेटोनेटर, एफएसएल टीम कर रही जांच

# चलती बाइक में हुआ ब्लास्ट, युवक के चीथड़े उड़े


घटना के बाद क्षतिग्रस्त बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर-इछावर

रामनगर-इछावर के बीच सड़क पर चलती बाइक में अचानक ब्लास्ट हो गया। जिसमें बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। ब्लास्ट इतना जबरदस्त था कि मृतक का शरीर घटना स्थल से करीब सौ फीट दूर जाकर गिरा। इस दौरान शरीर के चीथड़े उड़ गए। साथ ही बाइक जलकर खाक हो गई।

बताया जा रहा है कि मृतक कुए में ब्लास्टिंग का काम करता था और वह इसके लिए डेटोनेटर लेकर जा रहा था। हादसा रविवार सुबह करीब 10 बजे का है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## धमाके से शरीर पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया


घटना स्थल पर जांच करती हुई पुलिस

### युवक के शरीर का कमर के नीचे का हिस्सा उड़ गया

एसडीओपी रोशन जैन ने बताया कि विस्फोट के कारण युवक के शरीर का कमर के नीचे का हिस्सा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। भोपाल की एफएसएल टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया है।

---

**जावरा में हुआ सोयाबीन भावांतर राशि अंतरण का राज्य स्तरीय सम्मेलन**

# 3.77 लाख सोयाबीन उत्पादक किसानों को मिली 810 करोड़ रुपए की भावांतर राशि




**सीएम डॉ. यादव बोले नए वर्ष 2026 को हमने अन्नदाताओं के कल्याण को ही समर्पित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को 3.77 लाख सोयाबीन उत्पादक किसानों के बैंक खातों में 810 करोड़ रुपए की भावांतर राशि का अंतरण किया। उन्होंने कहा कि नए वर्ष 2026 को हमने अन्नदाताओं के कल्याण को ही समर्पित किया है। अगले वर्ष हम कृषि उत्सव मनाएंगे। किसान भाइयों की समृद्धि का उल्लास मनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भावांतर राशि को मिलाकर हमारी सरकार अब तक प्रदेश के 6.25 लाख से अधिक सोयाबीन उत्पादक किसानों को करीब 1300 करोड़ रुपए की भावांतर राशि का भुगतान कर चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रतलाम जिले के जावरा में सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के तहत किसानों को भावांतर राशि वितरण के लिए आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में बोल रहे थे।

### जनता से जो वादा किया, वह पूरा करके भी दिखाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तरीके से खेती, कृषि विस्तार सेवाएं और नई-नई तकनीकों को हम गांव-गांव तक पहुंचाएंगे, जिससे किसान भाई अपनी खेती-किसानी को और बेहतर बनाने के लिए सही समय पर सही निर्णय ले सकें। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश की जनता से जो वादा किया, वह पूरा करके भी दिखाया है। प्रदेश के विकास का यह कारवां कभी रूकेगा नहीं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि जावरा के डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडे एक ऐसा व्यक्तित्व है, जिनके कृतित्व से क्षेत्र आलोकित हुआ है। डॉ. पांडे ने अपने परिश्रम से जन सेवा की मिसाल कायम की है। कृषि मंत्री एंदल सिंह कंषाना ने कहा कि मुख्यमंत्री अभिनव रूप से जनकल्याणकारी कार्यों की शुरुआत की है।

---

**बवाल और सवाल : राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की पोस्ट पर कांग्रेस दो-फाड़, पार्टी के ही नेताओं ने उन्हें घेरा**

# खुर्शीद: मजबूत तो डाकू भी क्या उससे सीखें, भाजपा-यह टुथ बम

**खुर्शीद ने कहा कि दिग्विजय से जवाब मांगा जाना चाहिए**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की पोस्ट पर कांग्रेस दो-फाड़ हो गई है। इस पोस्ट को लेकर वे पार्टी के भीतर फिर घिर गए हैं। संघ और भाजपा की तारीफ वाली पोस्ट पर वरिष्ठ पार्टी नेता सलमान खुर्शीद ने कहा है कि मजबूत तो डाकू भी होता है। क्या अब मजबूती डाकू से सीखनी होगी? खुर्शीद ने कहा कि दिग्विजय से उनकी पोस्ट पर जवाब मांगा जाना चाहिए।

गौर हो कि दिग्विजय सिंह ने नरेंद्र मोदी, अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी की एक पुरानी तस्वीर पोस्ट करके उसे एक कैप्शन दिया था। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और जयराम रमेश को भी टैग किया था। इस पोस्ट को कांग्रेस नेतृत्व पर अप्रत्यक्ष रूप से किया गया तंज और संघ-भाजपा संगठन की ताकत तारीफ कहा गया है।

*पूर्व सीएम सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक आंदोलन की पार्टी है और रहनी चाहिए, लेकिन उस आंदोलन को वोटों में बदलने में कांग्रेस असफल रहती है*

**दिग्विजय बोले मैं संघ का विरोधी पर उनकी संगठन क्षमता का प्रशंसक**



***सिंह को आड़े हाथों लेते हुए पार्टी की ताकत से रूबरू कराया कई नेताओं ने***

***भाजपा ने कहा- कांग्रेस की कलह उजागर, यह तानाशाही नेतृत्व को जवाब देती पोस्ट***

**खेड़ा और खरगे ने कहा**

**कांग्रेस को संघ से सीखने की कोई जरूरत नहीं**



कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि मैं दिग्विजय सिंह की बात से सहमत नहीं हूं। गोडसे के समर्थक गांधी के समर्थक नहीं हो सकते। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस कभी भी धर्म की राजनीति नहीं करती।

**पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा**

**हम संघ के जैसे खुद को मजबूत नहीं करना चाहते**

पूर्व विदेश मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि एक डाकू भी ताकतवर होता है। तो, क्या आप अपने बच्चे से कहेंगे कि तुम भी डाकू बन जाओ? खुर्शीद ने कहा कि क्या आपको शोले फिल्म याद है?



**सिर्फ थरूर का मिला दिग्विजय को साथ**



कांग्रेस नेता शशि थरूर ने दिग्विजय सिंह के बयान पर कहा कि मैं भी चाहता हूं कि हमारा संगठन मजबूत हो। हमारे संगठन में अनुशासन होना चाहिए। दिग्विजय सिंह खुद इसका उदाहरण हैं। हमारी पार्टी का 140 साल का इतिहास है।

---


राष्ट्रपति पनडुब्बी में खड़े होकर अभिवादन करते हुए

नौसेना के इतिहास में एक विशेष क्षण

# राष्ट्रपति मुर्मू ने नौसैनिक पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर पर की यात्रा

**ऐसा करने वाली वे देश की दूसरी राष्ट्रपति**

एजेंसी ▶▶ कारवार (कर्नाटक)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को भारतीय नौसेना की स्वदेशी रूप से निर्मित कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर पर सवार हुईं। भारत की सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे पर पहुंची थीं। राष्ट्रपति की यह यात्रा भारतीय नौसेना की क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के रक्षा निर्माण कार्यक्रम का सशक्त प्रतीक मानी जा रही है। राष्ट्रपति ने नौसेना प्रमुख समेत अधिकारियों के साथ पनडुब्बी पर यात्रा कर परिचालन क्षमता और हथियार प्रणालियों की जानकारी प्राप्त की। इस विशेष अभियान में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

---

**मुरैना में खेल-खेल में हादसा**

## नाबालिग से चल गई राइफल, एक की मौत


**मुरैना।** पोरसा में 10 साल के बच्चे की गोली लगने से मौत हो गई। ये घटना तब हुई, जब एक दूसरा लड़का राइफल से खेल रहा था। दरअसल, संजय गांधी स्कूल के पास लोकेंद्र तोमर का मकान है। यहां में 10 साल का ऋषभ तोमर माता-पिता के साथ किराए पर रहता था। मकान मालिक लोकेंद्र का 14 वर्षीय बेटा लाइसेंसी राइफल खेल रहा था, तभी गोली चली और हादसा हो गया। घटना शनिवार रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है, जब बच्चे घर के दूसरी मंजिल पर एक कमरे में खेल रहे थे। ऋषभ तोमर अपने पिता धर्मराज सिंह तोमर, माता और छोटे भाई के साथ लोकेंद्र तोमर के मकान में किराए पर रहता था। लोकेंद्र की 315 बोर की लाइसेंसी राइफल घर में लोडेड अवस्था में रखी थी, जो सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक साबित हुई।


■ लाइसेंसी राइफल घर में लोडेड अवस्था में थी

**रील की सनक ने ली फिर जान**

## 'रील' बनाने के चक्कर में युवक तालाब में डूबा

**गंजबासौदा।** इंस्टाग्राम पर रील बनाने का क्रेज और वीडियो पर व्यूवर्स पाने की होड़ के चलते एक युवक ने अपनी जान गंवा दी। मृतक युवक त्योंदा तहसील के ग्राम बंजरिया का मूल रूप से निवासी है और उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभी तक 70 पोस्ट ही शेयर किए थे, जिसमें उसके व्यूवर्स मिलियन तक पहुंच गए। मृतक युवक का नाम है देव पुत्र कमलेश तिवारी निवासी ग्राम बंजरिया घटेरा। जो अपने मित्र शिवम के साथ रील बनाने के लिए घटेरा के तालाब में गया हुआ था। यह दोनों युवक तालाब में लकड़ी की नाव से रील बनाने के लिए पहुंचे और इसी बीच उनकी नाव डूब गई। जिससे नाव में सवार तीन लोग डूबने लगे, इस नाव में बैठा हुआ एक युवक जो तैरना जानता था, वह खुद के प्रयास से कुशल बाहर निकाला और ग्रामीणों ने दूसरे युवक को बाहर निकाल लिया लेकिन देव को वह बचा नहीं सके।


■ लकड़ी की नाव से रील बनाने पहुंचा था

**सजा कम कराने का दिया झांसा**

## निलंबित डिप्टी कलेक्टर से तीन लाख 'ठग' लिए

**ग्वालियर।** यहां एक डिप्टी कलेक्टर के साथ करीब तीन लाख रुपए की ठगी हो गई। ठगों ने ग्वालियर में रहने वाले डिप्टी कलेक्टर को विभागीय जांच में सजा कम कराने का झांसा देकर किस्तों में 2 लाख 95 हजार रुपए ठग लिए। थाटीपुर थाना क्षेत्र की न्यू अशोक कॉलोनी में रहने वाले अरविंद सिंह माहौर मुरैना के सबलगढ़ में पदस्थ थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि रात करीब 8:17 बजे उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। डिप्टी कलेक्टर के पास एक अन्य नंबर से कॉल आया। वह नंबर सीएम पोर्टल अश्विनी नाम से शो हो रहा था।


■ ठगों ने सीएम पोर्टल और सीएम ऑफिस का कर्मचारी बताया

---

**मैदानी इलाकों में देश के टॉप 10 सबसे सर्द शहरों में 7 मप्र के**

8 जिलों में कोल्ड वेव, भोपाल में पारा 4.8 डिग्री पर थमा

# मंदसौर देश में सबसे ठंडा, पारा 2.5 डिग्री, 6 जिले 4 डिग्री के नीचे पहुंचे

**भोपाल।** प्रदेशभर में रविवार को कड़ाके की सर्दी का दौर जारी रहा। मंदसौर देश के मैदानी इलाकों में सबसे ठंडा दर्ज हुआ। यहां रात का पारा 2.5 डिग्री रहा। शहडोल 2.8 डिग्री के साथ दूसरे नंबर का सबसे ठंडा शहर रहा। साथ ही 6 जिलों में रात का पारा 4 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ है। इससे प्रदेश में कड़ाके की सर्दी और शीतलहर का असर बरकरार है। भोपाल में रात का पारा 4.8 डिग्री पर थमा रहा, जबकि भोपाल सहित 8 जिलों में शीतलहर का प्रभाव रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो दिन तापमान में कुछ और कमी हो सकती है। उत्तरी हवाएं और आसमान साफ होने से रात में सर्दी का असर बढ़ा है। यह क्रम अभी जारी रहेगा।

***भोपाल, राजगढ़, सीहोर, गिरवर (शाजापुर), रीवा, कल्याणपुर (शहडोल), मंदसौर और पचमढ़ी में शीतलहर चली***


पचमढ़ी में जमी हुई बर्फ...कार की छत व घास पर

**देश में यह शहर सबसे ठंडे**

रविवार को देश में सबसे कम न्यूनतम तापमान में मंदसौर 2.5 के बाद शहडोल 2.8, शाजापुर और रीवा 3.2, राजगढ़ 3.5, पचमढ़ी 3.8, नौगांव 4.2, उमरिया 4.5, भोपाल 4.8 डिग्री पर सबसे सर्द दर्ज हुए हैं। भोपाल, राजगढ़, सीहोर, शाजापुर, रीवा, शहडोल, मंदसौर और पचमढ़ी में शीतलहर चली।



मन की बात में बोले पीएम मोदी

# स्वतंत्रता सेनानियों, वैज्ञानिकों और युवा शक्ति ने देश को गौरवान्वित किया

प्रधानमंत्री ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 129वें एपिसोड में देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इस साल सेना का शौर्य बना ऑपरेशन सिंदूर, स्वतंत्रता सेनानी पार्वती गिरि, एंटीबायोटिक दवाओं, कश्मीर के बारामूला में मिले बौद्ध स्तूपों के अवशेष और देश में युवा की भागेदारी समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत की।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 129वें एपिसोड में देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इस साल सेना का शौर्य बना ऑपरेशन सिंदूर, स्वतंत्रता सेनानी पार्वती गिरि, एंटीबायोटिक दवाओं, कश्मीर के बारामूला में मिले बौद्ध स्तूपों के अवशेष और देश में युवा की भागेदारी समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। पीएम मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी पार्वती गिरी को याद किया। गणतंत्र दिवस पर हमारा मन स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता के भाव से भर जाता है। दुर्भाग्य से आजादी के अनेक नायक-नायिकाओं को उचित सम्मान नहीं मिला।



मन की बात का 129वां एपिसोड

### भारत ने सुरक्षा, खेल, विज्ञान और वैश्विक मंचों पर अपनी मजबूत छाप छोड़ी

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा से लेकर खेल के मैदान तक, विज्ञान की प्रयोगशालाओं से लेकर दुनिया के बड़े मंचों तक भारत ने हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी।ऑपरेशन सिंदूर' हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बना। दुनिया ने साफ देखा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देश के कोने-कोने से मां भारती के प्रति प्रेम और समर्पण की तस्वीरें सामने आईं। लोगों ने अपने-अपने तरीके से अपने भाव व्यक्त किए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2025 खेल के लिहाज से भी यादगार साल रहा। पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी जीती और महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्व कप अपने नाम किया।

### बिना सोचे-समझे एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन न करें

पीएम मोदी ने कहा कि बिना सोचे-समझे एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन न करें। एंटीबायोटिक ऐसी दवाएं नहीं हैं, जिन्हें यूं ही ले लिया जाए। इनका इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह से ही करना चाहिए।

### भारत की उम्मीदों की वजह युवा शक्ति

पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया भारत को नई आशा के साथ देख रही है और भारत की उम्मीदों की वजह इसकी युवा शक्ति, विज्ञान और तकनीक में हमारी उपलब्धि है।

### 'तमिल सीखें- तमिल करकलम' से जुड़े कई स्कूल

प्रधानमंत्री ने इस साल वाराणसी में हुए 'काशी तमिल संगमम' में तमिल भाषा सीखने को लेकर बात कही। 'तमिल सीखें- तमिल करकलम' थीम के तहत वाराणसी की 50 से ज्यादा स्कूलों में विशेष अभियान चलाए गए।

**दुबई में कन्नड़ सिखाने-पढ़ाने वाले परिवारों को सराहा** प्रधानमंत्री ने दुबई में कन्नड़ भाषा सिखाने-पढ़ाने वाले परिवारों की सराहना की है। पीएम मोदी ने कहा है कि कन्नड़ परिवारों की पहल से एक हजार से ज्यादा बच्चे जुड़े हैं, जो गर्व की बात है। अपनी जड़ों से जुड़े रहने के प्रयास वैश्विक हैं। प्रवासी भारतीय भी इसमें सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

**सांस्कृतिक केंद्र बना 'गीतांजलि आईआईएससी'** प्रधानमंत्री ने 'गीतांजलि आईआईएससी' ग्रुप की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि 'गीतांजलि आईआईएससी' यह अब सिर्फ एक क्लास नहीं, बल्कि कैंपस का सांस्कृतिक केंद्र है।

## खबर संक्षेप

### 31 दिसंबर तक करा लें आधार-पैन लिंक

**नई दिल्ली।** नए साल शुरू होने में गिने दिन बचे हैं। नए साल से कई बड़े बदलाव होने की संभावना है।



नए साल जनवरी से कारें महंगी हो रही हैं। कुछ काम ऐसे हैं, जिसे निपटाने का आखिरी मौका 31 दिसंबर तक है। जिनका आधार कार्ड 1 अक्टूबर 2024 या उससे पहले बना है, वे लोग 31 दिसंबर तक पैन से लिंक करा लें।

### नायडू ने राममंदिर में किया दर्शन-पूजन

**अयोध्या।** आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू रामनगरी अयोध्या पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर



प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्त और डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने स्वागत किया। यहां से वह राम मंदिर के लिए रवाना हुए। राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन और पूजन किया।

### दिल्ली में नितिन को मिला नया आवास

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को दिल्ली में नया आवास मिल गया



है। उन्हें लुटियंस जोन में सरकार द्वारा एक बंगला आवंटित किया गया है। बीन लुटियंस जोन में बंगला नंबर 9, सुनहरी बाग रोड में रहेंगे। मकर संक्रांति के तुरंत बाद ही नितिन नए पते पर शिफ्ट हो जाएंगे। बंगले के रिनोवेशन का काम शुरू हो गया है।

### हुमायूं के बेटे को हिरासत में लिया

**कोलकाता।** बंगाल में बाबरी मस्जिद की नींव रखने को लेकर सुर्खियों में आए हुमायूं कबीर के



बेटे को कोलकाता में हिरासत लिया गया है। आजाद परपिता की हिरासत में तैनात एक पुलिसवाले को थप्पड़ मारने का आरोप है। जनता उन्नयन पार्टी के चेयरपरसन कबीर अभी सुर्खियों में हैं।

पीएम मोदी ने की मुख्य सचिवों की बैठक की अध्यक्षता की

# प्रशासन सुधार, मानव पूंजी विकास, शिक्षा स्किलिंग,आत्मनिर्भर भारत पर दिया जोर

## उद्देश्य-केंद्र और राज्यों को देश की राष्ट्रीय ग्रोथ के लिए प्राथमिकताओं को एक साथ लाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत मंडपम में किया गया कार्यक्रम | परफॉर्मेंस और गवर्नेंस पर की चर्चा | नीति आयोग द्वारा किया गया आयोजन

'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' थी थीम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन की पांचवीं बैठक की। यह कार्यक्रम अभी भारत मंडपम में चला। इस कार्यक्रम का मकसद केंद्र और राज्यों को देश की राष्ट्रीय ग्रोथ के लिए अपनी प्राथमिकताओं को एक साथ लाना है।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने 'ज्ञानवर्धक' बातचीत की, जिसमें भारत के प्रशासनिक सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए सुधार और परफॉर्मेंस के महत्व पर जोर दिया गया।

पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में हुए मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान गवर्नेंस और सुधारों से जुड़े अलग-अलग मुद्दों पर ज्ञानवर्धक चर्चा हुई। सम्मेलन में मानव पूंजी विकास, शिक्षा, स्किलिंग, टेक्नोलॉजी, आत्मनिर्भर भारत और सुधार परियोजनाओं पर चर्चा हुई। इसके अलावा, राज्यों की कई समस्याओं पर भी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच विचार विमर्श किया गया।

### राज्यों में डीरेगुलेशन, गवर्नेंस में टेक्नोलॉजी पर भी की बात

इस साल का सम्मेलन 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' थीम पर आधारित है और इसमें शुरुआती बचपन की शिक्षा, स्कूली शिक्षा, स्किलिंग, उच्च शिक्षा और एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज में विकास पर फोकस करने वाले फोरम शामिल हैं। इस सम्मेलन में राज्यों में डीरेगुलेशन, गवर्नेंस में टेक्नोलॉजी और आत्मनिर्भर भारत के तहत प्रोजेक्ट्स पर भी चर्चा शामिल है।यह कार्यक्रम नीति आयोग द्वारा आयोजित किया गया।

### मानव पूंजी बढ़ाने रोडमैप तैयार किया

इस कार्यक्रम का मकसद भारत की मानव पूंजी की क्षमता को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने के लिए एक कॉमन रोडमैप को अंतिम रूप देना है। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्य सचिवों के साथ मानव पूंजी कोबढ़ाने के साथ ही संतुलित रखने परप जोर दिया। सम्मेलन का मुख्य विषय ही रखा गया है- विकसित भारत के लिए मानव पूंजी, इसलिए चर्चा के प्रमुख बिंदुओं में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, स्कूली शिक्षा, कौशल विकास, उच्च शिक्षा, खेल और पाठ्येतर गतिविधियां (एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज) शामिल हैं।

### प्रदेशों की बेस्ट प्रेक्टिस और रणनीतियों को भी जाना

केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों सहित विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श के आधार पर विभिन्न प्रदेशों द्वारा अपनाई जाने वाली बेस्ट प्रेक्टिस और रणनीतियों को प्रदर्शित किया गया।

### आत्मनिर्भर भारत पर भी किया मंथन

राज्यों में विनियमन में ढील, शासन में प्रौद्योगिकी, स्मार्ट वैल्यू चेन और एक राज्य-एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी तथा पोस्ट-एलडब्ल्यूई भविष्य की योजनाएं जैसे विषयों पर छह विशेष सत्र हुए।

### 6 विशेष सत्र आयोजित किए गए

सम्मेलन के दौरान 'आत्मनिर्भर भारत', 'स्वदेशी' और 'पोस्ट-एलडब्ल्यूई भविष्य' से जुड़ी योजनाओं जैसे विषयों पर छह विशेष सत्र आयोजित किए गए। इसके अलावा, भोजन सत्रों के दौरान विरासत और पांडुलिपि संरक्षण व डिजिटलीकरण तथा सभी के लिए आयुष-आधारित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा वितरण में ज्ञान के एकीकरण जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया। मुख्य सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन पिछले चार वर्षों से प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है।

अहमदाबाद में गृहमंत्री शाह ने कहा

# मलेरिया में आई 97% की कमी जल्द ही इससे मुक्त होगा भारत



आईएमए के सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री शाह

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारत में मलेरिया के मामलों में 97 फीसदी की कमी आई है और देश जल्द ही इस बीमारी से मुक्त हो जाएगा। अहमदाबाद के शेला में भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि आयुष्मान भारत और मिशन इंद्रधनुष जैसी स्वास्थ्य योजनाओं की वजह से मलेरिया के मामलों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। डेंगू से होने वाली मौतों की दर घटकर केवल एक फीसदी रह गई है, जबकि मातृ मृत्यु दर में 25 फीसदी की कमी आई है। जल्द देश इनसे मुक्ति पा लेगा।

### स्वस्थ जनसंख्या की जरूरत बताई

शाह ने डॉक्टरों से कहा कि उन्हें अपनी कोशिशों को सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं और बुनियादी ढांचे के साथ जोड़ना चाहिए। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश को स्वस्थ जनसंख्या की जरूरत है और इसमें डॉक्टरों व आईएमए की भूमिका अब अधिक अहम हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार समग्र दृष्टिकोण के साथ एक मजबूत स्वास्थ्य तंत्र बनाने का प्रयास कर रही है। स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत, फिट इंडिया आंदोलन और खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों पर फोकस किया गया है।

### आईएमए सस्ती, गुणवत्तापूर्ण सेवा दे

शाह ने कहा कि सरकार ने जेनेरिक दवाओं को सस्ता बनाया, कई दवाओं से जीएसटी हटाया और मेडिकल सीटों की संख्या बढ़ाई है। उएम्स का विस्तार किया जा रहा है और आने वाले समय में एम्स के जरिए टेलीमेडिसिन और वीडियो के माध्यम से प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को मार्गदर्शन देने का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। आईएमए की स्थापना के 100 साल पूरे होने पर शाह ने संगठन से आग्रह किया कि वह सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के संदर्भ में अपने योगदान की दिशा पर पुनर्विचार करे।

कांग्रेस के स्थापना दिवस पर बोले खरगे

कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस

# सत्ता कम हो सकती है, पर रीढ़ सीधी है, धर्म के नाम पर कभी वोट नहीं मांगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा और मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में खरगे ने कहा कि जो लोग कहते हैं कांग्रेस खत्म हो गई है, उन्हें यह समझना चाहिए कि कांग्रेस की सत्ता कम हो सकती है, लेकिन उसकी रीढ़ आज भी सीधी है। कांग्रेस ने कभी सत्ता के लिए सौदेबाजी नहीं की और न ही संविधान, धर्मनिरपेक्षता और गरीबों के अधिकारों से समझौता किया। हम सत्ता में न हों, लेकिन सौदेबाजी नहीं करेंगे। कांग्रेस ने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगा और न ही मंदिर-मस्जिद के नाम पर नफरत फैलाई।

### कांग्रेस जोड़ने का काम करती है

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जोड़ने का काम करती है, जबकि भाजपा तोड़ने की राजनीति करती है। कांग्रेस ने हमेशा धर्म को




स्थापना दिवस पर खरगे

आस्था तक सीमित रखा, लेकिन कुछ लोगों ने धर्म को राजनीति का हथियार बना दिया। आज भाजपा के पास सत्ता है, लेकिन सच्चाई नहीं है। यही वजह है कि कभी आंकड़े छिपाए जाते हैं, कभी जनगणना रोकी जाती है और कभी संविधान बदलने की बातें की जाती हैं। मोदी सरकार ने कांग्रेस द्वारा बनाए गए संस्थानों को कमजोर किया है। राष्ट्रीय संपदा के साथ-साथ जल, जंगल और जमीन भी खतरे में है।

### ट्रांसपोर्ट मंत्री हूं... पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम करेंगे

**नागपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पेट्रोल और डीजल के विकल्पों को



लेकर कहा कि वह ट्रांसपोर्ट मंत्री हैं और उन्होंने पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम करने के लिए सख्त रुख अपनाया है। मैं ट्रांसपोर्ट मंत्री हूं। मैंने डंडा लगाया है। डीजल और पेट्रोल बंद करो वरना यूरो 6 के इमिशन नॉर्म्स लगाऊंगा। अब ट्रैक्टर कंपनियों ने फ्लेक्स इंजन तकनीक पर काम शुरू कर दिया है। इथेनॉल और सीएनजी वाले इंजन तैयार हो चुके हैं।

जमुई के पास मालगाड़ी के 17 डिब्बे पटरी से उतरे

जसीडीह-झाझा पर हादसा

# 13 घंटे से रेल परिचालन ठप, कई ट्रेनें रद्द तो 9 को किया गया डायवर्ट

एजेंसी ▶▶ जमुई

जिले के जसीडीह-झाझा मुख्य रेलखंड पर शनिवार रात करीब 11:40 बजे बड़ा रेल हादसा हो गया। आसनसोल की ओर से झाझा जा रही अपलाइन मालगाड़ी टेलवा बाजार हॉल्ट के पास बरुआ नदी पुल के समीप पटरी से उतर गई। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के कुल 17 डिब्बे डिरेल हो गए। इनमें से 10 डिब्बे रेलवे ब्रिज पर ही पलट गए, जबकि 3 डिब्बे नीचे बरुआ नदी में जा गिरे। शेष डिब्बे ट्रैक के आसपास बिखर गए, जिससे पूरा रेलखंड अवरुद्ध हो गया। हादसे से करीब 30 मिनट पहले इसी ट्रैक से पूर्वांचल एक्सप्रेस गुजरी थी। यह ट्रेन गोरखपुर से कोलकाता जा रही थी।

### 3 डिब्बे बरुआ नदी में गिरे

हादसे के बाद जसीडीह-किऊल रेलखंड पर रेल परिचालन ठप हो गया। लाइनें 13 घंटे से अधिक समय से प्रभावित हैं। कई



यात्री और मालगाड़ियां जसीडीह, सिमुलतला सहित आसपास के स्टेशनों पर रोक दी गई। पटना से हावड़ा जाने वाला प्रमुख रेल रूट भी बाधित हो गया है। रेलवे ने सुरक्षा और परिचालन कारणों से कई ट्रेनों को रद्द और डायवर्ट किया है। मुजफ्फरपुर से हावड़ा जाने वाली 13020 बाघ एक्सप्रेस को 16 स्टेशनों पर कैंसिल कर दिया गया है, जबकि इसे बरौनी से ही डायवर्ट किया गया। 13019 बाघ एक्सप्रेस को अंडाल से किऊल के बीच रद्द कर दिया गया।

मणिकम ने अल-कायदा से की संघ की तुलना

भाजपा ने किया पलटवार

# वोट बैंक की राजनीति कर रही कांग्रेस, बांग्लादेश पर चुप्पी क्यों?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की तरफ से पीएम नरेंद्र की तस्वीर साझा करना और आरएसएस संगठन की तारीफ को लेकर देशभर में चर्चा तेज है। ऐसे में जब कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोन ने आरएसएस पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया और संघ की तुलना अल-कायदा से की, तब भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब वोट बैंक की राजनीति में इतनी उलझ गई है कि वह देशभक्ति और राष्ट्रीय संस्थाओं का



भाजपा प्रवक्ता शबहजाद पूनावाला

अपमान कर रही है। कांग्रेस ने पहले हिंदू, सनातन धर्म, सेना और भारत का अपमान किया और अब राष्ट्रीय सेवा में सैकड़ों साल काम करने वाली संस्था को भी आतंकवादी कहकर निशाना बना रही है। कांग्रेस बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों पर कुछ नहीं बोलती।

### उनका बयान राष्ट्रभक्तों का अपमान

पूनावाला ने कहा कि बयान सभी राष्ट्रभक्तों के लिए अपमानजनक है। उन्हें देश के लिए समर्पित संस्थाओं का सम्मान करना चाहिए। मामला तब शुरू हुआ जब कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की तरफ से आरएसएस की संगठनात्मक ताकत की तारीफ करने पर प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस सांसद ने कहा था कि आरएसएस एक घृणा पर आधारित संगठन है, जो नफरत फैलाता है।

पश्चिमी विक्षोभ से पश्चिम से लेकर पूर्वोत्तर तक का मौसम बदला

# पहाड़ों पर भारी हिमपात, मैदान में कोहरे का कहर

## जनजीवन बुरी तरह प्रभावित, आवागमन हो रहा कठिन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पश्चिम से लेकर पूर्वोत्तर तक हिमालयी क्षेत्रों में मौसम बदल गया है। कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की चोटियों पर हिमपात हुआ है। वहीं, मैदान में कोहरे के कहर और शीत लहर ने जनजीवन बुरी तरह प्रभावित किया है। उत्तर प्रदेश के 18 समेत देश के विभिन्न राज्यों में 30 से अधिक जिलों में शनिवार सुबह कई जगह दृश्यता शून्य से 50 मीटर रही। इसका सीधा असर सड़क, रेल और हवाई यातायात पर पड़ा। कई ट्रेनें देरी से चलीं और उड़ानों पर भी असर पड़ा।

शीतलहर-बारिश का अलर्ट



दिल्ली में कोहरे से दृश्यता बहुत कम रही

### जलियांवाला बाग एक्सप्रेस सहित 6 ट्रेनें 3 मार्च तक रद्द

**चक्रधरपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने घने कोहरे का पूर्वानुमान को लेकर चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली लंबी दूरी की 6 ट्रेनों को दिसंबर 2025 से लेकर 3 मार्च 2026 तक रद करने की अधिसूचना पत्र जारी कर दिया है। मालूम रहे की टाटा अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस को रद तिथियों में चलाने को लेकर स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने रेल मंत्री को पत्र लिखा है।

### 12 घंटे का सफर 25 घंटे में पूरा

कोहरे के कारण जहां सामान्य तौर पर पटना पहुंचने में 12 घंटे लगते हैं। वहीं यात्रियों को इस बार 25 घंटे का सफर करना पड़ा। सिर्फ संपूर्ण क्रांति ही नहीं, बल्कि कई प्रमुख ट्रेनें घंटों देरी से चलती रहीं।

### सड़क हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**सीवान।** जिले में घने कोहरे का कहर जारी है। लकड़ी नबीगंज थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। उत्तर प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शीतलहर को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने 15 दिनों के शीतकालीन अवकाश दिया है।

## पाक का दावा: ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाक पर 80 ड्रोन दागे

# पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी का कबूलनामा कहा- ऑपरेशन सिंदूर के चलते... हम सब बंकर में छिपने को हो गए थे मजबूर

### *मिलिट्री सेक्रेटरी ने जरदारी को सुरक्षा के लिए बंकर में जाने की सलाह दी थी*

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने मई की शुरुआत में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में मौजूद पहले आतंकी ढांचों और फिर सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। अब इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का बड़ा कुबुलनामा सामने आया है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए जरदारी ने स्वीकार किया कि भारत की कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व में डर का माहौल था। उन्होंने बताया कि भारतीय हमलों के समय उनके मिलिट्री सेक्रेटरी ने उन्हें सुरक्षा के लिए बंकर में जाने की सलाह दी थी। जरदारी के मुताबिक, मेरे मिलिट्री सेक्रेटरी मेरे पास आए और कहा कि जंग शुरू हो गई है। उन्होंने मुझसे कहा कि हमें बंकर में चलना चाहिए। लेकिन मैंने मना कर दिया। हालांकि, इस बयान के जरिए यह साफ हो गया कि भारत की जवाबी कार्रवाई इतनी गंभीर थी कि पाकिस्तान के राष्ट्रपति तक को सुरक्षित ठिकाने में जाने की सलाह दी गई।



**फिर भी... पाकिस्तान बहुत कुछ छिपा रहा है**

## पाक विदेश मंत्री डार पर ढिल्लों का पलटवार, कहा- 400 की हुई थी मौत

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार के हालिया बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भारत के लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केजेएस ढिल्लों ने पाकिस्तान के दावों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि इशाक डार आदतन झूठ बोलते हैं, लेकिन कई बार अनजाने में सच्चाई भी उजागर कर देते हैं।लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लों ने कहा कि पाकिस्तान यह दावा कर रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान पर 80 ड्रोन दागे, जिनमें से 79 को उनकी सेना ने निष्क्रिय कर दिया और केवल एक ड्रोन ने नूर खान एयरबेस पर गिरा था, जिससे मामूली नुकसान हुआ है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की अपनी मीडिया संस्था समा टीवी ने 14 अगस्त 2025 को यानी पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर 138 ऐसे सैन्यकर्मियों की सूची प्रकाशित की थी जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय कार्रवाई के दौरान मारे जाने के बाद मरणोपरांत वीरता पुरस्कार दिए गए। ढिल्लों के मुताबिक यदि 138 लोगों को मरणोपरांत सम्मान दिया गया।



### *पाक के विदेश मंत्री बोले- हमारा तो नूर खान एयरबेस ही ध्वस्त हो गया*

*पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने अब खुद कंफर्म किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की स्ट्राइक में उनका नूरखान एयरबेस डेमेज हो गया है। नूरखान एयरबेस रावलपिंडी में है। साल के आखिर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में इशाक डार ने ऑपरेशन सिंदूर में हुए नुकसान को कबूल करते हुए कहा कि इस दौरान वहां तैनात जवान भी घायल हो गए थे। इशाक डार ने कहा, भारत ने थोड़े ही समय में बड़ी संख्या में ड्रोन पाकिस्तानी क्षेत्र में दागे। उन्होंने दावा किया कि कम से कम 80 ड्रोन 36 घंटों के भीतर सीमा पार कर गए।*



**खबर संक्षेप**

### अब कंफर्म टिकट की तारीख बदल सकेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे द्वारा घोषित नए नियमों के अनुसार, अब ऑनलाइन टिकट बुकिंग के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव आने वाला है। सबसे बड़ा बदलाव टिकट रिशेड्यूलिंग को लेकर है। अब तक अगर आपको अपनी यात्रा की तारीख बदलनी होती थी, तो आपको पुराना टिकट कैंसिल करना पड़ता था और भारी कैंसिलेशन चार्ज देना होता था। लेकिन 1 जनवरी 2026 से आप बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपने कन्फर्म टिकट की तारीख ऑनलाइन बदल सकेंगे। हालांकि, यह सुविधा केवल उसी स्थिति में मिलेगी जब नई तारीख पर सीट खाली हो।



### दक्षिण अफ्रीका में इमारत गिरने से तीन की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पश्चिम में स्थित सोवेटो उपनगर में रविवार तड़के दो मंजिला इमारत के ढहने से एक साल के बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में तीन अन्य लोग घायल हो गए और उनका उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि इमारत ढहने के समय उसके भीतर कुल छह लोग मौजूद थे, टीम ने मलबे के नीचे फंसे तीन घायलों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रवक्ता जोलिले खुमालो ने कहा इस दुखद घटना में तीन लोगों की मौत हो गई।



## ढाका पुलिस का दावा- हादी के हत्यारे मेघालय बॉर्डर के रास्ते भारत भागे

# भारतीय इंटेलिजेंस ने किया खारिज, कहा- भारतीय धरती पर उनकी मौजूदगी की कोई पुष्टि नहीं हुई

### ◆ भारत और अवामी लीग के मुखर आलोचक थे उस्मान हादी

### ◆ बांग्लादेश लगातार भारत के खिलाफ चला रहा है फेक न्यूज

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

*भारत-बांग्लादेश के बीच एक नया विवाद जन्म ले रहा है। दरअसल ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस ने दावा किया है कि बांग्लादेश के युवा नेता उस्माद हादी के हत्यारे सीमा पार करके भारत में घुस आए हैं और मेघालय पुलिस की गिरफ्त में हैं।*

*अब भारत के शीर्ष खुफिया अधिकारियों ने कहा है कि ऐसी किसी भी जानकारी की आधिकारिक पुष्टि उनके पास नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, अब तक ढाका को जो जानकारी दी गई है, वह सीमा पर गतिविधियों और मददगारों की निगरानी से जुड़ी है, न कि आरोपियों की गिरफ्तारी से। शीर्ष खुफिया अधिकारियों ने कहा है कि शरीफ उस्मान हादी की हत्या के मुख्य दो आरोपियों के भारत में पकड़े जाने या भारतीय धरती पर उनकी मौजूदगी की कोई पुष्टि नहीं है।*



*खुफिया एजेंसियों ने साफ किया कि ढाका पुलिस के साथ सहयोग जारी है, लेकिन इस समय मेघालय पुलिस की हिरासत में आरोपियों के होने के कोई सबूत नहीं मिले हैं। आंकलन के मुताबिक आरोपी हलुआघाट–दक्षिण गारो हिल्स इलाके के अनौपचारिक सीमा मार्गों से निकले हो सकते हैं, जिनका अक्सर तस्कर और अवैध प्रवासी इस्तेमाल करते हैं। सूत्रों ने बताया कि ढाका पुलिस ने मेघालय पुलिस से संपर्क जरूर किया है, लेकिन भारत की तरफ अब तक न तो कोई संदिग्ध गतिविधि पकड़ी गई है और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है।*

### ढाका पुलिस ने कहा- आरोपियों के प्रत्यार्पण के लिए भारत से हो रही बात

***बांग्लादेश पुलिस का कहना है कि हादी के हत्यारे मेघालय के रास्ते से भारत में प्रवेश हुए हैं उनके वहीं होने की जानकारी सामने आ रही है***

*ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) का कहना है कि हत्या के मुख्य आरोपी- कथित शूटर फैसल करीम मसूद और उसका साथी आलमगीर शेख, हत्या के तुरंत बाद बांग्लादेश से भागकर भारत आ गए। रविवार को मीडिया ब्रीफिंग में डीएमपी के अतिरिक्त आयुक्त एस. एन. नजरुल इस्लाम ने बताया कि दोनों आरोपी मयमनसिंह के हलुआघाट सीमा क्षेत्र से होते हुए भारत के मेघालय में दाखिल हुए। उनके मुताबिक सीमा पार कराने के लिए पहले से तय नेटवर्क काम कर रहा था। बांग्लादेश की तरफ से मददगारों ने उन्हें सीमा तक पहुंचाया, जहां भारत की तरफ पूर्ति नाम के व्यक्ति ने उन्हें लिया। इसके बाद टैक्सी चालक सामी उन्हें मेघालय के तुरा में छोड़ा। डीएमपी का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण के लिए भारत के साथ लगातार बातचीत चल रही है।*



ढाका पुलिस सच्चाई वाला कोई भी प्रमाण सामने नहीं रख पाई

### मेघालय पुलिस ने कहा- आरोपियों का कोई पता नहीं है, फिर बातचीत किस बात की?

***भारतीय अधिकारी बांग्लादेश के साथ सहयोग करने को तैयार हैं केवल सही जानकारी के आधार पर। फेक न्यूज के आधार पर नहीं***

*मेघालय पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश पुलिस से कोई औपचारिक या अनौपचारिक सूचना नहीं मिली है। गारो हिल्स क्षेत्र में आरोपियों का कोई पता नहीं चला और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है। जब ऐसा कुछ है ही नहीं तो बातचीत किस बात की। हालांकि, मेघालय पुलिस ने सीमा की निगरानी बढ़ा दी है और इंटेलिजेंस से जुड़े सूत्रों को सक्रिय कर दिया है। भारतीय अधिकारी बांग्लादेश के साथ सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन केवल सही जानकारी के आधार पर। बीएसएफ के अधिकारियों ने कहना है कि यह फेक न्यूज से जुड़ा पहला मामला नहीं है। करीब दो हफ्ते पहले भी बांग्लादेशी मीडिया से एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें दावा किया गया था कि बीएसएफ ने दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को गोली मारी और उनकी मौत हो गई है। इस आरोप को भी भारतीय अधिकारियों ने जांच के बाद पूरी तरह खारिज कर दिया था।*



*न्यू ईयर- 2026 के जश्न पर हमले की आशंका*

## आतंकी हमले का खतरा, कई शहरों ने सेलिब्रेशन किए रद्द

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

नव वर्ष 2026 का स्वागत करने की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कई जगहों पर पर्यटक पहले से ही पहुंचने लगे हैं। लेकिन इस बीच कई प्रमुख शहरों में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है या सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके पीछे का कारण आतंकी खतरों, हाल की हिंसक घटनाओं और बड़ी भीड़ से जुड़े जोखिमों सहित सार्वजनिक सुरक्षा की चिंताएं हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, ये निर्णय एहतियाती हैं और इनका मकसद सामूहिक समारोहों से जुड़े खतरों को कम करना है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी संघीय अधिकारियों ने लॉस एंजिल्स में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर कथित बम विस्फोट की साजिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि मोजावे रेगिस्तान में हमले का पूर्वाभ्यास करते समय चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था। लॉस एंजिल्स में बम धमाके की नाकाम साजिश ने चिंताएं और बढ़ा दी हैं। एफबीआई ने बताया कि संदिग्ध कई स्थानों पर तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों से समन्वित हमले की योजना बना रहे थे।

प्रथम सहायक अमेरिकी अटॉर्नी बिल एस्सेली ने कहा कि जांचकर्ताओं ने साजिश को अंजाम देने से पहले ही हस्तक्षेप कर दिया। सभी संदिग्ध लॉस एंजिल्स क्षेत्र के निवासी हैं और उन पर आरोप लगाए गए हैं। लॉस एंजिल्स शहर के अधिकारियों ने समारोह रद्द नहीं किए, लेकिन सुरक्षा योजना की लगातार समीक्षा की जा रही है।



### पेरिस,सिडनी और टोक्यो में कॉन्सर्ट रद्द

*पेरिस में पुलिस के अनुरोध पर शहर के अधिकारियों ने चैंप्स-एलिसीज पर होने वाला नव वर्ष की पूर्व संध्या का संगीत कार्यक्रम रद्द कर दिया। इसके पीछे का कारण है भीड़ की अनिश्चित आवाजाही और भगदड़ का खतरा। आर्क डी ट्रायम्फ पर आतिशबाजी का कार्यक्रम जारी रहेगा, लेकिन लाइव प्रदर्शन के बजाय पहले से रिकॉर्डेड संगीत प्रसारित सिडनी में इस महीने की शुरुआत में बॉन्डी बीच पर हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद बॉन्डी बीच पर नव वर्ष की पूर्व संध्या के कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। वेवरली काउंसिल ने कहा कि यह निर्णय जमीनी स्थिति और जन सुरक्षा की चिंताओं के कारण लिया गया। आयोजकों ने इसे शहर के यहूदी समुदाय के साथ एकजुटता दिखाने के रूप में भी बताया। वहीं, टोक्यो में अधिकारियों ने भीड़भाड़ और संभावित हमलों के जोखिमों का हवाला देते हुए शिबुया नव वर्ष की पूर्व संध्या की उलटी गिनती रद्द कर दी। शिबुया वार्ड के मेयर केन हासेबे ने कहा कि अधिकारी भीड़ दुर्घटनाओं और अव्यवस्था को रोकने पर फोकस कर रहे हैं।*

## आतंक के खिलाफ सरकार की बड़ी तैयारी

# सभी राज्यों में होगा एक जैसा आतंकवाद-विरोधी दस्ता: शाह

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के आतंकवाद विरोधी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता' नीति को दोहराया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों को एक समान आतंकवाद विरोधी ढांचा शीघ्रता से लागू करने का निर्देश दिया।

गृह मंत्री ने राज्यों को भारत की आतंकवाद-विरोधी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एकसमान आतंकवाद-विरोधी दस्ते (एटीएस) संरचना को शीघ्रता से लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि पूरे देश में एक मजबूत, एकसमान और सुसंगत परिचालन क्षमता के बिना हम खुफिया जानकारी का उचित उपयोग और प्रभावी समन्वित जवाबी कार्रवाई सुनिश्चित नहीं कर सकते। गृह मंत्री ने पहलगाम और दिल्ली के लाल किले पर हुए दो आतंकी हमलों में विभिन्न एजेंसियों और राज्य पुलिस बलों की सफल कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहलगाम लक्षित हमले के मामले में इन एजेंसियों की गहन कार्रवाई ने देश को गौरवान्वित किया है।



एनआईए के सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री अमित शाह( मध्य में)

*शांति के लिए एक और कोशिश*

## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और ट्रंप ने बैठकर किया मंथन

**एजेंसी ▶▶ फ्लोरिडा**

रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष शुरू हुए चार साल होने वाले हैं। इस बीच दोनों पक्षों की ओर से शांति की सभी कोशिशें अब तक नाकाम रही हैं।

अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध को जल्द खत्म करने के दबाव और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से पीछे न हटने की चेतावनी के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की कुछ दबाव में दिखने लगे हैं।

इसका असर यह हुआ है कि जेलेंस्की अब रविवार को ट्रंप के साथ एक बार फिर संघर्ष रुकवाने के लिए शांति समझौते के प्रस्ताव के साथ चर्चा हुई है। दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच नतीजा क्या निकला फिलहाल अधिकृत तौर पर सामने नहीं आया है।रूस-यूक्रेन में युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिकी मध्यस्थता के साथ शांति वार्ता हुई है। वहीं दूसरी ओर जमीन पर जबरदस्त युद्ध भी चल रहा है।



**67,000 पाउंड मुआवजा देने का आदेश**

## लंदन में भारतीय ने जीता केएफसी के खिलाफ नस्लीय भेदभाव का मुकदमा

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

ब्रिटेन के लंदन में केएफसी फ्रेंचाइजी आउटलेट में अपने मैनेजर पर गलत तरीके से बर्खास्तगी और नस्ली भेदभाव का आरोप लगाने वाले भारतीय ने न्यायाधिकरण में मुकदमा जीत लिया है। न्यायाधिकरण ने फैसले में 67,000 पाउंड का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

तमिलनाडु के रहने वाले मधेश रविचंद्रन ने रोजगार न्यायाधिकरण की सुनवाई में कहा कि उनके श्रीलंकाई मूल के तमिल बास ने भेदभाव किया और उन्हें गुलाम जैसे शब्दों से संबोधित किया। न्यायाधीश पाल एबॉट ने नेक्सस फूड्स लिमिटेड के खिलाफ रविचंद्रन के गलत तरीके से बर्खास्तगी और नस्ली भेदभाव के दावे को सही ठहराया। फैसले में कहा गया, "हमने तथ्यों के आधार पर पाया है कि शिकायतकर्ता के साथ अनुचित व्यवहार किया गया उसकी छुट्टी का अनुरोध इसलिए अस्वीकार कर दिया गया क्योंकि वह भारतीय था और रेस्तरां प्रबंधक काजन श्रीलंकाई तमिल सहकर्मियों के अनुरोधों को प्राथमिकता देना चाहता था। उसने उसे गंदा और गुलाम कहा, जो स्पष्ट रूप से उसकी नस्ल के कारण अनुचित व्यवहार है।

जनवरी 2023 में रविचंद्रन ने वेस्ट विकहम स्थित केएफसी आउटलेट में काम शुरू किया। काजन को उन्हें सीधे रिपोर्ट करना था। कई महीनों तक समस्याओं का सामना करने के बाद जुलाई 2023 में मामला तब और बिगड़ गया।




*आरक्षण विरोधी आंदोलन के बीच प्रशासन का बड़ा एक्शन*

# कश्मीर में महबूबा मुफ्ती सहित कई नेता किए गए हाउस अरेस्ट

**एजेंसी ▶▶ जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में आरक्षण नीति के खिलाफ छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बीच पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती और नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद आगा सैयद मेहदी सहित कई नेताओं को नजरबंद किया गया है।

अधिकारियों ने इस बाबत बताया कि महबूबा मुफ्ती, उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती, श्रीनगर के सांसद रुहुल्लाह मेहदी, पीडीपी नेता वहीद पारा और श्रीनगर के पूर्व मेयर जुनैद मट्टू को नज़रबंद किया गया है। यह कदम तब उठाया गया जब इन नेताओं ने उन छात्रों के साथ एकजुटता दिखाई, जिन्होंने रविवार को गुपकार रोड पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने की योजना बनाई थी और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा इस मुद्दे को हल करने के लिए एक समिति बनाने के एक साल बाद कोटा नीति को तर्कसंगत बनाने में देरी के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने का इरादा जताया था। बता दें कि उमर कैबिनेट ने जम्मू-कश्मीर में आरक्षण नीति में बदलाव करते हुए सामान्य वर्ग के हिस्से में न्यूनतम 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की तैयारी की है।

इसके लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) और दुर्गम पिछड़ा इलाका (रिमोट बैकवर्ड एरिया-आरबीए) वर्ग के कोटे पर कथित तौर पर कैंची चलाई गई है। यही कारण है कि इसका विरोध हो रहा है।



## उल्टा पड़ गया ट्रंप का टैरिफ वाला दांव, अब भुगत रहा अमेरिका

### पिछले साल से दिवालिया होने वाली कंपनियों की संख्या बढ़ी

# अमेरिका में चौतरफा दिख रहा दिवालियापन 777 से ज्यादा कंपनियों की हालत हुई खस्ता

**एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ दांव उल्टा पड़ गया। ट्रंप के टैरिफ से हर सेक्टर में कंपनियां बंद होने के कगार पर पहुंच गई हैं। दिवालियापन के लिए आवेदन करने वालों का आंकड़ा 2024 के बाद से लगातार बढ़ा है। 11 महीने में 14% ऐसे केस बढ़ गए हैं।

अमेरिका को चमकाने के नाम पर ट्रंप टैरिफ लगाकर रेवेन्यू बढ़ाने के कितने भी दावे अमेरिकी राष्ट्रपति करें लेकिन असलियत इससे कोसों दूर है। अमेरिका की कंपनियों पर इन टैरिफ का इतना बुरा असर पड़ा है कि 2025 में अब तक दिवालियापन के लिए आवेदन करने वाली कंपनियों का आंकड़ा पिछले साल की तुलना में करीब 14 प्रतिशत ज्यादा है। इसे 15 साल में सबसे ज्यादा बताया जा रहा है। महंगाई के कारण स्थिति और बिगड़ गई। राष्ट्रपति ट्रंप का रेवेन्यू जेनरेट करने का दावा उल्टा पड़ गया है और अमेरिकी राष्ट्रपति की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। रिपोर्ट में दि वॉशिंगटन पोस्ट के हवाले से बताया गया कि ट्रंप का टैरिफ लगने के बाद से इस साल अमेरिकी कंपनियों के दिवालियापन के लिए आवेदन करने वालों का आंकड़ा बढ़ा है। अमेरिका में 15 साल पहले जो महामंदी आई थी, उस दौरान जो दिवालिया होने वाली कंपनियों की संख्या के बराबर इस साल 2025 में दिवालिया होने वाली कंपनियों के बराबर पहुंच गई हैं। आंकड़े बताते हैं कि चैप्टर 7 या चैप्टर 11 के तहत केवल जनवरी से नवंबर के बीच 717 कंपनियों ने दिवालियापन के लिए आवेदन किया। चैप्टर 11 के तहत कंपनी का परिचालन जारी रहता है, जबकि चैप्टर 7 के तहत कंपनी बंद होती है और संपत्तियां बिक जाती है।

**रेवेन्यू बढ़ाने के ट्रंप के दावों की खुल गई पोल**



### 70 हजार नौकरियां हो गईं खत्म

आयात पर निर्भर अमेरिकी कंपनियों पर ट्रंप के टैरिफ का ज्यादा बुरा असर पड़ा। दिवालियापन की कगार पर पहुंची कंपनियां ज्यादातर इंडस्ट्रियल सेक्टर से जुड़ी थीं। परिवहन, विनिर्माण और निर्माण कंपनियों पर टैरिफ का सबसे बुरा असर देखने को मिला। इसके अलावा अन्य सेक्टर्स को भी बढ़े टैरिफ के चलते बुरी तरह प्रभावित किया। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एक वर्ष की अवधि में 70,000 से अधिक जॉब भी खत्म हो गई।

# वो घटनाएं जो हर भारतीय को ताउम्र रेंगी याद


## दे गईं जीवनभर का दर्द

साल 2025 इंडिया के लिए त्रासदियों भरा रहा। 2025 में भारत में वो 5 घटनाएं हुई हैं, जो देशवासियों के जेहन में दर्ज हो गई हैं। जिसमें प्रयागराज महाकुंभ भगदड़, अहमदाबाद विमान हादसा, पहलगाम आतंकी हमला, नई दिल्ली भगदड़ और दिल्ली आतंकी हमला शामिल हैं।




### प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़

दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला प्रयागराज महाकुंभ, वैसे तो सफल रहा। लेकिन, 29 जनवरी 2025 को महाकुंभ में जो भगदड़ मची उसने एक दाग लगा दिया। जिसमें करीब 40 लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों घायल हुए थे। यह हादसा मौनी अमावस्या के दिन अमृत स्नान के दौरान हुआ था।




### अहमदाबाद विमान हादसा

22 अप्रैल 2025 भारत के लिए कभी नहीं भूलने वाली तारीख है। इस दिन जम्मू कश्मीर के पुलवामा में पर्यटकों पर आतंकियों ने हमला किया था। जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए तैयबा के एक संगठन ने ली थी।




### पुलवामा में पर्यटकों पर आतंकी हमला

22 अप्रैल 2025 भारत के लिए कभी नहीं भूलने वाली तारीख है। इस दिन जम्मू कश्मीर के पुलवामा में पर्यटकों पर आतंकियों ने हमला किया था। जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए तैयबा के एक संगठन ने ली थी।




### दिल्ली लाल किला आतंकी हमला

19 नवंबर को दिल्ली के लाल किले के पास एक भयानक आतंकी धमाका हुआ , जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इस अटैक में 12 लोगों की मौत हुई थी। जिसे आत्मघाती हमला भी कहा गया, धमाके करने के आरोप में जिन 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया, उसमें 3 तो डॉक्टर हैं।




### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़

15 फरवरी 2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हुई थी। यह लोग प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। लेकिन ट्रेन का प्लेटफार्म बदलने चलते यह भगदड़ मच गई थी।

## ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली



डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को एक बार फिर दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश की सत्ता संभाल ली। उन्होंने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। भारतीय समय अनुसार, रात लगभग 10.30 बजे ट्रंप ने यूएस कैपिटल के अंदर बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश जान रॉबर्ट्स ने उन्हें शपथ दिलाई। ट्रंप से पहले उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने शपथ ली थी।




दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की है। बीजेपी ने 70 में से 48 सीटें जीती हैं, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) को 22 सीटें मिली हैं। रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री बनीं। उनका राजनीतिक सफर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से शुरू हुआ। वे दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की सचिव और अध्यक्ष रहीं। शालीमार बाग सीट से पहली बार विधायक चुनी गई रेखा गुप्ता ने 20 फरवरी 2025 को शपथ ली।

## सुनीता विलियम्स की धरती पर वापसी



अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर अन्य दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल के ज़रिए पृथ्वी पर लौटे। 2024 के जून में सिर्फ आठ दिनों के लिए स्पेस स्टेशन गए थे, लेकिन जो स्टारलाइनर यान उन्हें वापस धरती पर लाने वाला था, वो खराब हो गया था इसलिए उन्हें इतना लंबा इंतजार करना पड़ा। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का ड्रैगन कैप्सूल फ्लोरिडा के तट पर सुरक्षित रूप से उतारा।

## यादों में रेंहगे ये नाम, साल 2025 में दुनिया छोड़ गए ये भारतीय दिग्गज

साल 2025 में भारत ने कई दिग्गज हस्तियों को खो दिया। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, देशभक्ति सिनेमा के प्रतीक मनोज कुमार, सुपरस्टार धर्मेंद्र, अभिनेता पंकज धीर, ज़ुबीन गर्ग, प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार और शिवराज पाटिल जैसी हस्तियों के निधन से राजनीति और मनोरंजन जगत में गहरा शून्य रह गया।

### मनोज कुमार


**देशभक्ति सिनेमा का चेहरा**



'भारत कुमार' के नाम से मशहूर मनोज कुमार का 4 अप्रैल 2025 को 87 वर्ष की आयु में निधन हुआ। 1960-70 के दशक में उन्होंने हिंदी सिनेमा को देशभक्ति की नई पहचान दी।

### धर्मेंद्र

**सिनेमा का चलता-फिरता इतिहास**




धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को 89 वर्ष की उम्र में निधन हुआ। रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और गंभीर अभिनय, हर दौर में प्रासंगिक रहे धर्मेंद्र का जाना हिंदी सिनेमा के एक जीवंत अध्याय का अंत लगा।

### ज़ुबीन गर्ग

**असम की आवाज़ देश की पहचान**

ज़ुबीन गर्ग असम के सबसे बड़े सांस्कृतिक प्रतीक थे, जिन्होंने असमिया के साथ-साथ हिंदी, बंगाली और कई अन्य भाषाओं में गायन किया। 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में उनके निधन से संगीत जगत ने एक सशक्त और आत्मीय आवाज़ खो दी।





### सुलक्षणा पंडित

**अभिनय और सुरों का संगम**

हिंदी फिल्मों की अभिनेत्री और सफल पार्श्व गायिका सुलक्षणा पंडित का 7 नवंबर 2025 को निधन हुआ। उन्होंने अभिनय के साथ-साथ अपनी मधुर आवाज़ से भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई।



### सतीश शाह: सादगी में छिपा हास्य

सतीश शाह का 25 अक्टूबर 2025 को 74 वर्ष की आयु में निधन हुआ। फिल्मों और 'साराभाई **vs** साराभाई' जैसे टीवी शोज़ में उन्होंने साबित किया कि बिना ऊँची आवाज़ के भी गहरी कॉमेडी की जा सकती है।

### देब मुखर्जी

**सिनेमा की विरासत का शांत स्तंभ**

देब मुखर्जी का 14 मार्च 2025 को 83 वर्ष की उम्र में निधन हुआ। मुखर्जी-समर्थ परिवार से जुड़े देब मुखर्जी शोर से दूर रहकर अभिनय की गरिमा निभाने वाले कलाकार थे और वे निर्देशक अयान मुखर्जी के पिता भी थे।



### गोवर्धन असरानी

**सदाबहार हास्य सम्राट**

असरानी, जिन्हें लोग सिर्फ उनके नाम से पहचानते थे, का 20 अक्टूबर 2025 को 84 वर्ष की उम्र में निधन हुआ। 'शोले' के जेलर से लेकर 70-90 के दशक की अनगिनत कॉमिक भूमिकाओं तक, वे बॉलीवुड के सबसे प्रिय चरित्र कलाकारों में रहे।



लगातार मारपीट की घटनाएं, मनमानी ड्यूटी और शासकीय अवकाशों में भी जबरन काम का विरोध

# ननि के अधिकारी-कर्मचारी आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि जबलपुर।

नगर निगम जबलपुर के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी आज 29 दिसंबर 2025 से अनिश्चितकालीन काम-बंद हड़ताल पर जा रहे हैं। निगम के विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त रूप से यह घोषणा करते हुए कहा है कि लगातार हो रही मारपीट की घटनाएं, मनमानी ड्यूटी व्यवस्था और शासकीय अवकाशों में भी जबरन काम कराए जाने के कारण कर्मचारी शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि निगम प्रशासन को पूर्व में कई बार ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन अब तक किसी भी मांग पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। इसी के विरोध में सभी अधिकारी-कर्मचारी सामूहिक रूप से कार्य-बहिष्कार करेंगे। कर्मचारी संगठनों ने बताया कि हाल ही में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारी संचालकों द्वारा निगम के सीएसआई संतोष माहौर, सुपरवाइजर एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। इस घटना के बाद एफआईआर दर्ज कराने के लिए कर्मचारियों को 5 से 6 घंटे तक थाने में बैठना पड़ा, बावजूद इसके अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इसके अलावा निगम कर्मचारियों से नियमित रूप से रविवार और शासकीय अवकाशों में भी काम कराया जा रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि 8 घंटे की निर्धारित ड्यूटी के स्थान पर उनसे 14 से 15 घंटे तक काम लिया जा रहा है, जिससे वे मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान हैं। संगठनों ने यह भी कहा कि पूर्व में दिए गए ज्ञापनों और संघ पत्र क्रमांक 2025/72 दिनांक 31/11/2025 पर निगम प्रशासन द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे कर्मचारियों में प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष गहराता जा रहा है।




### कर्मचारियों की मुख्य मांगें

हड़ताल पर जा रहे कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगों में चालानी एवं फील्ड कार्रवाई के दौरान पुलिस बल की अनिवार्य उपलब्धता, अवकाश के दिनों में अनावश्यक कार्य बंद करने, मारपीट की घटनाओं में शामिल आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और निगम कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग रखी है। कर्मचारी संगठनों ने स्पष्ट किया है कि हड़ताल की अवधि में यदि किसी प्रकार की अव्यवस्था, कार्य बाधा या अन्य अप्रिय घटना होती है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन की होगी।

### इनका रहेगा समर्थन

इस अनिश्चितकालीन हड़ताल में नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी संघ, नगर निगम अजाक्स संघ, नगर निगम चालक संघ, नगर निगम चालक यांत्रिक संघ, जल प्रदाय विभाग कर्मचारी कल्याण संघ सहित निगम के सभी संगठन शामिल रहेंगे। संघ पदाधिकारी अमित मेहरा, राजेन्द्र पटेल, संतोष गौतम, मन्नू पटेल, अक्षय कोरी, समीम खान, होरीलाल पटेल, नायडू कोयरी, गुलशन सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी सामूहिक रूप से काम-बंद हड़ताल में भाग लेंगे। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि निगम प्रशासन की तानाशाही कार्यप्रणाली के खिलाफ यह आंदोलन मजबूरी में किया जा रहा है और जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, हड़ताल जारी रहेगी।

## रेत-गिट्टी फैलाने वाले ठेकेदार पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

**जबलपुर।** शहर की सड़कों पर अतिक्रमण और निर्माण सामग्री फैलाकर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ नगर निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। संभाग क्रमांक 02 कछपुरा के अंतर्गत आने वाले शारदा चौक क्षेत्र में रविवार एक बड़ी चालानी कार्रवाई की गई।शारदा चौक स्थित मुख्य मार्ग पर ठेकेदार लकी दुबे द्वारा सड़क पर ही रेत और गिट्टी डालकर रखी गई थी। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा था, बल्कि दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर ठेकेदार के विरुद्ध 10,000 रुपये की चालानी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान नगर निगम का स्वास्थ्य अमला पूरी मुस्तैदी के साथ उपस्थित रहा। कार्रवाई में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सचिन, स्वास्थ्य निरीक्षक अमन चतुर्वेदी, सुपरवाइजर नरसिंह मूर्ति, प्रशांतराव, अजय बिहुनिया, संतोष महतो आदि उपस्थित रहे। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मुख्य मार्गों या सार्वजनिक स्थानों पर निर्माण सामग्री (रेत, गिट्टी, ईंट आदि) फैलाकर रखने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। निगमायुक्त ने सभी संभागों को निर्देश दिए हैं कि शहर की स्वच्छता और सुगम यातायात में बाधा डालने वाले तत्वों पर निरंतर निगरानी रखी जाए और सख्त कार्रवाई की जाए।

हाईकोर्ट ने कहा-भावनात्मक संबंध नहीं तो शादी का कोई औचित्य नहीं

# प्रेम विवाह को 24 साल हो गए, 13 साल से अलग रह रहे थे पति पत्नी, तलाक मंजूर

**जबलपुर।** म.प्र. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विशाल धगट व न्यायाधीश अनुराधा शुक्ला की संयुक्तपीठ ने एक मामले में कहा कि 13 साल से एक ही छत के नीचे रहते हुए पति-पत्नी में भावनात्मक संबंध पूरी तरह से खत्म हो जाने और आपस में प्रेम और विश्वास की जगह केवल नफरत और क्रूरता 'शेष रह जाने पर विवाह को खींचना दोनों पक्षों के साथ अन्याय है,। इस मत के साथ न्यायालय ने पति-पत्नी के विवाह को शून्य घोषित करते निचली अदालत के आदेश को बदलकर तलाक की मंजूरी दे दी।



प्रकरण के मुताबिक अनूपपुर में रहने वाले शैलेंद्र ने उच्च न्यायालय में अपील दायर करते हुए कहा कि श्वेता से उसका वर्ष 2001 में प्रम विवाह हुआ था। इस शादी के कुछ सालों बाद ही पत्नी का व्यवहार बदल गया। अपील में उल्लेख किया गया कि इसके बाद 2011 से दोनों एक ही मकान में रह तो रहे हैं, लेकिन दोनों के बीच भावनात्मक संबंध पूरी तरह से खत्म हो गया है। श्वेता से तलाक लेने शैलेंद्र ने निचली अदालत में मुकदमा दाखिल किया, लेकिन उसे खारिज कर दिया गया। इस पर उच्च न्यायालय की शरण ली गई।

रिकॉर्ड और गवाहों के बयान के आधार पर न्यायालय ने कहा कि विवाद की आग में दोनों पक्षों ने मर्यादा की सीमा लांघी थी। एक दूसरे पर अनैतिक संबंधों के आरोप भी लगाए। दोनों के बीच असंसदीय भाषा में बातें की जाती थी। एक घर में अलग-अलग मंजिलों पर रह रहे। दोनों के बीच आपसी विश्वास इस कदर खत्म हो चुका था कि अब वापसी का कोई रास्ता नहीं बचा था। संयुक्तपीठ ने लव मैरिज करने के बाद भी अलग-अलग रह रहे पति-पत्नी को इस मत के साथ तलाक की मंजूरी दे दी कि कानून को मानवीय पक्ष भी देखना चाहिए, एक विवाह जो पूरी तरह से मृत हो चुका है और एक दशक से दोनों के बीच वापसी की कोई संभावना भी नहीं बची है। सुनवाई के दौरान संयुक्तपीठ ने यह भी कहा कि ऐसे विवाह को कागजों पर जीवित रखना समाज और व्यक्ति दोनों के लिए घातक है। इसके साथ न्यायालय ने कोतमा की जिला अदालत के फैसले को पलटते हुए दोनों की शादी को 23 साल बाद कानूनी रूप से शून्य घोषित कर दिया है।

## डॉ. कृष्णकांत चतुर्वेदी के नाम पर चौराहा नामकरण की मांग

**जबलपुर।** डॉ. कृष्णकांत चतुर्वेदी के नाम पर शहर में एक चौराहे का नामकरण करने की मांग को लेकर प्रसंग संस्था की बैठक रविवार को आयोजित की गई. बैठक में यह तय किया गया इस संबंध में मुख्यमंत्री एवं महापौर को ज्ञापन सौंपा जाएगा. बैठक में स्वामी राघव देवाचार्य की अध्यक्षता, स्वामी मुकुंद दास मुख्य अतिथी रहे. इस दौरान डॉ अशोक मनोध्या, अनामिका तिवारी, अमरेंद्र नारायण सिंह, निर्मला तिवारी, विनोद नयन, मथुरा जैन, मकबूल अली, रानू रूही, विनीता पांडेय आदि उपस्थित रहीं।

## छठी शरीफ पर गूंजे ग़रीब नवाज़ की शान में कलाम



**जबलपुर।** अजमेर शरीफ के महान सूफ़ी संत हज़रत ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती ग़रीब नवाज़ रहमतुल्लाह अलैह के उर्स की छठी शरीफ के अवसर पर शहर के मुस्लिम बहुल इलाक़ों में अकीदत व एहतराम के साथ कुल शरीफ, लंगर और महफिलों का आयोजन किया गया। दिन भर ग़रीब नवाज़ की शान में कलाम गूंजते रहे और पूरा माहौल रूहानियत से सराबोर रहा।

हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत कचहरी वाले बाबा की दरगाह में नमाज़-ए-मगरिब के बाद चादरपोशी, गुलपोशी तथा नज़र-ओ-नियाज़ पेश की गई। इस आयोजन की सरपरस्ती सज्जादानशीन बाबर ख़ान बंदानवाज़ी एवं खादिम-ए-आला चंगेज़ ख़ान अशरफ़ी ने की। रात्रि में आयोजित महफिल-ए-समा में क़व्वालों ने ख़्वाजा साहब की शान में कलाम पेश कर अकीदतमंदों को भावविभोर कर दिया।

इसी तरह मदन महल पहाड़ी पर स्थित दरबार-ए-ख़्वाजा में मुतवल्ली सूफ़ी सैय्यद क़ादिर अली क़ादरी की सदारत एवं सूफ़ी मुबारक क़ादरी की क़यादत में प्रातः कुल शरीफ का आयोजन किया गया। सायं नमाज़-ए-मगरिब के बाद क़ादरी ख़ानदान के मशहूर बुजुर्ग सूफ़ी आशिक़ अली बाबा क़ादरी अलैहिर्रहमा के आस्ताने से उनके ख़लीफ़ा व सज्जादानशीन इनायत अली क़ादरी की क़यादत में चादर शरीफ़ निकाली गई। अकीदतमंदों की मौजूदगी में चादर शरीफ़ दरबार-ए-ख़्वाजा पहुंची, जहां परम्परानुसार गुलपोशी कर चादर शरीफ़ पेश की गई।

इस अवसर पर अकीदतमंदों ने ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ की बारगाह में अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। चादर शरीफ़ पेश किए जाने के बाद नज़र-ओ-नियाज़ पेश की गई तथा तबर्रुक तक़सीम किया गया। इस आयोजन में सज्जादानशीन निज़ाम क़ादरी, ख़लीफ़ा इनायत क़ादरी, अब्बू बाबा क़ादरी, अजय अवस्थी, वरुण साहनी, दिलीप सोनकर, जवाहर क़ादरी, भूरा महाराज, आशु क़ादरी (नेताजी) सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर सूफ़ी परंपरा और आपसी सद्भाव का संदेश दिया।

### हनुमान मंदिर में तोड़फोड़, आरोपी युवक गिरफ्तार

**जबलपुर।** बरेला थाना क्षेत्र के ग्राम बिलगड़ा में रविवार को उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब एक शराबी युवक ने नशे की हालत में गौमुखधाम परिसर स्थित हनुमान मंदिर में तोड़फोड़ कर गंदगी फैला दी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा किया, हालांकि पुलिस की समझाइश के बाद स्थिति शांत हो गई। जानकारी के अनुसार स्थानीय युवक सतीश पटेल शराब के नशे में मंदिर परिसर में घुस गया और वहां रखी हनुमान जी की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया। आरोपी ने मंदिर परिसर में कीचड़ भी फैलाया। घटना के बाद उसने मौके पर मौजूद लोगों को डराने-धमकाने का प्रयास किया, जिससे ग्रामीण भड़क उठे। सूचना मिलते ही बरेला पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी सतीश पटेल को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। एहतियात के तौर पर गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मन मोहा

**जबलपुर।** रामनगर अधारताल स्थित त्रिमूर्ति स्कूल में शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा 'त्रिमूर्ति फन फेयर' का आयोजन किया गया, इस आयोजन में 200 से अधिक विद्यार्थियों एवं 300 से अधिक अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने नृत्य नाटिका सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक लखन घनघोरिया रहे, अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि त्रिमूर्ति स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ समरसता की संस्कृति का ज्ञान दिया जाता है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों को भी प्रशंसनीय बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा दिव्या चौबे, चित्रा मिश्रा एवं अभिषेक शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. शिल्पी अग्रवाल, राजेश पाठक प्रवीण उपस्थित रहे। समस्त अतिथियों का स्वागत शाला की प्राचार्य डॉ. मृदुला चौरसिया द्वारा किया गया, शाला की डायरेक्टर दुर्गा चौबे ने बताया कि शाला के नर्सरी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने आर्ट और क्राफ्ट मॉडल्स बनाए, साथ ही विज्ञान और गणित के मॉडल्स भी बनाए, मेले में खेल एवं खाने के भी स्टॉल शाला द्वारा रखे गए थे, जिनमें बच्चों ने खेल खेले प्राइज जीते और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया। शाला की प्राचार्य डॉ. मृदुला चौरसिया ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को बच्चों के आत्मविश्वास और रचनात्मक विकास के लिए आवश्यक बताया, कार्यक्रम के अंत में सभी सहभागियों एवं अभिभावकों ने आयोजन की प्रशंसा की।






## राष्ट्र की धरोहर है वीरांगना रानी दुर्गावती : डॉ. चंदन कुमार

**जबलपुर।** आज दिनांक 28 दिसंबर 2025 दिन रविवार को वीरांगना रानी दुर्गावती के 500वें जन्मदिन वर्ष को पंच शती समारोह के रूप में रानी दुर्गावती शोध संस्थान जबलपुर द्वारा जो संकल्प लिया गया वह आज पूर्ण हुआ है। पंच शती समारोह स्मारिका विमोचन, राष्ट्रीय वीर रस के कवि सुमीत ओरछा द्वारा रचित काव्य और सुप्रसिद्ध गायिका कविता शर्मा को स्वर के गीत का विमोचन और वीरांगना रानी दुर्गावती पर आचार्य चंदन कुमार द्वारा लिखित पुस्तक "वीरांगना रानी दुर्गावती" का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर आरपी त्रिपाठी कुलगुरु राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा एवं मुख्य वक्ता के रूप में आचार्य डॉक्टर चंदनकमार संकायाध्यक्ष हिंदी विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर पवन स्थापक, आमंत्रित अतिथि डॉक्टर पवन तिवारी पूर्वोत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री, डॉ. आईएस चंडोक प्राचार्य खालसा कॉलेज, पूर्व कुलपति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, डॉक्टर कपिल देव मिश्र मंचासीन रहे। डॉ. अतुल दुबे संगठन सचिव ने मंच का संचालन किया। मुख्य वक्ता ने वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला, साथ ही उन्हें राष्ट्र की धरोहर के रूप में बताया और उनके ऐतिहासिक पहलुओं को मंच से साझा किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर आईपी त्रिपाठी द्वारा अपने वक्तव्य में वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम के विषय में जानकारी दी गई और उनकी युद्ध में निपुणता पर प्रकाश डाला गया।

## थाना जीआरपी ने गुमा मोबाइल दिलाया



**जबलपुर।** 26/12/25 को मनीष शर्मा पिता वीरेन्द्र शर्मा उम्र 31 साल निवासी गोले का मंदिर ग्वालियर जिला ग्वालियर द्वारा थाना जीआरपी जबलपुर में उपस्थित होकर बताया गया कि ट्रेन गोंडवाना एक्स. के कोच एस 3 बर्थ नं. 9 में एक आईफोन ग्रे कलर का मिलने पर थाना जमा कराया था, उक्त मोबाइल के मालिक की पतासाजी की गई जो यात्री एश्वर्य कुशवाहा पिता शत्रुधन कुशवाहा उम्र 19 साल निवासी बडका पारा सिरसी जिला सूरजपुर छ.ग. का संपर्क करने पर आज थाना आया जिन्होंने मोबाइल को पेटन लॉक खोलकर दिखाया एवं बताया कि मेरा मोबाइल ट्रेन में जेब से गिर गया था, इसका मोबाइल आईफोन 12 कीमती 55000 रुपए का विधिवत सुपुर्द किया गया एवं सुपुर्दगी की फोटोग्राफी की गई।

पीटते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया

# स्कूली छात्रों ने शाला और गांव में दबदवा बनाने सहपाठी को हॉकी से पीटा, फिर पैर पड़वाए

**जबलपुर।** जबलपुर में शहरी इलाके में जहां एक वायरल वीडियो में कुछ बदमाशों द्वारा एक युवक को नंगा कर पीटने की वारदात सामने आयी तो वहीं देहात थाना क्षेत्र मझौली में एक अन्य वीडियो वायरल हुआ जिसमें स्कूल और गांव में अपना दबदबा दिखाने के लिए कुछ नाबालिग लड़कों ने अपने साथ पढ़ने वाले दो छात्रों को बेरहमी से पीटा और फिर उनसे पैर पड़वाकर माफी मंगवाई। इसके बाद नाबालिगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया।



उक्त घटना 26 दिसंबर की बताई जा रही है, जिसका वीडियो अब वायरल हुआ। वीडियो सामने आने पर पीड़ित छात्रों के परिजन इंद्राना पुलिस चौकी पहुंचे और गांव के ही तीन नाबालिग लड़कों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला है कि गांव के ही तीन नाबालिग लड़के, जो शासकीय स्कूल में 11वीं कक्षा के छात्र हैं, अपने ही स्कूल के एक अन्य छात्र के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। इसी दौरान पीड़ित छात्र का साथी वहां पहुंचा और विरोध किया। मौके पर मौजूद चार, पांच लड़कों ने दोनों छात्रों को घेरकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया और बाद में उनसे जबरन पैर भी पड़वाए। हमलावर छात्र हॉकी और बेसबॉल जैसे हथियारों से लैस थे। पीड़ित छात्र खुद को बचाने के लिए बार-बार भाई-भाई कहकर छोड़ देने की गुहार लगाता रहा, लेकिन आरोपी लगातार उस पर हमला करते रहे। इस पूरी घटना का वीडियो भी आरोपियों ने खुद बनाया।

सोशल मीडिया पर वायरल इन दो वीडियो में से एक में छात्र की पिटाई करते हुए आरोपी दिखाई दे रहे हैं, जबकि दूसरे वीडियो में उससे जबरन पैर पड़वाते नजर आ रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए इंद्राना पुलिस चौकी में पीड़ित की शिकायत पर तीन छात्रों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज की गई है। चौकी प्रभारी एएसआई संतोष कुमार के अनुसार, सभी आरोपी गांव के ही निवासी हैं और फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। मामले में मझौली थाना प्रभारी के मुताबिक, पीड़ित और आरोपी छात्र सभी नाबालिग लग रहे हैं। लिहाजा तीन लड़कों के नाम चिह्नित किए गए हैं, जिनके परिवार वालों को थाने बुलाया गया है। सभी की मार्कशीट और आधार कार्ड बुलाए जा रहे हैं। अगर दस्तावेजों में कोई बालिग मिलता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभी इस पूरे घटनाक्रम को जांच में लिया गया है। यह भी पता किया जा रहा है कि वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में किसने पोस्ट किया था।

### 'एक शाम खाटू वाले श्याम के नाम' का हुआ भक्तिमय आयोजन

**जबलपुर।** श्री श्याम महिमा मंडल जबलपुर द्वारा 21वें वार्षिकोत्सव के अंतर्गत 28 दिसम्बर रविवार को 'एक शाम खाटू वाले श्याम के नाम' का जोरदार आयोजन सिटी बंगाली क्लब, करमचंद चौक में किया गया। प्रोग्राम में हजारों की संख्या में मौजूद श्याम भक्तों को जयपुर, राजस्थान से अमंत्रित सुप्रसिद्ध भजन गायक आयुष सोमानी व कार्तिक जैन म्यूजिकल ग्रुप, इंदौर ने अपनी सुरीली आवाज से बाबा का गुणगान कर मंत्रमुग्ध किया। आयुष सोमानी का जबलपुर पहली बार आना हुआ और शहर के श्याम भक्तों के भाव ने उनका मन मोह लिया। कार्यक्रम में श्याम बाबा का शीश दिल्ली से मंगवाकर भव्य दरबार सजाया गया जिसमें कोलकाता के कलाकारों द्वारा आलौकिक पुष्प श्रृंगार, छप्पन भोग और अखंड ज्योति की व्यवस्था की गई। श्याम भक्तों द्वारा कार्यक्रम के दौरान फूलों की होली भी खेली गई। मंडल के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि सभी श्याम भक्तों के लिए निःशुल्क श्याम रसोई की भी व्यवस्था की गई है।

## 'जलम' महोत्सव के चौथे दिन दिखा कला, साहित्य और सिनेमा का अद्भुत संगम



**जबलपुर।** जबलपुर की सांस्कृतिक धरा पर आयोजित 'जलम' महोत्सव के चौथा दिन वैचारिक विमर्श, साहित्य सृजन और शास्त्रीय गायन के नाम रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:00 बजे कलाकृतियों के भव्य प्रदर्शन और इंस्टालेशन के साथ हुई, जहाँ युवा और अनुभवी कलाकारों की प्रतिभा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बौद्धिक विमर्श और मंदिर स्थापत्य दोपहर के सत्र में प्रसिद्ध पुरातत्वविद् डॉ. शिवकांत बाजपेई ने "भारत में मंदिर कला और वास्तुकला" विषय पर एक संवादात्मक व्याख्यान दिया। उन्होंने भारतीय मंदिरों की जटिल बनावट और उनके सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इतिहास की बारीकियों से रूबरू कराया। साहित्य और सिनेमा का सफर दोपहर 3:00 बजे आशीष पाठक के नए कविता संग्रह अन्वेषण का विमोचन हुआ। इसके बाद कविता और प्रक्रिया सत्र में प्रियदर्शन, श्रुति कुशवाहा, शोभा अक्षरा और बाबूशा कोहली एवं आशीष पाठक जैसे दिग्गज साहित्यकारों ने कविता की जरूरत, प्रक्रिया चर्चा हुई और कविता पाठ किया । शाम के सत्र में रवि शेखर ने सिनेमा - परम रचनात्मक अभिव्यक्ति पर अपनी राय साझा करते हुए फिल्मों को समाज का आइना बताया।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की मांग

# राष्ट्रीय बजरंग दल ने किया उग्र प्रदर्शन भारत में न उत्पन्न हो अस्थिर परिस्थितियां

हरिभूमि जबलपुर।



राष्ट्रीय बजरंग दल, जबलपुर विभाग द्वारा गोहलपुर चौक पर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर स्टेट इंटेलिजेंस रिपोर्ट को लेकर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया तथा मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश से निवेदन किया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज़ पर मध्यप्रदेश में भी बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध "ऑपरेशन टॉर्च" जैसे अभियान को प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर डिटेंशन प्वाइंट स्थापित किए जाएं और नियमानुसार डिपोर्टेशन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में भारत में बांग्लादेश जैसी अस्थिर परिस्थितियां उत्पन्न न हों।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल महाकौशल प्रांत की कार्यकारी अध्यक्ष प्रीति धनधारिया, प्रांत मंत्री अर्पित सिंह ठाकुर, जबलपुर विभाग मंत्री अमित उपाध्याय सहित कपिल रैकवार, आकाश रैकवार, बाबा भाई, सौरभ विश्वकर्मा, कुक्कू ठाकुर, मनीष केसरवानी, अभिषेक रैकवार, मुकेश गौतम, कवि राठौर, नंदू तिवारी, ऋषभ यादव, निखिल विश्वकर्मा, अभिषेक उपाध्याय, अभिषेक कुशवाहा, मयूर कनौजिया, अंजनी सोनकर, विकास पृथ्यानी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत मंत्री अर्पित सिंह ठाकुर ने स्पष्ट किया कि देश की सुरक्षा और सामाजिक समरसता के हित में अवैध घुसपैठ पर कठोर एवं त्वरित कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। यदि बांग्लादेश सरकार द्वारा स्थितियां नहीं संभाली जा रही तो भारत उचित जबाव देने में सक्षम हैं।

## बंगलादेश में हिन्दुओं की हत्या व अत्याचार के विरोध में शिव सेना ने बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया

**जबलपुर।** शिव सेना जिला प्रमुख शैलू पटेल (सुजीत) के नेतृत्व में बंगलादेश में हो रही हिन्दुओं की हत्या एवं उनके ऊपर हो रहे अत्याचार के विरोध में आज मालवीय चौक पर शिव सेना जबलपुर द्वारा बंगलादेश सरकार का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के दौरान राज्य उप प्रमुख शैलेंद्र बारी ने बताया कि जिस तरह बंगलादेश में हिंदुओं की हत्या एवं अत्याचार हो रहे हैं, वह बहुत ही गंभीर चिंता का विषय है। इस घटना पर तत्काल प्रधानमंत्री द्वारा कोई ठोस निर्णय लेना आवश्यक है जिससे हिंदुओं के साथ हो रही घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। इस अवसर पर शिव सेना के प्रदेश उप प्रमुख शैलेंद्र बारी, जिला प्रमुख शैलू पटेल (सुजीत), गजानंद गुप्ता, मुकेश सराठे, भवानी शंकर सतनामी, लल्लू साहू, विकास सराठे, सुधीर तम्राकार, कमलेश रजक, विजय गोंटिया, असीम दुबे, कुलदीप चौधरी, सत्तू पटेल, किन्ना बर्मन, लक्की पटेल, कुलदीप बर्मन, नितिन कुशवाहा सहित अनेक शिव सैनिक उपस्थित थे।





## युवा सिख संगठन ने शहीद उधम सिंह की जन्म जयंती एवं वीर बाल दिवस पर आयोजित किए कार्यक्रम

**जबलपुर।** शहीदों के सरताज अमर शहीद उधम सिंह की जन्म जयंती एवं वीर बाल दिवस के अवसर पर युवा सिख संगठन मध्य प्रदेश के तत्वावधान में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन मदन महल उधम सिंह चौक (दसमेश द्वार), जबलपुर में किया गया।

कार्यक्रम में शहीद उधम सिंह जी को पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई एवं उपस्थित जनसमूह को प्रसाद/मिष्ठान वितरण किया गया। युवा सिख संगठन विगत 15 वर्षों से निरंतर इस आयोजन को श्रद्धा एवं समर्पण के साथ करता आ रहा है। इस अवसर पर युवा सिख संगठन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत सिंह द्वारा शहीद उधम सिंह को पुष्प अर्पित किए गए। साथ ही संगठन द्वारा शासन-प्रशासन से मांग की गई कि मदन महल चौक पर शहीद उधम सिंह जी की प्रतिमा अथवा स्मारक का निर्माण किया जाए, जिससे आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान से प्रेरणा ले सकें। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाए जाने की राष्ट्रीय पहल के अंतर्गत छोटे साहिबजादों (साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह) को भी श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शरद अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छोटे साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शहीद उधम सिंह को पुष्प अर्पित कर उनकी जन्म जयंती की बधाई दी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरजीत सिंह प्रदेश अध्यक्ष, युवा सिख संगठन, शरद अग्रवाल वरिष्ठ नेता, भारतीय जनता पार्टी, गौरव भदोरिया संगठन मंत्री, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, टीटू भाटिया, सुरेंद्र सिंह कालरा, महेंद्र सिंह, श्री भाधावा, प्रितपाल सिंह अरोड़ा, वंदना आनंद, जितेंद्र मल्होत्रा, विशाल के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन, समाज के गणमान्य नागरिक एवं वरिष्ठजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति और शहीदों के प्रति कृतज्ञता के भाव के साथ किया गया।

### लोक क्रांति अभियान ने तैयार की आंदोलन की वृहद रुपरेखा

## अरावली पर्वत को तोड़ने की नीति को भारत सरकार से रोकने की मांग


**जबलपुर।** लोक क्रांति अभियान जबलपुर ने एक आवश्यक बैठक इंद्रा विला, सिद्ध बाबा में की, जिसमें अरावली पर्वत को बचाने हेतु एक वृहद आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई जिसमें यह कहा गया कि अरावली पर्वत दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है जो की 3 लाख वर्ष से भी ज्यादा पुरानी है, यह पर्वत माला लगभग 800 किलोमीटर लंबी थार रेगिस्तान को फैलने से रोकने का कार्य करती है इसने भू जल संरक्षण किया है उत्तर भारत की जलवायु को संतुलित रखते हुए यह गुजरात से शुरू होकर राजस्थान हरियाणा और दिल्ली तक इसकी सीमा फैली है जो कि राजपूत कालीन इतिहास तथा अनेक किलो, मंदिरों और सभ्यताओं का केंद्र रहा है। अरावली पर्वत तोड़ने से लगभग 6 से 7 नदियां प्रभावित होंगी और उपजाऊ जमीन मरुभूमि में बदल जायेगी। पानी का जलस्तर नीचे चला जाएगा, धरती का क्षरण, जंगली जीवों की हत्या जैसा कार्य तथा मानसून को प्रभावित करेगा। अरावली से लगे हुए जितने भी प्रांत हैं वह भी मरुस्थल में बदलने में समय नहीं लगेगा, इसका असर सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश से लेकर हरियाणा, दिल्ली तक होगा। मध्य प्रदेश के मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, श्योरपुर जिलों को मरुस्थल बनने से रोक नहीं जा सकता तथा मध्य प्रदेश में चंबल, बनास नदी अत्यधिक प्रवाहित होगी हमारे मध्य प्रदेश की औद्योगिक नगरी एवं व्यापारिक नगरी इंदौर पूरी तरह से चौपट हो जाएगी, पूरे भारत की जीवन रेखा को नष्ट करने वाली भारत की रीढ़ अरावली पर्वत को तोड़ने की नीति को भारत सरकार से जल्द से जल्द समाप्त करने की मांग लोक क्रांति अभियान के संयोजक सरमन रजक, एडवोकेट सुधीर शर्मा, रामरतन यादव, पंडित विवेक अवस्थी, पूर्व विधायक नन्हे लाल धुर्वे, बैजनाथ कुशवाहा, राधेश्याम अग्रवाल, नरेश चक्रवर्ती, अतुल गुप्ता, अशोक सिंह ठाकुर, अरविंद पैगवार, प्रमिला मरावी, राजेश पराग, अनुप सिंह ठाकुर, गुड्डू झा, दीपक ठाकुर, संजू भोजक, मुन्ना ठाकुर, राजेश मंझार, सुनील तिवारी, अजय वर्मा, गोपाल पाली, विनय वर्मा, राजेश बचवानी, अनुराग सिंह ठाकुर, राहुल श्रीवास, मनोज चौरसिया, राजेश कोल, मुकुल यादव, गोपी प्रजापति, परीक्षित भाई, विजय कुमार चोहटेल, दिलीप रैकवार, सुनील रामचंदानी, संध्या चौरसिया, विक्की विश्वकर्मा एवं अन्य सदस्यों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### *आज होगी छावनी किसान संघ की महत्वपूर्ण बैठक*

जबलपुर। छावनी क्षेत्र के किसानों की कृषि भूमि पर निजी स्वामित्व को लेकर 100 वर्ष पुराने संकल्प की पुष्टि हुई। इस ऐतिहासिक दस्तावेज़ का हिंदी अनुवाद जबलपुर के सांसद आशीष दुबे एवं केंट क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी को सौंपा गया। साथ ही किसानों की 10 सूत्रीय मांगों- खाद-उर्वरक, किसान सम्मान निधि, आवास योजना एवं 200 वर्ष पुराने रिकॉर्ड अपडेट करने व फ्लैट रेट बिजली को लेकर मांग पत्र दिया गया। इस अवसर पर एडवोकेट डी.पी. वर्मा, सुंदर अग्रवाल, संजय जैन, राजेश कुशवाहा, एडवोकेट रामदास शर्मा, आशीष राव, दिनेश कुशवाहा, सिराज अहमद, संजय बावरिया, डॉ. ऋषि बावरिया, एड. चैतन्य चंसोरिया, पामुल चंसोरिया, नरेश कुशवाहा, देवेन्द्र, नंदकिशोर, ओम प्रकाश पटेल, मुन्ना बावरिया, घनश्याम, मूलचंद, हरिचंद तथा संघ के सभी पदाधिकारी एवं अन्य किसान व क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

### शिव मंदिर बाबाताल में देवी भागवत कथा

## देवी की शक्ति सृष्टि के कण-कण में व्याप्त





**सिहोरा।** देवी की शक्ति संपूर्ण सृष्टि के कण-कण में व्याप्त है और विभिन्न लोकों की व्यवस्था मां भगवती की इच्छा मात्र से संचालित होती है उक्ताशय के विचार शिव मंदिर बाबाताल में चल रही देवी भागवत कथा में व्यासपीठ से पंडित इन्द्रमणि त्रिपाठी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कलयुग में मां की भक्ति ही दुखों से मुक्ति का सबसे सरल मार्ग है निस्वार्थ भाव से की गई भक्ति न केवल मानसिक शांति प्रदान करती है बल्कि साधक को जन्म-मरण के चक्र से मुक्त कर मोक्ष की ओर ले जाती है। मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की उपस्थिति से खचाखच भरा रहा। कथा श्रवण के लिए न केवल स्थानीय बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आरती के समय पूरा परिसर 'जय माता दी' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान हो उठता है।

## नरसिंहपुर ने पानीपत हरियाणा को हराया



**मझौली।** श्री विष्णु बाराह कप अखिल भारतीय लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 प्रतियोगिता का पहला लीग मैच नरसिंहपुर और पानीपत हरियाणा के बीच खेला गया जिसमें पानीपत हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 145 रन बनाए जिसमें रमन ने 33(25) रन , पिंकू 29(24) ने शानदार योगदान दिए। जवाबी पारी खेलने उतरी नरसिंहपुर ने बहुत आसानी से रन चेस कर लिए जिसमें रितेश ने शानदार योगदान देते हुए 79(51) रन बनाए नरसिंहपुर की जीत में अहम भूमिका निभाई उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया । हमारे मुख्य अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया मैच में हमारे मुख्य अतिथि शिप्रा राजेंद्र चौरसिया, गिरीश पालीवाल रजनीश कुरारिया, मुकेश सेन, सुनील सोनकर (गामा) देवेंद्र दहिया, प्रतियोगिता का दूसरा लीग मैच आज सीधी और गुना के मध्य दोपहर 12 बजे खेला जायेगा।

## ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन जबलपुर मंडल पमरे के प्रेम कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**लपुर।** ऑल इंडिया एस.सी./एस.टी. रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन, जबलपुर मंडल (पश्चिम मध्य रेलवे) के प्रेम कार्यालय का उद्घाटन कमल कुमार तलरेजा, मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर के द्वारा गत दिवस संपन्न हुआ।

यह गरिमामय समारोह रेलवे प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों की विशिष्ट उपस्थिति में आयोजित किया गया। उद्घाटन अवसर पर आनंद कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर, सुनील टेलर, अपर मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर तथा सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, जबलपुर की विशेष उपस्थिति रही। एसोसिएशन की ओर से पुरुषोत्तम आठिया, जोनल सचिव (AISCTREA/WCR) एवं विशम्भर सिंह, जोनल अध्यक्ष (AISCTREA/WCR) उपस्थित रहे।

मंडल स्तर पर अरविंद कुमार (मंडल अध्यक्ष), राजमोहन पासवान (मंडल कार्यकारी अध्यक्ष), ललन बुनकर (मंडल कोषाध्यक्ष), संजय बी. घुले (मंडल अतिरिक्त सचिव) तथा अशोक मेहरा (मंडल सचिव) सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



उद्घाटन के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि यह कार्यालय कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान, कल्याणकारी गतिविधियों तथा आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं आपसी सहयोग के संकल्प के साथ हुआ।

## राष्ट्रीय मंच पर प्रतिभा निखारने में जुटी मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी

**जबलपुर।** मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी के संस्थापक राजकुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि खेलो ताइक्वांडो यूथ स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा बिलासपुर छत्तीसगढ़ में दिनांक 29 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक 3**rd** ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी के प्रशिक्षक झामसिंह तेकाम को मध्यप्रदेश टीम दल कोच, एडवोकेट जयराज चौधरी को रेफरी नियुक्त किया गया है।



एकेडमी के 39 खिलाड़ी मध्यप्रदेश टीम दल का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिस हेतु रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी महानद्दा मदन महल जबलपुर में एक दिवसीय नेशनल कैंप का आयोजन किया गया था जिसके समापन अवसर पर अतिथि के रूप में दिव्या बाजपेई निर्देशिका आदित्य कांवेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर, एडवोकेट सपना सिंह परिहार सचिव स्वामी प्रज्ञानंद शिक्षा महाविद्यालय कटंगी जबलपुर, उत्कर्ष गुप्ता संचालक रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी जबलपुर, विभूम बाजपेई, वैभव जोशुवा अध्यक्ष मानकुंवारी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों का स्वागत एकेडमी के संस्थापक राजकुमार यादव, प्रशिक्षक जयराज चौधरी, झामसिंह तेकाम, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मानवराज यादव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। नेशनल कैंप के समापन अवसर पर खिलाड़ियों ने हुनर का अलौकिक प्रदर्शन कर अतिथियों का मन मोहा।

## देश को पूर्ण रूप से नशा मुक्त किया जाए



**मझौली।** जय माता संस्था के द्वारा नगर में एक जन जागरूकता रैली निकाली जिसमें उनके द्वारा नगरवासियों एवं शासन प्रशासन को जगाने की कोशिश की। उनके द्वारा यह संकल्प लिया गया है कि देश को पूर्ण रूप से नशा मुक्त किया जाए। शासन प्रशासन के द्वारा जो शराब दुकान खोली जाती है उन्हें बन्द किया जाए एवं अवैध रूप से बैची जा शराब को भी बन्द किया जाए। नये युवा वर्ग के बच्चे इनका शिकार हो रहे हैं नशे के आदि हो रहे हैं जिससे परीवार के परीवार तवाह हों रहे हैं।

## दो माह बाद भी गोसलपुर पुलिस 25 लाख की चोरी का पता नहीं लगा पाई

**सिहोरा।** करीब दो माह बीत जाने के बाद भी गोसलपुर पुलिस करीब 25 लाख की चोरी का पता लगाने में नाकाम रही है और हर बार केवल आश्वासन ही मिला पर चोर नहीं पकड़ में आये। थक हार कर आवेदन कर्ता कैथरा निवासी अवधेश पटेल पिता हरदास पटेल ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी। जिसमें कहा गया है कि 30 अक्टूबर को रात्रि करीब 2.30 पर घर में घुसे अज्ञात चोर अलमारी का ताला तोड़कर कान का सोने का झाले करीब 1 तोला, एक गले का 2 तोला सोने का माला,1अंगूठी सोने की आधा तोला,आधा तोला सोने का माला, एक तोला सोने की पंचाली,आधा तोला सोने का ट्रॉप्स एक सोने का हार करीब 4 तोला, एक सोने का हार करीबन 5 तोला, एक सोने की लौंग,एक किलो चांदी का छल्ला कटडोरा, एक जोडी चांदी की पायल 15 तोला, एक जोडी चांदी की पायल 6 तोला, संतान साते की 5 जोडी चूडी तथा नगदी 07 लाख रुपये जो आलमारी एवं पेटी में रखा था इन सभी सोने एवं चांदी के आभूषणों की कीमत लगभग 25 लाख है जो चोर चुरा कर ले गये। गोसलपुर थाने के थाना प्रभारी तो बदल गये पर चोरी का आज तक पता नहीं लगा।

### सूर्योपासना के चतुर्थ रविवार पर श्री बगलामुखी सिद्धपीठ में हुआ महारुद्राभिषेक व सहस्त्रार्चन भक्तिमय अनुष्ठान

## भगवान सूर्य समस्त प्राणियों की नेत्रों के मूल आधार

हरिभूमि जबलपुर।

श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में विश्वकल्याणार्थ पौष मास के पावन अवसर पर मास पर्यन्त चल रही सूर्योपासना के अंतर्गत रविवार को चतुर्थ रविवार विशेष अत्यंत श्रद्धा, आस्था और वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सम्पूर्ण मठ परिसर वेद मंत्रों, शंखनाद और भक्तों की आराधना से आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा।

### भगवान सदाशिव का महारुद्राभिषेक

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द जी महाराज श्री एवं ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज श्री द्वारा भगवान सदाशिव के विधिवत महारुद्राभिषेक से हुआ। वैदिक ब्राह्मणों के सस्वर मंत्रोच्चारण के मध्य सम्पन्न इस अभिषेक में श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक सहभागिता की। तत्पश्चात भगवान श्री सूर्य नारायण को अर्घ्य अर्पित कर पाटल्य पुष्पों से सहस्त्रार्चन किया गया।

### सूर्य नवग्रहों में सर्वोपरि

इस अवसर पर ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द जी महाराज श्री ने अपने प्रवचन में सूर्योपासना के आध्यात्मिक, दार्शनिक एवं ज्योतिषीय महत्व को विस्तार से प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि सूर्य नवग्रहों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं और ज्योतिष शास्त्र में उनकी स्थिति व्यक्ति के जीवन की दशा और दिशा निर्धारित करती है। ग्रह, नक्षत्र और तारे मानव ज्ञान के आदि स्रोत हैं, जिनमें सूर्य का स्थान सर्वोपरि है।

### सूर्यदेव प्रदान करते है देखने की शक्ति

ब्रह्मचारी जी ने वेदों का उल्लेख करते हुए कहा सूर्यो



वै प्रजानां चक्षु अर्थात सूर्य समस्त प्राणियों की आँखों के मूल आधार हैं। वह न केवल मनुष्यों बल्कि देवताओं के भी नेत्र हैं। सूर्यदेव समस्त जीवों को प्रकाश, देखने की शक्ति और जीवन प्रदान करते हैं। इसी भाव को प्रकट करते हुए ऋषियों ने उदीयमान सूर्य की सविता रूप में उपासना की हे सवित हम आपके तेजस्वी स्वरूप का ध्यान करते हैं, वह हमारी बुद्धि को प्रेरणा प्रदान करे।

### आर्षदृष्टि का संदेश

उन्होंने कहा कि सूर्य ने इन्द्र का स्थान ग्रहण कर विष्णु के वामन रूप में तीन पदों में तीनों लोकों को नापते हुए विराट पुरुष स्वरूप धारण किया। अदिति के पुत्र आदित्य के रूप में वे समस्त जगत के आराध्य देव बने। आर्षदृष्टि में सूर्य और विष्णु में अभेद है "एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति।

### भक्तों ने की उत्साहपूर्ण सहभागिता

पूजन-अनुष्ठान में बालकृष्ण, नीता पटेल, श्रीमती प्रभा यादव, पद्मा मेनन, सुधांशु गुप्ता, डॉ. संजय मिश्रा, आस्था सिंह, मधु यादव, राधा शुक्ला, पिंटू सिंह, श्याम पुरुस्वानी, महेश पुरुस्वानी, विवेक गुप्ता, हेमंत सोनी, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पीयूष दुबे, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, अभिषेक उपाध्याय, मीडिया प्रभारी मनोज सेन समेत अन्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने सूर्योपासना के माध्यम से विश्व शांति, आरोग्य और लोककल्याण की कामना की।

# मूल्यवान धातु में निवेश के लिए गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ बेहतर विकल्प

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कीमतों में रिकॉर्ड तेजी के साथ निवेशकों के सोना, चांदी में निवेश के लिए आकर्षित होने के बीच विशेषज्ञों का कहना है कि उपलब्ध विभिन्न निवेश विकल्पों में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) एक बेहतर विकल्प है।

इसका कारण कम राशि के साथ सोना, चांदी में निवेश, उसके रखरखाव को लेकर कोई झंझट नहीं और कम लेन-देन शुल्क के साथ उच्च तरलता यानी भुनाने की सुविधा है। उनका यह भी कहना है कि यदि आप भौतिक रूप से मूल्यवान धातु को महत्व देते हैं, निवेश के लिए सोने/चांदी के सिक्के/बिस्कुट बेहतर है। चूंकि आभूषण खरीदने में उसे बनाने के शुल्क का भुगतान करना होता है, वह बेहतर विकल्प नहीं है।उल्लेखनीय है कि इस साल अबतक सोने में 82 प्रतिशत जबकि चांदी में 175 प्रतिशत की तेजी आई है। मल्टीकमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोना एक जनवरी को 76,772 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो 26 दिसंबर को 1,39,890 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं चांदी एक जनवरी को 87,300 रुपए प्रति किलो थी, जो 26 दिसंबर को बढ़कर 2,40,300 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है।

## इस साल सोने में 82 प्रतिशत और चांदी में 175 प्रतिशत की तेजी

### सेबी की ओर से विनियमित उत्पाद नहीं डिजिटल सोना

*डिजिटल सोना सेबी की ओर से विनियमित उत्पाद नहीं है। यह आमतौर पर निजी मंचों की ओर से पेश किया जाता है, जहां सोना तृतीय-पक्ष 'वॉल्ट' (तिजोरी) प्रबंधकों के पास रखा होता है, जिसमें जोखिम जुड़े होते हैं।' विश्लेषकों का कहना है कहा, 'नियामकीय जोखिमों को देखते हुए, हम निवेशकों को सलाह देते हैं कि वे केवल सेबी (भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड) की ओर से विनियमित उत्पादों के जरिए से ही सोना या चांदी में निवेश करें। विश्लेषकों का कहना है कि कुल मिलाकर, इन विकल्पों में विविधतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाने से निवेशकों को सुरक्षा, तरलता और वृद्धि क्षमता के बीच संतुलन बनाने में मदद मिल सकती है।*



### ईटीएफ निवेश फंड में शेयरों की तरह कारोबार

आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लि. के निदेशक (जिंस और मुद्रा) नवीन माथुर ने कहा, 'उपलब्ध विभिन्न निवेश विकल्पों में से, गोल्ड/सिल्वर ईटीएफ अब तक का सबसे अच्छा निवेश विकल्प है। इसका कारण निवेश के लिए उपलब्ध कम मूल्यवर्ग की इकाइयों, रखरखाव की कोई लागत न होने, अंतर्निहित ईटीएफ के माध्यम से शुद्धता की गारंटी, उच्च तरलता और कम लेनदेन लागत जैसे लाभ हैं।'' गोल्ड/ सिल्वर ईटीएफ निवेश फंड हैं, जिनका शेयर बाजारों में शेयरों की तरह कारोबार होता है। इसमें भौतिक रूप से सोना या चांदी खरीदे बिना कीमती धातुओं में निवेश किया जा सकता है।

### निवेश करने का आसान तरीका ईटीएफ

निवेश के विकल्पों के बारे में मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, 'मूल्यवान धातु में निवेश के लिए उपलब्ध विभिन्न विकल्पों में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ बेहतर विकल्प है। इसका कारण यह सोना या चांदी को रखने की समस्या के बिना निवेश करने का एक आसान तरीका है। साथ ही यह अत्यधिक तरलता प्रदान करता है।'

## खबर संक्षेप

### दवा उद्योग की वृद्धि में बड़ा योगदान देंगी: सन फार्मा

**नई दिल्ली।** सन फार्मा के प्रबंध निदेशक कीर्ति गणोरकर ने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में मोटापा और मधुमेह जैसी बीमारियों की दवाएं घरेलू दवा उद्योग की वृद्धि का एक प्रमुख आधार होंगी। ग्लूकागन-लाइक पेप्टाइड-1 (जीएलपी-1) रिसेप्टर एगोनिस्ट ऐसी दवाएं हैं, जो इंसुलिन के उत्पादन को नियंत्रित कर टाइप-2 मधुमेह, उच्च रक्त शर्करा और मोटापे के इलाज में उपयोग की जाती हैं।

### बिजली कारोबार शुल्क घटा सकता है सीईआरसी



नई दिल्ली। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग बिजली कारोबार एक्सचेंजों पर लगने वाले लेनदेन शुल्क को तर्कसंगत बनाने पर विचार कर रहा है। इस पहल का मकसद बिजली की कीमतों को संभावित रूप से कम करना है। यह सुधार दक्षता बढ़ाने, नकदी की स्थिति को मजबूत करने और विभिन्न एक्सचेंजों में कीमतों को तर्कसंगत बनाने में मददगार होगा। इस कदम से समय के साथ बिजली खरीदारों के लिए कुल लागत में कमी आ सकती है। बाजार समेकन को केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग ने इस साल जुलाई में दो साल से अधिक समय तक चले विचार-विमर्श के बाद मंजूरी दी थी।

### सरसों में गिरावट, पाम-पामोलीन में सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में ऊंचे भाव पर लिवाली प्रभावित रहने से सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई जबकि साधारण मांग के कारण सोयाबीन तेल-तिलहन, सटोरियों द्वारा ऊंचा दाम बोले जाने से कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तेल में सुधार आया। नमकीन बनाने वाली कंपनियों की फुल्की फुल्की मांग के कारण बिनौला तेल के दाम में भी मामूली सुधार रहा। सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम अपरिवर्तित रहे। सरकार की ओर से सरसों की बिकवाली की जा रही है, जो एक उचित कदम है।

### एसएस रिटेल ने आईपीओ के लिए दाखिल किया मसौदा

**नई दिल्ली।** मोबाइल खुदरा कंपनी एसएस रिटेल ने अपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 500 करोड़ रुपए जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी ने सेबी के पास दाखिल किए गए मसौदा दस्तावेज के अनुसार, कंपनी की पहली सार्वजनिक पेशकश 300 करोड़ रुपए के शेयरों के ताजा निर्गम के साथ-साथ प्रवर्तकों और अन्य शेयरधारकों द्वारा 200 करोड़ रुपए की बिक्री की पेशकश का संयोजन होगी। दस्तावेजों में बताया गया, नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग वित्त वर्ष 2026-27 और 2027-28 में नए स्टोर खोलने के लिए आवश्यक निर्माण व सजावट पर होने वाले पूंजीगत खर्च, कार्यशील पूंजी की जरूरतों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

## व्यापार पानी की तरह, खुद ढूंढ लेता है अपना रास्ता

# अमेरिका शुल्क नीति के बावजूद भारत का निर्यात स्थिर, भविष्य में मजबूती की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

व्यापार मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के शब्दों में, व्यापार पानी की तरह है, यह अपना मार्ग खुद ढूंढ लेता है। इसी सिद्धांत के साथ भारतीय वस्तु निर्यात ने कोविड-19 महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध,इजराइल-हमास युद्ध, लाल समुद्र शिपिंग संकट, सेमीकंडक्टर आपूर्ति समस्या और अब अमेरिका के उच्च शुल्क जैसी चुनौतियों के बीच भी तेजी से प्रतिक्रिया दी है।

### 2025 में निर्यात का आंकड़ा पहुंचा 407 अरब डॉलर

भारत का निर्यात 2020 में लगभग 276.5 अरब डॉलर था, जो 2021 में बढ़कर 395.5 अरब डॉलर और 2022 में 453.3 अरब डॉलर हो गया था। 2023 में यह गिरकर 389.5 अरब डॉलर रहा, लेकिन फिर 2024 में यह 443 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वर्ष 2025 (जनवरी-नवंबर) तक इसका आंकड़ा लगभग 407 अरब डॉलर हो चुका है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का माल और सेवा निर्यात ऐतिहासिक उच्च स्तर 825.25 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें सालाना आधार पर छह प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-नवंबर 2025) में भी निर्यात 562 अरब डॉलर रहा, जो वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के लचीलेपन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान रुझानों के आधार पर 2026 में भी भारत की निर्यात वृद्धि मजबूत रहने की संभावना है। खास तौर पर तीन मुक्त व्यापार समझौते (ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड) अगले साल लागू होने वाले हैं, जो भारतीय वस्तुओं और सेवाओं को बेहतर बाजार पहुंच देंगे।

*2025 में अमेरिका ने भारत के निर्यात पर लगभग 50 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया, लेकिन भारतीय निर्यातकों ने अपने बाजारों को विविध करके निर्यात वृद्धि को मजबूती से बनाए रखा और यह तेजी 2026 में भी जारी रहने की संभावना है।*



### वैश्विक अनिश्चितताओं को लेकर सतर्क निर्यातक

अमेरिका ने 2025 में भारतीय वस्तुओं पर उच्च शुल्क लागू किए। इसके कारण सितंबर और अक्टूबर में अमेरिका के लिए निर्यात प्रभावित हुआ, लेकिन नवंबर 2025 में अमेरिका के लिए निर्यात 22.61 प्रतिशत बढ़कर 6.98 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो निर्यातकों के अनुकूल संकेत है। हालांकि, निर्यातक अभी भी वैश्विक अनिश्चितताओं को लेकर सतर्क हैं। वे अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते के जल्द पूरा होने की आशा कर रहे हैं ताकि निर्यात को और मजबूती मिले। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने चेताया है कि 2025 में वैश्विक व्यापार केवल 2.4 प्रतिशत बढ़ सकता है, जबकि 2026 के लिए यह अनुमान घट कर 0.5 प्रतिशत हो गया है, जो विकसित अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार तथा विनिर्माण गतिविधियों में कमी का संकेत देता है।

### निर्यातकों के लिए सरकार ने उठाए कई कदम

*सरकार ने निर्यातकों को सहायता देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रचार मिशन, योग्य निर्यातकों को 20,000 करोड़ रुपए तक बिना गिरवी क्रेडिट सुविधा, कर्ज भुगतान में लंबी अवधि, और नये व्यापार समझौतों (एफटीए) का उपयोग शामिल है, ताकि निर्यातियों को वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मदद मिले। निर्यात विशेषज्ञों के अनुसार, 2026 में भी भारत का निर्यात बढ़ेगा क्योंकि घरेलू वस्तुओं और सेवाओं की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, उत्पादों तथा बाजारों का विविधीकरण निर्यात को आगे बढ़ाएगा। विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात लगभग 39 फीसदी बढ़ा है, जो विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के कारण क्षमता निर्माण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में गहरी हिस्सेदारी को दर्शाता है। इसके अलावा इंजीनियरिंग वस्तु, दवा और वाहन निर्यात भी निरंतर गति बनाए हुए हैं।*

# भारत को 'गृह बाजार' बनाएगी रॉल्स रॉयस, एयरो इंजन को विकसित करना प्राथमिकता



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्रिटेन की एयरो-इंजन विनिर्माता कंपनी रॉल्स रॉयस ने कहा कि वह भारत को ब्रिटेन के बाहर अपना तीसरा 'गृह बाजार' बनाने पर विचार कर रही है।

यह योजना जेट इंजन, नौसैनिक प्रणोदन, थल प्रणालियों और उन्नत इंजीनियरिंग सहित कई क्षेत्रों में मौजूद अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार की गई है। रॉल्स रॉयस इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष साशी मुकुंदन ने कहा कि कंपनी भारत में बड़े निवेश की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के एयरो इंजन को भारत में विकसित करना प्राथमिकता है, ताकि उन्नत मध्यम युद्धक विमान कार्यक्रम के तहत भारत में बनने वाले लड़ाकू विमानों को शक्ति दी जा सके।

ब्रिटेन के अलावा रॉल्स रॉयस अमेरिका और जर्मनी को भी अपना 'गृह बाजार' मानती है, क्योंकि इन दोनों देशों में कंपनी की मजबूत मौजूदगी है, जिसमें विनिर्माण सुविधाएं भी शामिल हैं।

### रॉल्स रॉयस की भारत में निवेश की योजना

मुकुंदन ने यह भी बताया कि रॉल्स रॉयस भारतीय नौसेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रिक प्रणोदन की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि एएमसीए के लिए जेट इंजन के विकास में रॉल्स रॉयस की भागीदारी से भारत को नौसैनिक प्रणोदन के लिए भी इंजन बनाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने विशिष्ट विवरण साझा किए बिना कहा कि रॉल्स रॉयस भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निवेश पर नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि भारत के पास पैमाना, नीति की स्पष्टता और रक्षा तथा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की स्पष्ट दिशा है।

# सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में गिरावट, एसबीआई को नुकसान



■ एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इंफोसिस लाभ में रहे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

छुट्टियों के कारण पिछले सप्ताह में शीर्ष 10 में शामिल सात सबसे मूल्यवान कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 35,439.36 करोड़ रुपए घट गया।

इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक को सबसे अधिक नुकसान हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 112.09 अंक या 0.13 प्रतिशत चढ़ा। शीर्ष 10 में शामिल कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय जीवन बीमा निगम के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इंफोसिस लाभ में रहे।

### एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल का मूल्यांकन बढ़ा



भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 12,692.1 करोड़ रुपए घटकर 8,92,046.88 करोड़ रुपए रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 8,254.81 करोड़ रुपए घटकर 21,09,712.48 करोड़ रुपए पर आ गया। बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में 5,102.43 करोड़ रुपए की कमी आई और यह 6,22,124.01 करोड़ रुपए रह गया। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 10,126.81 करोड़ रुपए बढ़कर 15,26,765.44 करोड़ रुपए हो गया। इस दौरान इंफोसिस और भारती एयरटेल का मूल्यांकन भी बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही।

## रक्षा विनिर्माण में 1.8 लाख करोड़ निवेश करेगा अडानी ग्रुप



**नई दिल्ली।** अदाणी समूह अगले साल रक्षा विनिर्माण में 1.8 लाख करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बना रहा है। सूत्रों ने बताया कि इसके तहत मानवरहित प्रणालियों और उन्नत हथियारों में क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने 2025 में लंबी योजना प्रक्रियाओं से आगे बढ़ते हुए त्वरित तैनाती की ओर रुख किया और उसके कुछ सैन्य उपकरणों का उपयोग ऑपरेशन सिंदूर में किया गया। हवा, समुद्र और जमीनी क्षेत्रों में स्वायत्त प्रणालियां ऐसे मानवरहित मंच हैं, जो सेंसर, सॉफ्टवेयर और सुरक्षित नेटवर्क के माध्यम से न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ संचालित होती हैं। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस भारत की सबसे बड़ी एकीकृत निजी क्षेत्र की रक्षा कंपनी के रूप में उभरी है।

# 'फूड डिलीवरी' को बढ़ावा देंगे स्विगी और मैजिकपिन

■ कारोबार की वृद्धि ग्राहक अनुभव गति और मूल्य चेतना से प्रेरित होगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाने-पीने का सामान पहुंचाने वाली कंपनी मैजिकपिन और स्विगी के अनुसार 2026 में भारत के 'फूड डिलीवरी' कारोबार की वृद्धि ग्राहक अनुभव, गति और मूल्य चेतना से प्रेरित होगी। देश के तीसरे सबसे बड़े खाद्य वितरण मंच मैजिकपिन के मुख्य कार्यपालक (सीईओ) और संस्थापक अंशु शर्मा का मानना है कि वृद्धि मुख्य रूप से व्यापारियों के और किफायती सेवाओं को पसंद करने वाले ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने से आएगी।

### टिकाऊ फूड डिलीवरी व्यवस्था बनाने पर जोर

अंशु शर्मा ने कहा, "हम एक विस्तृत श्रेणी के व्यापारियों को अपनी सेवा में जोड़ रहे हैं, छोटे स्थानीय रेस्तरां से लेकर बड़े ब्रांड और राष्ट्रीय श्रृंखलाओं तक, ताकि वे डिजिटल अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धात्मक रूप से भाग ले सकें।/" उन्होंने कहा कि प्रवेश की बाधाओं को कम करके और व्यापारियों के लाभ-हानि के संतुलन को बेहतर बनाकर टिकाऊ फूड डिलीवरी व्यवस्था बनाई जा सकती है।

# ओला ने एस1 प्रो प्लस स्कूटर की बढ़ाई डिलीवरी

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने '4680 भारत सेल' बैटरी से चलने वाले एस1 प्रो प्लस (5.2 किलोवाट) इलेक्ट्रिक स्कूटर की आपूर्ति बढ़ा दी है। ओला इलेक्ट्रिक ने बताया कि कंपनी ने कोयंबटूर, कोच्चि और हैदराबाद में आपूर्ति शुरू कर दी है, साथ ही बेंगलुरु में डिलीवरी जारी है। एस1 प्रो प्लस (5.2 किलोवाट) कंपनी का ऐसा पहला स्कूटर है, जो देश में निर्मित '4680 भारत सेल बैटरी' पैक से चलता है। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने बताया, ग्राहक अब हमारे अपने '4680 भारत सेल' से चलने वाले स्कूटर खरीद रहे हैं और इसकी आपूर्ति पूरे जोश के साथ की जा रही है। कई राज्यों में आपूर्ति बढ़ रही है और अब हम '4680 भारत सेल' से चलने वाले वाहनों को देश के हर हिस्से तक पहुंचाने की तैयारी कर रहे हैं।

# ताइफ हवाई अड्डा परियोजना में बोली लगाएंगा जीएमआर

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद



जीएमआर समूह सऊदी अरब में 80 करोड़ अमेरिकी डॉलर की नई ताइफ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के लिए बोली लगाने की पात्रता चरण को पार कर चुका है। यह जानकारी सऊदी अरब के नेशनल सेंटर फॉर प्राइवेटाइजेशन एंड पीपीपी (एनसीपी) ने दी।

जीएमआर के अलावा बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड-टेमासेक का गठजोड़, तुर्की की टीएवी एयरपोर्ट्स-मादा इंटरनेशनल होल्डिंग का गठजोड़, आयरलैंड की डीएए इंटरनेशनल की अगुवाई वाला गठजोड़ तथा काल्योन इंसात गठजोड़ भी इस परियोजना के लिए योग्य घोषित किए गए हैं। यह परियोजना सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत बनाओ, चलाओ, सौंपो (बीटीओ) अनुबंध के आधार पर दी जाएगी, जिसकी अवधि निर्माण काल सहित 30 वर्ष होगी। नया ताइफ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एक अत्याधुनिक वाणिज्यिक यात्री टर्मिनल भवन से लैस होगा, जिसे हवाई अड्डे की अनुमानित क्षमता और मांग के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इसके अलावा इसमें सहायक भवन, उपयोगिता नेटवर्क, कार पार्किंग और संपर्क सड़कें शामिल होंगी, जो हवाई अड्डे के मानक संचालन को सुनिश्चित करेंगी।

## घरेलू और विदेशी, दोनों स्तरों पर व्यापक आर्थिक आंकड़ों से प्रभावित होगी

# विदेशी निवेशकों के रुख से तय होगी बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से प्रभावित होगी।

विश्लेषकों ने कहा कि साथ ही वाहन बिक्री के आंकड़ों पर भी करीबी नजर रखी जाएगी। इस साल के कुछ कारोबारी सत्र ही बाकी रहने के कारण भारतीय शेयर बाजारों के सीमित दायरे में रहने का अनुमान है, हालांकि रुझान सकारात्मक रह सकता है।

**वैश्विक स्तर पर बाजार अमेरिका से जुड़े व्यापक आर्थिक संकेतों पर नजर रखेंगे**



### वायदा-विकल्प सौदे के कारण रहेगा उतार-चढ़ाव

*रिलायंस ब्रोकिंग लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह कैलेंडर वर्ष 2026 की शुरुआत होगी, और दिसंबर के वायदा-विकल्प सौदे पूरे होने के कारण अधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। घरेलू स्तर पर जिन प्रमुख आंकड़ों पर नजर रहेगी, उनमें नवंबर का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई शामिल हैं।' उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर बाजार अमेरिका से जुड़े व्यापक आर्थिक संकेतों पर करीबी नजर रखेंगे, जिनमें एफओएमसी बैठक का ब्यौरा और फेडरल रिजर्व की बैलेंस शीट से जुड़ी जानकारियां शामिल हैं।*

### इक्विटी बाजारों के सीमित दायरे में रहने का अनुमान

*पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 112.09 अंक या 0.13 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी 75.9 अंक या 0.29 प्रतिशत बढ़ा। एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोन्मुडी आर ने कहा, '2025 के कुछ कारोबारी सत्र ही बाकी रहने के कारण भारतीय इक्विटी बाजारों के सीमित दायरे में रहने का अनुमान है, हालांकि रुझान सकारात्मक रह सकता है। इस सप्ताह निवेशकों की धारणा घरेलू और विदेशी, दोनों स्तरों पर व्यापक आर्थिक आंकड़ों से प्रभावित होगी।' उन्होंने कहा कि नवंबर के वाहन बिक्री आंकड़ों पर भी करीबी नजर रखी जाएगी, ताकि क्षेत्रवार रफ्तार की पुष्टि हो सके।*

# शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगी कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कॉरपोरेट प्रशासन और जवाबदेही में सुधार के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कोयला मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सभी अनुषंगी कंपनियों को 2030 तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराए। इस कदम का मकसद सीआईएल में प्रशासन को सुव्यवस्थित करना, पारदर्शिता बढ़ाना और परिसंपत्ति मौद्रिकरण के जरिए मूल्य सृजन करना है। कोल इंडिया लिमिटेड देश के कुल घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान देती है। कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों को 2030 तक सूचीबद्ध करने की योजना है। कोल इंडिया अपनी आठ अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से परिचालन करती है, जिनमें ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड शामिल हैं।

चिंतन

# ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वालों को जवाब

ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वालों को अब पाकिस्तान की टॉप लीडरशिप से ही कड़ा जवाब मिल रहा है। पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री इशाक डार, पाक थलसेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर अहमद शाह के बाद अब राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी माना कि भारत की मिसाइलों ने पाकिस्तान में भारी तबाही मचाई थी। इसके कारण पूरा पाकिस्तान दहशत में आ गया था। भारत की सधी हुई सटीक कार्रवाई ने पाकिस्तान की नींदें उड़ा दी थीं। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने जब पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर छेड़ा, तो उस समय हालात ये हो गए थे कि वहां की टॉप लीडरशिप को बंकर तक में छिपाने का इंतजाम होने लगा था। ये बात खुद पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने स्वीकार की है। ऐसे में कोई भी समझ सकता है कि ऑपरेशन सिंदूर कामयाब था या नहीं। आतंकी हमले के जवाब में मई में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। इसमें पीओके और पाकिस्तान में स्थित कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया और फिर पाकिस्तानी एयरबेस पर भी जमकर हमले किए गए थे। एक कार्यक्रम के दौरान जरदारी ने स्वीकार किया कि भारत की कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व में डर का माहौल व्याप्त था। भारतीय हमलों के समय उनके मिलिट्री सेक्रेटरी ने उन्हें सुरक्षा के लिए बंकर में जाने की सलाह दी थी। हालांकि उन्होंने बंकर में जाने से मना कर दिया था और कहा था कि नेता बंकर में नहीं मरते। जरदारी ने कुबूल किया कि सेना से लेकर सरकार तक भारतीय हमलों से डरी हुई थी। आमजन में भी भय का महौल था कि अब क्या होगा। इससे पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप प्रधान मंत्री इशाक डार ने भी ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी की दास्तां सुनाई। उन्होंने कहा कि भारत ने रावलपिंडी के चकला में उनके नूर खान एयर बेस तक को निशाना बनाया था, जिससे उनके मिलिट्री ठिकाने को नुकसान पहुंचा। भारत ने 36 घंटों के भीतर पाकिस्तानी इलाके में कई ड्रोन भेजे थे और एक ड्रोन ने मिलिट्री ठिकाने को नुकसान पहुंचाया था। इससे पहले पाक सेना प्रमुख मुनीर ने भी कहा था कि भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के बाद जब हमले किए, तो खुद अल्लाह ने उन्हें मदद भेजी। हमने इसे महसूस किया। आप खुद सोचिए कि भारत को मुंहतोड़ जवाब देने की बातें करने वाले मुनीर को जंग के वक्त मची तबाही से ईश्वर याद आने लगे थे। वहीं, पाक पीएम शहबाज शरीफ ने भी खुद ऑपरेशन सिंदूर के 10 दिन के अंदर ही बताया था कि कैसे भारत की ब्रह्मोस मिसाइलों ने पाकिस्तान को दहला दिया था। उन्होंने स्वीकारा था कि भारतीय हमलों में रावलपिंडी एयरपोर्ट तक को तबाह कर दिया गया था। आपको याद दिला दें कि 7 मई को भारत ने अचानक ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की, जबकि पाकिस्तान इसके लिए तैयार नहीं था। भारत पहले ये दावे कर चुका था, कि उसने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए, सटीक निशाने साधकर पाक को घुटनों के बल पर आने को मजबूर कर दिया था, लेकिन पाकिस्तान इस पर गोलमोल बातें करता था। अब पाकिस्तान का शीर्ष नेतृत्व ही साफ बता रहा है कि भारत के निशाने कितने सटीक थे और ऑपरेशन सिंदूर कितना सफल रहा था। पाक का यह कबूलनामा भारत में ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वालों के लिए भी करारा जवाब है।



पड़ोस

अरविंद जयतिलक

# अराजक बन चुका यूनुस का शासन तंत्र

**बांग्लादेश में उपजी अराजकता के बीच एक बार फिर अल्पसंख्यक हिंदू निशाने पर है। बीते सप्ताह दीपू चंद्र दास की निर्दयतापूर्वक पीट-पीटकर हत्या और फिर पेड़ से लटकाकर जलाने की कायराना हरकत के बाद समझा गया था कि यूनुस सरकार कट्टरपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी, लेकिन वह हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। सच कहें तो हालात अब पहले से भी बदतर है। अब भी अराजकतावादियों द्वारा हिंदू घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और मंदिरों को लूटा जा रहा है। बेहतर होगा कि भारत सरकार बांग्लादेशी अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश पर दबाव बनाए। वैश्विक समुदाय को भी अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए कदम उठाना चाहिए।**

बांग्लादेश में उपजी अराजकता के बीच एक बार फिर अल्पसंख्यक हिंदू निशाने पर हैं। बीते सप्ताह दीपू चंद्र दास की निर्दयतापूर्वक पीट-पीटकर हत्या और फिर पेड़ से लटकाकर जलाने की कायराना हरकत के बाद समझा गया था कि यूनुस सरकार कट्टरपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी, लेकिन वह हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। सच कहें तो हालात अब पहले से भी बदतर हैं। अब भी अराजकतावादियों द्वारा हिंदू घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और मंदिरों को लूटा जा रहा है। हिंदू इलाकों में डर और भय का माहौल है। हिंदू महिलाएं बेहद असुरक्षित और असहाय हैं। हिंदुओं को अपनी जान बचाने के लिए भागना-छिपना पड़ रहा है। तख्तापलट के बाद अब तक सैकड़ों हिंदू नेताओं और व्यापारियों की हत्या हो चुकी है। सेना और पुलिस तमाशबीन हैं। सच कहें तो अंतरिम सरकार के अगुवा मोहम्मद यूनुस का तंत्र अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए कसाई बन चुका है।

उनकी सरकार अल्पसंख्यक हिंदुओं को मिटाने पर आमादा है। किसी से छिपा नहीं है कि बांग्लादेश में बहुतेरे आतंकी और कट्टरपंथी संगठन हैं जिन्हें यूनुस सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इनका एकमात्र मकसद बांग्लादेश से हिंदू अल्पसंख्यकों को खत्म करना है। इसके लिए वे तीन रास्ते अपना रहे हैं-हत्या, बलात्कार और धर्म परिवर्तन। गत वर्ष ही बांग्लादेश राष्ट्रीय हिंदू महाजोत द्वारा खुलासा किया गया था कि पिछले एक वर्ष में बांग्लादेश में हिंदू समुदायों की 39 महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया। इनमें 27 महिलाएं गैंगरेप का शिकार हुई हैं। 55 महिलाओं से बलात्कार की कोशिश हुई। रिपोर्ट के मुताबिक बलात्कार के बाद 14 महिलाओं की हत्या की गई। हिंदू महाजोत संस्था के जिम्मेदार लोगों की मानें तो पिछले एक वर्ष में अल्पसंख्यक समुदाय के 424 लोगों को मारने का प्रयास किया गया। तकरीबन 360 लोगों को बुरी तरह घायल किया गया। 127 लोगों का अपहरण हुआ। 445 अल्पसंख्यक परिवारों को देश छोड़ने पर मजबूर कर उनकी 89,990 एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया गया। 3694 परिवारों को बेदखल कर उनकी जमीन हड़पने का प्रयास किया गया। 15,115 परिवारों पर पलायन का खतरा बरकरार है। 152 लोगों का धर्म परिवर्तन किया गया है। पिछले एक वर्ष में 51 मंदिरों की जमीन पर कब्जा और 128 मंदिरों पर हमले, तोड़फोड़ एवं आगजनी की गई। मंदिरों से मूर्ति चोरी की 72 घटनाएं हुई। अल्पसंख्यकों से 27 करोड़ 46 लाख 33 हजार रुपये की वसूली की गयी। कुल नुकसान 220 करोड़ 89 लाख टका का हुआ। गौर करें तो यह परिदृश्य तख्तापलट से पहले का है। तख्तापलट के बाद अल्पसंख्यक हिंदुओं पर कितना अत्याचार हुआ है, उसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। सच कहें तो बांग्लादेश में हिंदू समुदाय को अब जीने की आजादी नहीं रह गई है। नतीजतन बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की आबादी तेजी से घट रही है। अभी गत वर्ष ही अमेरिकी मानवाधिकार कार्यकर्ता रिचर्ड बेंकिन ने खुलासा किया था कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी तेजी से घट रही है। रिपोर्ट के मुताबिक शेख हसीना और खालिदा जिया के अंतर्गत बांग्लादेशी सरकारों ने उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की है, जो हिंदुओं के खिलाफ काम करते रहे हैं। बेंकिन के आंकड़ों पर गौर



करें तो बांग्लादेश की कुल आबादी 15 करोड़ है जिसमें से 90 प्रतिशत मुसलमान हैं। हिंदू आबादी घटकर 9.5 प्रतिशत रह गई है। सवाल उठना लाजिमी है कि अगर बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू सुरक्षित हैं तो मुसलमानों की आबादी की तुलना में उनकी आबादी में आनुपातिक वृद्धि क्यों नहीं हुई है? गौर करें तो इसके दो मुख्य कारण हैं। एक सुनियोजित रणनीति के तहत अल्पसंख्यक हिंदुओं का कत्ल और दूसरा उनका धर्मांतरण। आमतौर पर बांग्लादेश का हिंदू जनमानस राजनीतिक और आर्थिक रूप से कमजोर है। आतंकी व कट्टरपंथी संगठनों के अलावा बेगम खालिदा जिया के नेतृत्व वाले राजनीतिक संगठन बीएनपी के समर्थक भी उन्हें लगातार निशाना बनाते रहते हैं। यह तथ्य है कि जब भी बेगम खालिदा जिया की नेतृत्व वाली बीएनपी सत्ता में आई है, हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़ा है। खालिदा सरकार इस्लामिक कट्टरपंथियों को हिंदुओं के खिलाफ भड़काती है। यह तथ्य है कि 2001 में जब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार सत्ता में आई तो योजना बनाकर हिंदुओं का नरसंहार किया गया। उसके समर्थक हिंदुओं के घर जलाए और संपत्तियों की लूटपाट की। हिंदू अल्पसंख्यक महिलाओं के साथ शर्मनाक कृत्य किए। बेगम खालिदा सरकार के डर से लाखों हिंदू बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गए। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सत्ता से विदाई के बाद जब अवामी लीग की सरकार सत्ता में आई तो उसने हिंदू अल्पसंख्यकों को न्याय का भरोसा दिया। उसने खालिदा सरकार के दौरान नरसंहार की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया। आयोग ने 25 हजार से अधिक लोगों को हिंदुओं पर हमले का जिम्मेदार ठहराया और उन पर मुकदमा चलाने का निर्देश दिया। शर्मनाक तथ्य यह कि हमलावरों में खालिदा सरकार के 25 पूर्व मंत्री भी शामिल हैं, लेकिन अरसा गुजर जाने के बाद भी गुनाहगारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। आज भी वे खुलेआम घूम रहे हैं। बांग्लादेश में न केवल अल्पसंख्यकों की निर्मम हत्याएं हो रही है बल्कि उनके संवैधानिक अधिकारों को भी सुनियोजित तरीके से समाप्त किया जा रहा है। खालिदा सरकार के दौरान एक साजिश के तहत हिंदुओं के प्रापर्टीज अधिकारों को सीमित किया गया। हालांकि अवामी लीग की सरकार ने 2011 में 'वेस्टेज प्रापर्टीज रिटर्न (एमेंडमेंट) बिल 2011 पारित कर जब्त की गई या मुसलमानों द्वारा कब्जाई गई हिंदुओं की जमीन को वापस करने का कानून बनाया, लेकिन अभी तक उसका कोई सार्थक नतीजा सामने नहीं आया है। सच तो यह है कि इस बिल के पारित होने के बाद मुस्लिम कट्टरपंथियों में हिंदुओं की जमीन कब्जाने की होड़ मच गई है। अगर कट्टरपंथियों के समर्थन वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी सरकार में आती है तो इस प्रवृत्ति को और बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि 1960 में एक विवादित कानून के तहत हिंदुओं की जमीनें हड़प ली गई थी। यह कानून पूर्वी पाकिस्तान प्रशासन ने लागू किया था और उसम समय बांग्लादेश पाकिस्तान का हिस्सा था। 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद इस कानून का विरोध हुआ सरकार ने अपने वादे के मुताबिक 'वेस्टेज प्रापर्टीज रिटर्न ( एमेंडमेंट) बिल 2011 पारित की है लेकिन अल्पसंख्यक हिंदू अपनी प्रापर्टीज पर काबिज नहीं हो सके हैं। बेहतर होगा कि भारत सरकार बांग्लादेशी अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश पर दबाव बनाए। वैश्विक समुदाय को भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए कदम उठाना चाहिए। अन्यथा वहां भी हिंदू अल्पसंख्यकों की स्थिति पाकिस्तान में बदतर हिंदू अल्पसंख्यकों जैसी होनी तय है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

अलर्ट

डॉ. मोनिका शर्मा



# नए साल के उत्सव पर आतंकी भय का साया


नववर्ष 2026 दस्तक देने वाला है। दुनियाभर में महीनों पहले नए साल के उत्सव की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। आर्थिक पहलू पर यह समय पर्यटन उद्योग के लिए और सामाजिक-पारिवारिक पक्ष पर मेलजोल, यात्राओं और उत्सवीय रौनक के लिए बहुत अहम होता है। दुखद है कि दुनियाभर में बढ़ती आतंकी घटनाओं के चलते नए साल के उत्सव पर भी भय का साया मंडरा रहा है। इसके चलते नववर्ष के स्वागत के बजाय दुनिया के कई बड़े शहर सुरक्षा की चिंता में डूब गए हैं। ध्यातव्य है कि पेरिस, टोक्यो और सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में नववर्ष के सार्वजनिक कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। पेरिस में शॉन्ज एलीजे पर होने वाला कॉन्सर्ट, जापान की राजधानी टोक्यो में शिबुया काउंटडाउन इवेंट, यूरोप के बेलग्रेड शहर में सरकारी स्तर होने वाला न्यू ईयर समारोह जैसे बड़े कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। वहीं न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर न्यू ईयर बॉल ड्रॉप को लेकर भारी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। आतंकी घटनाओं के कारण बने भय के परिवेश में सुरक्षा कारणों से उत्सवों का रद्द होना सचमुच चिंतनीय है। ये दुनिया के किसी भी हिस्से में बसे सहज जीवन जीने वाले आम लोगों को निराश करने वाली स्थितियां हैं। विचारणीय यह भी है कि ऐसे कदम चुस्त-दुरुस्त सुरक्षा के प्रबंध के लिए चर्चा पाने उन देशों में उठाए जा रहे हैं। बेलग्रेड शहर के मेयर अलेक्जेंडर सापिच के अनुसार इस साल कोई आधिकारिक सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं होगा। स्थानीय प्रशासन ने इसके पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया है। हालिया दिनों में दुनिया के कई शहरों में आतंकी घटनाएं होने के कारण जोखिम लेना सही नहीं है। कार्यक्रम निरस्त करने के पीछे अमेरिका में हुई एक बड़ी



कार्रवाई को भी माना जा रहा है। इसमें लॉस एंजिल्स में नववर्ष की संध्या पर कई जगहों पर बम धमाके की साजिश का खुलासा हुआ है। अफसोस कि इन्हीं देशों के कई संस्थान और सरकारें भारत को सहिष्णुता पर नसीहतें देते रहे हैं। ऐसी पीड़ादायी घटनाओं को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करते रहे हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने तो अपनी रिपोर्ट में इस हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों को मिलिटेंट्स और गनमैन तक लिखा था। आतंकी हमलों की गंभीरता को कम करने और भारत के प्रति असहयोगी रवैया अपनाने का यह रुख कई बार देखने को मिला है। फिलहाल नए साल के अवसर पर वहां आतंकी घटना होने की आशंका ही उत्सव मानने में खलल डाल रही है। असल में निर्दोष लोगों का जीवन छीनने की कट्टरता और दुस्साहस अब तीसरी दुनिया के देशों की समस्या भर नहीं रहा। बीते दिनों ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में यहूदी समुदाय द्वारा पर्व की खुशियां मनाते लोगों पर भी आतंकी हमला हुआ था। ज्ञात हो कि हनुक्का उत्सव के दौरान आतंकी हमले को अंजाम देने वाले बंदूकधारियों द्वारा भीड़ पर की गई गोलीबारी में 15 लोगों का जीवन छिन गया था। पिता-पुत्र की जोड़ी द्वारा की गई अंधाधुंध गोलीबारी में दर्जनों की संख्या में लोग घायल हुए थे। 2025 में नववर्ष के दिन ट्रक में सवार एक अमेरिकी सेना के पूर्व सैनिक ने अस्थायी अवरोधों को पार करते हुए न्यू ऑरलियन्स के भीड़भाड़ वाले फ्रेंच क्वार्टर में ट्रक घुसा दिया था। इस घटना में 15 लोगों की मौत हो गई। विकसित देशों में भी आतंकी घटनाओं से भय का परिवेश का बन गया है। स्पष्ट है कि आतंकी घटनाएं और हिंसक मानसिकता अब दुनियाभर में ना केवल डेरा जमा रही है बल्कि सहज जीवन में भी बाधा बन गई हैं। कहना जरूरी है कि हमारा देश तो आतंक की इस पीड़ा को बरसों से भोगता आया है। अब अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप के देश भी इस कट्टरता की तपिश के घेरे में हैं। भारत में तो हालिया वर्षों में सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी सतर्कता से आतंकवादियों के नकारात्मक इरादों को बार-बार विफल किया है। बावजूद इसके पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया गया आतंकी हमला हो या दिल्ली में लाल किले के पास हुआ बम धमाका। हिंसक मानसिकता का यह उन्माद सिर उठाता रहता है। मुस्तैदी से डटी सुरक्षा एजेंसियों से मिला भरोसा ही है कि भारतीय नागरिक अपने पर्व-उत्सव बिना भय के मना पाते हैं।

( लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी




संकलित

दर्शन

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

## अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोके



संकलित

प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## बर्फबारी का मजा



**शोपियां।** जम्मू और कश्मीर के शोपियां में शुक्रवार को इस मौसम की ताजा बर्फबारी हुई। बर्फबारी के बाद, शोपियां जिले को पुंछ-राजौरी से जोड़ने वाली बर्फ से ढकी मुगल रोड का एक नजारा। स्थानीय नागरिक बर्फबारी का मजा लेते हुए।

## आज की पाती

### जाम से कैसे मिले मुक्ति

संतोषीनगर अंडरबिज के पास जाम दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। सुबह शाम को रिंग रोड पार करना एक परीक्षा से कम नहीं। सियासतदारों ने नया बस स्टैंड भाठागांव में ला दिया, लेकिन यह नहीं सोचा की ट्रैफिक का दबाव कैसे डायवर्ट होगा। सुबह किसी को दफ्तर जाना है, कोई अस्पताल के लिए निकलता है और अंडरब्रिज के पास आकर रुक जाता है। यातायात पुलिस जरूर होती है, लेकिन यातायात नियंत्रण करना मुश्किल हो जाता है। अब ऐसे में लोग किससे शिकायत करें।

*– होमन देवांगन, रायपुर*

## ट्रेंड

### सौर ऊर्जा का उपयोग

भारत के युवा सतत विकास के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखा रहे हैं। इस संदर्भ में, मणिपुर के मोइरांगथेम सेठ द्वारा सौर ऊर्जा का उपयोग करके समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयासों की सराहना की जाती है।


**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### विनम्र श्रद्धांजलि

भारत के औद्योगिक विकास के आधार स्तंभ, प्रख्यात उद्योगपति, 'पद्म विभूषण' रतन टाटा की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने भारत में उद्यम एवं उद्यमिता को नई गति प्रदान की, 'आत्मनिर्भर भारत' की सिद्धि में उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे।


**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**



### मर्ज़ी और पर्ची

'मर्ज़ी और पर्ची' ही जिस पार्टी के संगठन और सरकार का आधार हो, वहाँ मौन रहने में ही अपना सम्मान है। जहाँ पूरी कैबिनेट बदल दी जाती है, वहाँ कोई ग़लतफ़हमी में किसी तरह की बयानबाज़ी न करे और न ही किसी समाज को सार्वजनिक चेतावनी दे।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**



### समावेशी विकास

कांग्रेस ने हमेशा जनता के कल्याण, सशक्तिकरण और समावेशी विकास के लिए काम किया है। हम संविधान द्वारा प्रदत्त राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक अधिकारों में समान अवसर में विश्वास रखते हैं।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**



## करंट अफेयर

### श्रीलंका में भारत के राहत पैकेज को संयुक्त समिति लागू करेगी

श्रीलंका और भारत के अधिकारियों को मिलाकर बनाई गई संयुक्त समिति को चक्रवात 'दित्वा' के बाद भारत द्वारा श्रीलंका को दिए जाने वाले पुनर्निर्माण पैकेज की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। मीडिया में रविवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। इस पैकेज की घोषणा विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की, जिन्होंने पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में कोलंबो का दौरा किया था और चक्रवात के बाद कोलंबो के पुनर्निर्माण के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया था। इस चक्रवात के कारण 600 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। कुल 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर के पैकेज में से 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर रियायती ऋण के तौर पर हैं और 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर अनुदान के रूप में होंगे। 'द संडे टाइम्स' के अनुसार, एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संयुक्त समिति पुनर्निर्माण परियोजनाओं, भारतीय ऋण के तहत की जाने वाली खरीद और परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए भारत से मानव संसाधन की तैनाती पर निर्णय लेगी। इसमें कहा गया है कि संयुक्त समिति परियोजनाओं को पूरा करने के लिए तीन, छह और नौ महीने की तीन समय सीमाओं के तहत काम करेगी। यह कार्य पांच अलग-अलग श्रेणियों के अंतर्गत किया जाएगा।



## ऑफ बीट

### क्या मैराथन से हृदय को नुकसान पहुंचता है?



मैराथन दौड़ मानव शरीर को उसकी क्षमता की सीमा तक पहुंचा देती है। पैर थक जाते हैं, सांस फूलने लगती है और हृदय को घंटों तक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इसी वजह से वर्षों से यह सवाल उठता रहा है कि क्या 26 मील (लगभग 42 किलोमीटर) दौड़ना हृदय के लिए नुकसानदेह हो सकता है। अध्ययन में पाया गया कि मैराथन के तुरंत बाद हृदय के दाहिने वेंट्रिकल (जो खून को फेफड़ों तक पहुंचाता है) की पंप करने की क्षमता कुछ समय के लिए कम हो जाती है, लेकिन यह कमजोरी कुछ ही दिनों में ठीक हो जाती है। सबसे अहम बात यह रही कि दस साल की निगरानी अवधि में इन धावकों के हृदय की कार्यक्षमता को कोई स्थायी नुकसान होने के प्रमाण नहीं मिले। यह निष्कर्ष इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पहले के कुछ अध्ययनों में आशंका जताई गई थी कि लंबी अवधि की कसरत हृदय को नुकसान पहुंचा सकती है। यह चिंता मुख्य रूप से लंबी अवधि की कसरत के बाद लिए गए रक्त नमूनों पर आधारित थी। मैराथन के बाद कई धावकों के खून में ट्रोपोनिन नामक पदार्थ का स्तर बढ़ जाता है। ट्रोपोनिन तब निकलता है जब हृदय की मांसपेशियों पर अधिक दबाव या तनाव पड़ता है। डॉक्टर आमतौर पर दिल के दौरे का पता लगाने के लिए ट्रोपोनिन के स्तर का उपयोग करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# सतना में औद्योगिक विकास के लिए 100 एकड़ भूमि पर बनाएंगे नया इंडस्ट्रियल पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत अंतरिक्ष, उद्योग, रक्षा सहित सभी क्षेत्रों में विश्व में अपनी उपलब्धियों का परचम लहरा रहा है। राज्य सरकार भी प्रदेश में उद्योग-व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मप्र में क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव करने के निर्णय की सराहना की है। इन्हें अब जिला स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सतना में विंध्य व्यापार मेले को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले कटनी में माइनिंग सेक्टर पर केंद्रित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुई, अब सतना में एमएसएमई सेक्टर पर आधारित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जाएगी। प्रदेश सर्व सुविधा युक्त बनें, मध्यप्रदेश विकास की दौड़ में सबसे आगे रहे और युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए राज्य सरकार हर कदम पर उद्यमियों के साथ खड़ी है।

**खास बातें**

- जिला स्तर पर आयोजित की जाएंगी सेक्टर आधारित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव
- सतना में एमएसएमई सेक्टर की रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होगी
- विंध्य व्यापार मेले के लिए मिलेगी विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स को 8 एकड़ भूमि



सीएम का उद्बोधन एवं मौजूद जनता।

### विंध्य क्षेत्र में सतना जीएसटी कलेक्शन में अग्रणी जिला

सतना सांसद गणेश सिंह ने कहा कि विंध्य क्षेत्र में सतना जीएसटी कलेक्शन में अग्रणी जिला है। मुख्यमंत्री के कार्यकाल में मप्र में 30 लाख करोड़ से अधिक का निवेश आया है। विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने कहा कि सतना विंध्य की औद्योगिक एवं पवित्र नगरी है। विंध्य व्यापार मेला वर्ष 2000 से प्रति दो वर्ष के अंतराल पर आयोजित हो रहा है। यह मेले का 12वां वर्ष है। इसमें 8 राज्यों के लगभग 250 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। यहां रेडीमेड गारमेंट, इलेक्ट्रॉनिक, मोटे अनाज सहित खान-पान के स्टॉल हैं। उन्होंने विंध्य व्यापार मेले के आयोजन के लिए स्थाई भूमि और व्यापारियों के हित में व्यापार संवर्धन बोर्ड के गठन की आवश्यकता बताई।

## प्रदेश का बजट 7 लाख करोड़ करने का रखा लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने अगले 5 सालों में राज्य का बजट दोगुना कर लगभग 7 लाख करोड़ करने का लक्ष्य रखा है। युवाओं को रोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं। युवाओं को स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। होटल व्यवसाय में राज्य सरकार ने 30 प्रतिशत की सब्सिडी का प्रावधान किया है। यदि कोई रोजगार आधारित उद्योग लगाए तो उन्हें श्रमिकों के वेतन में 5 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है। राज्य में 32 लाख किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पम्प दिए जा रहे हैं। किसानों को बिजली के बिल और अस्थाई कनेक्शन से मुक्ति मिल रही है। किसानों को 60 हजार मूल्य के पंप पर 53 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। राज्य सरकार कुल 30 हजार करोड़ का अनुदान प्रदान करती है।

### 2 वर्षों के कार्यकाल में विंध्य क्षेत्र में एयर कनेक्टिविटी बढ़ाई

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने मुश्किल समय में सहायता के लिए पीएमश्री एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। नए साल में प्रदेशवासियों को सरकारी बस सेवा की सौगात भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने सड़क हादसों में घायलों के लिए मदद के लिए राहवीर योजना की शुरुआत की है। घायलों को अस्पताल पहुंचाकर सहायता करने वाले को सरकार 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दे रही है।*

### सतना विंध्य क्षेत्र में व्यापार-व्यापार का बड़ा केंद्र

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतना विंध्य क्षेत्र में व्यापार का बड़ा केंद्र है। विंध्य व्यापार मेले के सफल आयोजन के लिए सतनावासी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि सतना में औद्योगिक विकास के लिए 100 एकड़ भूमि पर नया इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विंध्य व्यापार मेले के आयोजन के लिए विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स को 8 एकड़ भूमि देने एवं सतना में व्यापारिक गतिविधियों, सांस्कृतिक सम्मेलन आयोजित करने के लिए पीपीपी मोड पर गीता भवन बनाए जाने की घोषणा भी की।*

**खबर संक्षेप**

### लीगल एड डिफेंस काउंसिल की नवीन चयन प्रक्रिया निरस्त

**भोपाल।** लीगल एड डिफेंस काउंसिल के नवीन चयन प्रक्रिया निरस्त कर दी गई है। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा जारी नवीन एसओपी एवं अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भोपाल में लीगल एड डिफेंस काउंसिल मोडिफाईड स्कीम 2022 के अंतर्गत स्थापित कार्यालय-लीगल एड डिफेंस काउंसिल में 01 चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, 03 डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं 06 असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति किए जाने के सम्बंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल द्वारा 17 दिसम्बर 2025 को जारी किया गया था। उक्त भर्ती विज्ञप्ति मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल की भर्ती के संबंध में बनायी गई नवीन एसओपी के अनुपालन में जारी की गयी थी जिस एसओपी को मप्र उच्च न्यायालय के उक्त आदेश के द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

### सीएम साय ने सुनीं 'मन की बात', किया स्वदेशी सामान खरीदने का आग्रह

**रायपुर।** 'मन की बात' के 129वें संस्करण पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर जोर देते हुए देशवासियों से अपील की है कि वे रोजमर्रा की जिंदगी में अधिक से अधिक देश में निर्मित वस्तुओं का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने स्वास्थ्य को लेकर भी महत्वपूर्ण संदेश दिया है कि बिना डॉक्टर की सलाह के दवाइयों का सेवन नुकसानदायक हो सकता है।

### बरगी नहर परियोजना से सतना जिले की 1.5 लाख हैक्टेयर कृषि भूमि होगी सिंचित

# सतना का नया बस स्टैंड अटल बिहारी वाजपेयी अंतरराज्यीय बस अड्डा के नाम से जाना जाएगा

## सीएम ने 652.54 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मशती वर्ष मना रहे हैं। अटल जी के जन्मशती वर्ष में ही मध्यप्रदेश का रीयलस्टिक डेवलपमेंट (अभ्युदय) हो रहा है। हम मप्र में सरकार नहीं, परिवार चलाते हैं। प्रदेश के हर घर को परिवार मानकर जनहित के निर्णय ले रहे हैं। हमारे निर्णयों में अंत्योदय भी है और ग्रामोदय भी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सतना को स्मार्ट सिटी योजना की सौगात देकर विकास कार्यों की गंगा बहा दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सतना के आईएसबीटी परिसर में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने 31 करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित आईएसबीटी का लोकार्पण किया और इसका नामकरण 'अटल बिहारी वाजपेयी अंतर्राज्यीय बस अड्डा' करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अटल जी राजनीति में शुचिता और राष्ट्रीयता के प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्र, धर्म और जनकल्याण के लक्ष्यों को लेकर सरकार चलाई। भारतीय संसद में 50 वर्षो तक अटल जी की निर्भीक वाणी गूंजती रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतना में आईएसबीटी बन चुका है। राज्य सरकार की भी पूरी तैयारी है कि नए साल से प्रदेश में सरकारी बसों का संचालन प्रारंभ हो जाएगा।

### मप्र में नए साल से चलेंगी सरकारी बसें • विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन


विकास कार्यों का भूमिपूजन करते सीएम।

### गांव-गांव तक सुविधाजनक बस परिवहन सेवा शुरू होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा के नाम से प्रदेश के गांव-गांव तक सस्ती और सुविधाजनक बस परिवहन सेवा प्रारंभ कर दी जाएंगी। शहरों में लग्जरी बसें चलाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतना जिले का कोना-कोना सिंचित किया जाएगा। बरगी नहर परियोजना का पूरा लाभ सतना जिले को मिलेगा। इससे यहां की डेढ़ लाख हैक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को सिंचाई की स्थायी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सतना में 652.54 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 12 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

### पूरा हफ्ता मध्यप्रदेश के विकास का ऐतिहासिक सप्ताह

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह पूरा सप्ताह मध्यप्रदेश के विकास का ऐतिहासिक सप्ताह रहा है। धार और बैतूल में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन हुआ। ग्वालियर में अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट का आयोजन हुआ। कुल 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक के औद्योगिक विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ। भोपाल मेट्रो शुरू हुई और आज विन्ध्य के विकास को भी नए पंख लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि सतना में दिल्ली-मुंबई से भव्य बस स्टैंड बनकर तैयार हो चुका है। राज्य में पहले परिवहन विभाग की लाल बसें चलती थीं। अब गांव-गांव तक प्रधानमंत्री मोदी ने सड़कें बनवा दी हैं।

### सतना में 650 बेडेड नए अस्पताल भवन का शिलान्यास

*सीएम ने कहा कि सतना में 650 बेडेड नए अस्पताल भवन का शिलान्यास हो गया है। अमृत 2.0 योजना के माध्यम से सतना को अनेक विकास कार्यों की सौगात मिली है। यहां 7 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम का लोकार्पण भी हुआ है। इसमें डे-नाईट क्रिकेट मैच हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास के लिए सदैव जनता के साथ खड़ी है। नए साल में बरगी नहर से सतना जिले की डेढ़ लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि सिंचित होगी। प्रधानमंत्री मोदी के कर कमलों से चित्रकूट को भी केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का लाभ मिलेगा।*

### डबल इंजन की सरकार में सतना स्मार्ट सिटी में शामिल हुआ

*नगरीय विकास एवं आवास मंत्री और सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि पीएम के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार में सतना स्मार्ट सिटी में शामिल हुआ है। वे प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री हैं, इसलिए सतना जिले के नगरीय विकास में वे कोई कमी नहीं रहने देंगे। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि सतना विकास के हर मामले में अव्वल है। उन्होंने सतना को और अधिक मजबूत बनाने की मांग मुख्यमंत्री से की।*

## मुख्यमंत्री ने अस्पताल भवन और क्रिटिकल केयर यूनिट का किया भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को सतना में शासकीय मेडिकल कॉलेज में 383 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 650 बिस्तरीय नवीन चिकित्सालय भवन का भूमिपूजन किया। चिकित्सालय भवन का निर्माण हो जाने से मेडिकल कॉलेज के समीप ही 650 बिस्तर के आधुनिक अस्पताल की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को उपचार की प्रेक्टिस के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। सतना शहर में ही आधुनिक अस्पताल की सौगात मिलेगी।


भूमिपूजन करते सीएम।

### 650 बिस्तरीय भवन की मिली सौगात

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला अस्पताल सतना में बनने वाले 100 बिस्तरीय आधुनिक वार्ड और 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ वार्ड का शिलान्यास भी किया। इसकी लागत 32 करोड़ 54 लाख रुपए है।*

## उत्तर भारत के 21 गोल्डन अचीवर्स होंगे सम्मानित

**इंदौर।** हम ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जहां समाज में बदलाव की सबसे बड़ी ताकत सरकारें, नीतियां या संसाधन नहीं, बल्कि लोग बन रहे हैं। इसी सोच के साथ सतत विकास के प्रमुख लक्ष्यों को हासिल करने हेतु कार्यरत संस्था '2030_का_भारत' नए साल में एक अनोखा और प्रेरणादायक समारोह आयोजित करने जा रही है, जहां उन लोगों को सम्मानित किया जाएगा, जिनके नेक कार्यों ने समाज में बदलाव की बयार पैदा की है।

- बंदियों के जीवन में सुधार लाने वाले जेलर समेत तीन श्रेणियों में किया जाएगा पुरस्कृत

'गोल्डन अचीवर अवॉर्ड्स- 2026' के नाम से आयोजित इस पहल के अंतर्गत उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में कुल 21 सम्मान प्रदान किए जाएंगे, जो तीन प्रमुख श्रेणियों में विभाजित हैं- बंदियों के जीवन में सुधार लाने वाले जेलर्स, पेशे से प्रोफेशनल न होते हुए भी जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने वाले टीचर्स और भोजन व्यर्थ न करने हेतु अभियान चलाने वाले व्यक्ति। पहली श्रेणी प्रेरणादायी जेलर्स के सम्मान की है। दूसरी श्रेणी उन लोगों की है, जो पेशे से शिक्षक नहीं हैं, लेकिन शिक्षा के वाहकों की भूमिका निभा रहे हैं। तीसरी श्रेणी उन लोगों की है, जो भोजन की बर्बादी रोकने अभियान चलाते हैं। संस्था का मानना है कि समाज में असली बदलाव सिर्फ सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि लोगों की भागीदारी से आता है। यही वजह है कि यह सम्मान उन लोगों को दिया जा रहा है, जो समाज के लिए सोचते हैं।

## व्याख्याता के सूने मकान से लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिला मुख्यालय में चोरों ने हाई स्कूल की एक व्याख्याता के सूने मकान को निशाना बनाया है। चोरों ने मकान से सोने चांदी के जेवरात के अलावा 2 लाख के सामानों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। साथ ही किरायेदार के मकान का भी ताला तोड़कर वहां भी चोरी की गई है।

पीड़िता रिपोर्ट के बाद सिटी कोतवाली पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, आशा भगत ने सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह गेरवानी हाई स्कूल में व्याख्याता के पद पर पदस्थ है, और रामभाठा जवाहर नगर में अपनी मां के साथ रहती है। आशा भगत ने बताया कि 22 दिसंबर को वह परिवार के साथ लोग अपने घर को ताला लगाकर अपने गृहग्राम जशपुर है हुई थी। उसके घर के बगल में अनिल कुजूर किराए में रहता था, वह भी अपने मकान में ताला लगाकर अपने गृह ग्राम बगीचा गया हुआ था। आशा भगत ने बताया कि कल दोपहर 2 बजे वह अपनी मां के साथ जशपुर से रायगढ़ अपने मकान पहुंची और मुख्य गेट का दरवाजा खोलकर अंदर घुसी तो देखा कि कमरे में लगा ताला टूटा हुआ था। घर में रखा तीनों आलमारी टूटा हुआ था।

## माओवादियों के लगाए दो आईईडी को जवानों ने किया निष्क्रिय

**बीजापुर।** गंगालुर थाना क्षेत्र के एफओबी कोप्पागुड़ा से सीआरपीएफ 199 वाहिनी की टीम एफओबी पीड़िया क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन एवं डिमाइनिंग ड्यूटी पर निकली थी। अभियान के दौरान पीड़िया कैम्प से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर निर्माणाधीन सड़क से करीब 50 मीटर दूर डिमाइनिंग के दौरान माओवादियों द्वारा लगाए गए दो आईईडी बरामद



हुई, उसे सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए केरिपु 199 वाहिनी की बीडीडी टीम की सहायता से मौके पर ही सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया गया।

## नाबालिग लड़की लापता, लोगों में आक्रोश

▶▶ बलरामपुर रामानुजगंज

रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम लोधा की खैरवार समाज की एक नाबालिग लड़की 23 दिसंबर की रात से घर से लापता है।

घटना को छह दिन बीत जाने के बाद भी लड़की का कोई सुराग नहीं लग पाने से लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला है। गुस्साए ग्रामीण और लापता लड़की के परिजन रामचंद्रपुर थाना पहुंचे और पुलिस



प्रशासन से शीघ्र पता लगाने की मांग की। थाना परिसर में लोगों की मौजूदगी के दौरान घटना को लेकर गहरी चिंता और नाराजगी देखने को मिली। जनपद पंचायत अध्यक्ष मुद्रिका सिंह ने कहा कि पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं घटित हो चुकी हैं। लगातार ऐसी घटनाओं का होना अत्यंत चिंताजनक है और इन पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मामले में त्वरित व ठोस कार्रवाई करने की मांग की। वहीं, ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं, रामचंद्रपुर थाना प्रभारी मनोज नवरंगे ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### सनावल पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई

## अवैध धान कारोबार का पुलिस ने किया खुलासा

▶▶ बलरामपुर-रामानुजगंज

थाना सनावल पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अवैध धान परिवहन, संग्रहण एवं धोखाधड़ी के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 26 दिसंबर की शाम लगभग 8 बजे अवैध रूप से धान ले जा रहे एक पिकअप वाहन को पकड़कर पूछताछ की गई।

वाहन चालक के बताए अनुसार कुर्लुडीह निवासी श्याम सुन्दर गुप्ता के घर दबिश दी गई, जहां से लगभग 400 बोरी अवैध धान बरामद किया गया। तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में कूटरचित दस्तावेज, चेक बुक, किसान किताबें, बैंक पासबुक, भरे



हुए व कोरे विड्रॉल फॉर्म, तौल पर्ची, डायरी तथा नकद राशि 1,67,100 बरामद की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी दूसरे राज्य से सस्ते दामों पर धान लाकर छत्तीसगढ़ के धान खरीदी केंद्रों में विभिन्न किसानों के खातों से विक्रय करते थे। पुलिस जांच में यह भी पाया गया कि किसानों से पहले ही अंगूठा निशान लेकर अवैध रूप से राशि का आहरण किया जाता था, जिससे किसानों एवं शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही थी। इस मामले में श्याम सुन्दर गुप्ता एवं उसके भाई शिवम गुप्ता की संलिप्तता पाई गई।

## प्रदेश की उपलब्धियों पर विभागीय मंत्रियों ने दी जानकारी

### दुग्ध संकलन के साथ किसानों की आय बढ़ाने हो रहे प्रयास

## बनाई गई चिप से पता लगेगा किस गोशाला में कितनी गाय, अवैध परिवहन पर लगेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये निरंतर प्रयास कर रही है। दो सालों में प्रदेश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के पथ पर निरंतर प्रगति की है।


लखन पटेल।

हमारी सरकार ने गौवंश के संरक्षण और संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश में निराश्रित पशुओं के लिए नवीन गौशाला नीति बनाई है। यह बात शनिवार को पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल ने मिंटो हॉल में मोहन सरकार के दो साल पूरे होने पर विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों बताते हुए कहीं। मंत्री लखन पटेल ने कहा है कि गायों की सुरक्षा के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

### दुग्ध उत्पादन 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य

*मंत्री ने बताया कि देश के दुग्ध उत्पादन में प्रदेश की भागीदारी 09 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने के उद्देश्य से अभिनव योजना ₹डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना₹ प्रारंभ की गई है। एक हितग्राही को एक आवेदन पर एक इकाई (25 दुधारू पशु) या एक से अधिक इकाई (अधिकतम 08 इकाईयों, 200 दुधारू पशु) लेने की पात्रता होगी।*

*मंत्री लखन पटेल कहा कि दो वर्ष की अवधि में संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी अंतर्गत पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के 70 पदों तथा सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के 589 पदों पर नियुक्ति दी गई।*

### कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री ने दी उपलब्धियों की जानकारी

## इंदौर में हुए साड़ी वॉकथान जैसे आयोजन प्रदेश के अन्य शहरों में भी होंगे: राज्यमंत्री

**भोपाल।** हस्तशिल्प और हैण्डलूम से जुड़े विभाग के ब्रॉण्ड - मृगनयनी, विंध्या वैली, कबीरा और प्राकृत के उत्पाद मध्यप्रदेश पर्यटन की इकाइयों और प्रदेश के प्रमुख धार्मिक केन्द्रों सहित लोकों में विक्रय के लिए आकर्षक रूप से प्रदर्शित कराए जाएंगे। साड़ी पहनने की गौरवशाली परम्परा को प्रोत्साहित करने के लिए इंदौर में हुए साड़ी वॉकथान जैसे आयोजन प्रदेश के अन्य शहरों में आयोजित किये जायेंगे। यह बात कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने शनिवार को एक निजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। राज्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार रेशम उत्पादन गतिविधियों का प्रदेश के अन्य जिलों में विस्तार तथा इस गतिविधि में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा।



दिलीप जायसवाल।

### पीएम ऑफिस के लिए हेरिटेज महेश्वरी स्टॉल का चयन

*राज्य मंत्री जायसवाल ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिथियों को भेंट करने के लिए प्रदेश के हेरिटेज महेश्वरी स्टॉल का चयन किया गया है। विभाग द्वारा यह स्टॉल विशेष रूप से गोंड पेंटिंग और बेलमेटल से सुसज्जित लकड़ी के बॉक्स में प्रदाय किए जा रहे हैं। इन स्टॉल की मांग विदेशी दूतावासों से भी प्राप्त हुई है।*

*प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल*

*प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। योजना के तहत ऋण प्रकरणों की स्वीकृति में मध्यप्रदेश का देश में चौथा और ऋण वितरण में तृतीय स्थान है।*



# 1000 करोड़ पार हुई धुरंधर ऐसा करने वाली साल की पहली फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड में हर साल कई बड़ी फिल्में आती हैं, लेकिन कुछ ही ऐसी होती हैं जो लंबे समय तक सिनेमाघरों में टिककर इतिहास रचती हैं। इन्हीं में से एक नाम बन चुका है फिल्म धुरंधर, जिसने रिलीज के चौथे हफ्ते में भी अपनी रफ्तार बरकरार रखी है। जिस तरह से फिल्म ने लगातार चार शनिवार को शानदार कमाई की है। चौथे हफ्ते के शनिवार को फिल्म ने 20 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन किया। आमतौर पर इस स्टेज पर फिल्में सीमित स्क्रीन्स और कम शो के साथ संघर्ष करती हैं, लेकिन धुरंधर ने इसके उलट शानदार प्रदर्शन किया। इसी के साथ ही फिल्म ने सिर्फ भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ही 1000 करोड़ का आंकड़ा पार कर दिया है और इसी के साथ इस साल ऐसा करने वाली पहली फिल्म भी बन गई है।

## लाइफ Style



# हुमा एलिजाबेथ के किरदार में बिखेरेंगी जलवा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केजीएफ स्टार यश की मच अवेटेड फिल्म टॉक्सिक को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। यही कारण है कि फैंस फिल्म के हर एक अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अभिनेत्री कियारा आडवाणी के बाद अब फिल्म से हुमा कुरैशी का फर्स्ट लुक सामने आया है।

मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर हुमा कुरैशी के लुक को जारी किया है। इस लुक में हुमा काले कपड़ों में खड़ी नजर आ रही हैं। एक काले रंग की कार के पास हुमा एक मॉडर्न गाउन पहने खड़ी हैं और पोज दे रही हैं। पीछे एक परी की तरह की मूर्ति भी नजर आ रही है। हुमा के लुक को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'पेश है टॉक्सिक- फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में एलिजाबेथ के किरदार में हुमा कुरैशी।'इस लुक में हुमा किसी महारानी की तरह नजर आ रही हैं। उनका लुक उनके किरदार के दमदार होने का सबूत देता है। इससे पहले फिल्म से कियारा आडवाणी का लुक भी सामने आ चुका है। अभिनेता यश ने ही कियारा आडवाणी के लुक को भी रिवील किया था। इसमें कियारा रैंप पर वॉक करती दिख रही थीं। उन्होंने ऑफ शोल्डर हाई स्लिट गाउन पहना हुआ था। रैंप वॉक करते हुए वह रो रही थीं। उनके चेहरे पर आंसू के निशान दिख रहे थे। हालांकि उनके पीछे जश्न का माहौल नजर आया था। पोस्टर शेयर करते हुए यश ने कैप्शन में लिखा था 'टॉक्सिक- फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में नादिया के रूप में कियारा आडवाणी।' गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

## हॉलीवुड मसाला



# बोल्ड किरदारों के लिए फेमस थीं

**लॉस एंजिल्स।** यूरोपीय सिनेमा और ग्लैमर की दुनिया से एक युग का अंत हो गया है। फ्रेंच सिनेमा और हॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाने वाली दिग्गज अभिनेत्री और गायिका ब्रिजिट बार्डो का 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बार्डो सिर्फ एक फिल्म स्टार नहीं थीं, बल्कि वह 20वीं सदी की उन शख्सियतों में शामिल रहीं जिन्होंने सिनेमा, फैशन, महिला स्वतंत्रता और सामाजिक बहसों को नई दिशा दी। 1950 और 60 के दशक में ब्रिजिट बार्डो का नाम ग्लैमर और बोल्डनेस का पर्याय बन गया था।



# वो हॉलीवुड गाना जो बना लाखों दिलों की धड़कन

**लॉस एंजिल्स।** 34 साल के एड शीरन ने अपने गानों से हर जवां दिल पर राज किया है और आज वो इंडियन म्यूजिक लवर्स के लिए किसी आइकॉन से कम नहीं हैं। साल 2014 में सिंगर एड शीरन का गाना 'फोटोग्राफ' रिलीज हुआ था, जिसके लिरिक्स में वो पुरानी यादों और तस्वीरों की बात करते हैं। सिंगर इस सॉन्ग में दर्शाते हैं कि हम अपने अच्छे पलों को तस्वीरों में सजाकर इसलिए रखते हैं, ताकि हम उन्हें दोबारा जी सकें। एड शीरन के इस गाने का एक और वर्जन आज से 10 साल पहले रिलीज किया था, जिसमें उन्होंने अपने माता-पिता द्वारा लिए गए उनकी बचपन की वीडियो को एड किया था। वहीं इस गाने में सिंगर के स्ट्रगल को भी क्लिप के जरिए दिखाया गया था। सॉन्ग 'फोटोग्राफ'को इंडिया में आज भी सालों बाद उतना ही पसंद किया जाता है, जितना साल 2014 में लोगों ने पसंद किया था।



# प्रलय में रणवीर के साथ आएंगी नजर...

**नई दिल्ली।** साल की सबसे कमाऊ फिल्म 'धुरंधर' देने के बाद रणवीर सिंह प्रलय की तैयारी में जुटने वाले हैं। मार्च 2026 में धुरंधर का दूसरा पार्ट आएगा जिसके बाद रणवीर प्रलय की शूटिंग शुरू करेंगे। हालांकि इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन हीरोइन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। प्रलय में रणवीर सिंह के साथ जिस हीरोइन का नाम सामने आ रहा है वो है आलिया भट्ट। जी हां रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अपनी सफल फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी (RRKPK) के बाद एक बार फिर साथ काम कर सकते हैं। एक हालिया मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म प्रलय में फीमेल लीड रोल के लिए आलिया भट्ट के नाम पर विचार किया जा रहा है, जिसे जय मेहता डायरेक्ट करेंगे।



# अक्षय की जगह दृश्यम-3 में होंगे जयदीप

**मुंबई।** बॉलीवुड में जब भी किसी बड़े प्रोजेक्ट से जुड़ा विवाद सामने आता है, तो चर्चाओं का बाजार अपने आप गर्म हो जाता है। इन दिनों ऐसा ही कुछ देखने को मिल रहा है फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर, जहां कास्टिंग को लेकर दिए गए एक बयान ने इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। फिल्म के निर्माता कुमार मंगत पाठक के हालिया बयान ने न सिर्फ सुर्खियां बटोरी हैं, बल्कि दो दमदार अभिनेताओं अक्षय खन्ना और जयदीप अहलावत की तुलना को लेकर बहस भी छेड़ दी है। निर्माता कुमार मंगत पाठक ने इस बात की पुष्टि की कि फिल्म दृश्यम 3 में अक्षय खन्ना की जगह अब जयदीप अहलावत नजर आएंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने इस बदलाव को ईश्वर की कृपा बताते हुए जयदीप को अक्षय से बेहतर अभिनेता तक कह डाला।

## टीवी मसाला



# नागिन 7 में तेजस्वी की झलक प्रियंका से ज्यादा रही चर्चा...

**नई दिल्ली।** सीरियल 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। वह इस बार इच्छाधारी नागिन के रोल में नजर आएंगी। इससे पहले के सीजन में नागिन का रोल तेजस्वी प्रकाश ने किया। वहीं सबसे पहले सीजन में मौनी रॉय नागिन के किरदार में दिखी थीं। तेजस्वी और मौनी रॉय को इस किरदार में सबसे ज्यादा पसंद किया गया। हाल ही में जब सीरियल 'नागिन 7' का पहला एपिसोड दर्शकों ने देखा तो लीड एक्ट्रेस प्रियंका चाहर से ज्यादा चर्चा तेजस्वी प्रकाश रही। सोशल मीडिया पर 'नागिन 7' के कुछ वीडियो वायरल हैं, जिसमें पहले एपिसोड की शुरुआत ही तेजस्वी प्रकाश से होती है। वह नागिन के किरदार में हैं, जो अपने पूरे जीवन को याद करती है। दरअसल, वह घायल है, साथ ही गर्भवती भी है। एक परिवार से मदद मांगती है। फिर एक बच्ची का जन्म होता है, जो आगे चलकर नई नागिन (प्रियंका चाहर) बनेगी। सोशल मीडिया पर फैंस ने जब 'नागिन 7' में तेजस्वी को देखा तो जमकर रिएक्शन दिए। एक यूजर ने लिखा, 'यह बात मेकर्स को पता है कि अभी भी नागिन 7 में तेजस्वी प्रकाश की जरूरत है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'तेजस्वी की स्क्रीन प्रेजेंस सच में बहुत शानदार है। उन्हें नागिन के रूप में फिर से स्क्रीन पर देखना बहुत अच्छा लगा। और सच कहूं तो...तेजू हमेशा मेरे लिए 'द नागिन' रहेंगी।' प्रियंका चाहर की एंट्री से पहले ईशा सिंह की एंट्री शो में हुई। वह प्रियंका चाहर के किरदार की बहन के तौर पर नजर आएंगी। लेकिन क्या वह भी इच्छाधारी नागिन हैं, यह आने वाले एपिसोड में पता चलेगा। लेकिन फैंस ने ईशा की एंट्री को भी पसंद किया है।

# चाचा जी के लिए मुसीबत बना पोपटलाल का छाता

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अबतक आपने देखा कि चाचा जी अभी तक पेड़ पर ही अटके हुए हैं। उन्हें पेड़ से उतारने की हर मुमकिन



कोशिश हो रही है, लेकिन किसी का कोई भी आइडिया काम नहीं कर रहा है। बड़ी मुश्किल से टप्पू और उसके दोस्तों का लंबी सीढ़ी का आइडिया काम में आया था, लेकिन इस आइडिया के बीच सांप आ गया। अगले एपिसोड में आप देखेंगे कि चाचा जी को सांप से बचाने के लिए भिड़े पोपटलाल का छाता मांगेगा। वो कहेगा कि पोपटलाल का छाता वो ऊपर फेंका। ये बात सुनते ही पोपटलाल भड़क जाता है। वो कहता है कि वो अपना छाता फेंकने नहीं देगा। इसके बाद भिड़े उसे समझाता की ये छाता वो चाचा दी को देगा ताकि चाचा जी वो छाता खोलकर बैठ जाएं और सांप उन्हें न काट पाए। इसके बाद भिड़े वो छाता चाचा जी को देगा। लेकिन पोपटलाल का ये छाता चाचा जी के लिए और मुसीबत लाएगा।

# निर्माता ने अमिताभ को दिया था अवॉर्ड खरीदने का ऑफर

सदी के महानायक ने कही थी हैरान करने वाली बात

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के सबसे बड़े अभिनेताओं में से एक हैं। वह अपनी अदाकारी के अलावा अपने कुछ उसूलों के लिए जाने जाते हैं। फिल्म 'खुदा गवाह' के निर्माता मनोज देसाई ने उनसे जुड़ा एक किस्सा साझा किया है। मनोज देसाई ने दावा किया है कि अमिताभ बच्चन को एक बार बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड खरीदने का ऑफर दिया गया था, जिसे उन्होंने मना कर दिया था। विक्की लालवानी से बातचीत में निर्माता मनोज देसाई ने यह खुलासा किया।

## अमिताभ अवॉर्ड नहीं खरीदते

बातचीत में मनोज देसाई ने कहा, 'एक बार मैं और अमिताभ बच्चन अवॉर्ड फंक्शन के दौरान साथ बैठे थे। रऊफ अहमद (दिवंगत फिल्म लेखक) मेरे पास आए और मुझसे पूछा, 'अगर मैं अमिताभ बच्चन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दूं, तो क्या तुम इस पार्टी का पूरा खर्च उठाओगे?' मैंने यही बात अमिताभ बच्चन से पूछी। इस पर उन्होंने मुझसे कहा अमिताभ अवॉर्ड नहीं खरीदते।



## धर्मेंद्र ने भी नहीं खरीदा अवॉर्ड

मनोज देसाई ने दावा किया कि धर्मेंद्र भी अमिताभ बच्चन की तरह अवॉर्ड न खरीदने के सिद्धांत पर चलते थे। उन्होंने कहा, 'धर्मेंद्र ने भी ऐसे ऑफर को मना कर दिया था। उन्होंने कहा कि वह कोई अवॉर्ड नहीं खरीदेंगे। जब उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला था, तब उन्होंने अपनी स्पीच में कहा था कि उन्हें अपनी कई पिछली फिल्मों के लिए अवॉर्ड मिलने चाहिए थे, लेकिन उन्हें वे अवॉर्ड नहीं दिए गए।'

## बिग बी का वर्कफ्रंट

मुकुल एस आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म 'खुदा गवाह' में श्रीदेवी ने डबल रोल किया था। इसमें शिल्पा शिरोडकर और नागार्जुन अहम किरदार में थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। अमिताभ बच्चन को आखिरी बार तमिल फिल्म 'वेट्टैयन' में देखा गया था। वह अपकमिंग फिल्म 'रामायण' का हिस्सा होंगे।

# लगातार बढ़ रहे हैं फिल्मों की टिकटों के दाम : माधुरी

*नई दिल्ली। कोविड के बाद से ये देखा जा रहा है कि सिनेमाघरों से जनता धीरे-धीरे दूरी बना रहे हैं। जिसकी वजह थिएटर्स में फिल्मों की टिकटों के बढ़ते दाम हैं। जो फिल्म अच्छी होती हैं, उन्हें देखने के लिए भारी तादाद में बेशक लोग पहुंचते हैं, लेकिन अगर किसी मूवी को लेकर उनके मन में द्वंद्व है तो वह पैसा बचाने के लिए उसकी ओटीटी रिलीज का इंतजार करते हैं। हाल ही में माधुरी दीक्षित वेब सीरीज मिसेज देशपांडे में नजर आई हैं, जिसको लेकर उनका नाम फिलहाल चर्चा में बना हुआ है। इस बीच माधुरी ने एक इंटरव्यू में फिल्मों की टिकटों के बढ़ती कीमतों को लेकर खुलकर बात की है और कहा है 'अगर फिल्म की कहानी अच्छी है तो वह हर हाल में चलेगी और लोग उसे देखने के लिए थिएटर्स में पहुंचेंगे। इस आधार पर ये कहा जा सकता है कि फिल्में चल नहीं रही हैं, लेकिन सही मायनों में देखा जाए तो टिकटों के दाम काफी ज्यादा है। परिवार को सिनेमाघरों में एक फिल्म देखने के लिए अपना बजट बनाना पड़ता है। इस वजह से वे ध्यान से सोचते हैं कि कौन सी मूवी देखनी चाहिए और कौन सी नहीं। हालांकि, ओटीटी भी इसमें अहम भूमिका अदा करता है। अब जनता को घर बैठे ऑनलाइन एंटरटेनमेंट मिल रहा है और वीकेंड में लोग सिनेमाघरों से ज्यादा घर पर बैठकर ओटीटी पर फैमिली के साथ मनोरंजन का आनंद लेते हैं। कभी भी किसी भी समय पर ओटीटी पर फिल्म और सीरीज आसानी से देखने को मिल जाती हैं।' इस तरह से माधुरी दीक्षित ने फिल्मों की टिकटों की बढ़ती कीमतों लेकर अपनी राय रखी है और बताया है कि किस तरह से सिनेमा जगत को प्रभावित कर रहा है। माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज मिसेज देशपांडे को हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर ऑनलाइन रिलीज किया गया है।*



## रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों ने दर्शकों को बांधे रखा सिनेमाघरों में

# साल 2025 में इन 6 हॉरर फिल्मों ने जमकर डराया

*नई दिल्ली। साल 2025 हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए एक शानदार साल साबित हुआ। इस साल रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों और पुरानी हिट फ्रेंचाइजी की वापसी ने सिनेमाघरों में खौफ का जबरदस्त माहौल बनाए रखा। पर्दे पर सिर्फ भूत-प्रेत ही नहीं, बल्कि दिमाग घुमा देने वाले साइको-थ्रिलर और लोककथाओं पर आधारित अलौकिक शक्तियों का ऐसा टशन देखने को मिला, जिसने दर्शकों को कुर्सी छोड़ने नहीं दी। साल 2025 डर और रोमांच के नाम रहा. जहां हॉरर जॉनर ने बॉक्स ऑफिस से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक अपनी धाक जमाई। इस साल दर्शकों को सिर्फ डराया ही नहीं गया, बल्कि रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों से उन्हें सिनेमाघरों में बांधे रखा गया। खासकर साउथ इंडियन सिनेमा ने अपनी लोककथाओं और पुरानी रस्मों-रिवाजों को जिस तरह हॉरर के साथ पिरोया, उसने दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्सुकता पैदा की।*

**छोरी 2 :** साल 2025 की शुरुआत में 11 अप्रैल 2025 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई 'छोरी 2' से हुई। नुसरत भरूचा और सोहा अली खान स्टारर इस सीक्वल ने पहले पार्ट की तरह अलौकिक तत्वों और साइलॉजिकल डर से दर्शकों को बांधे रखा। बेटी को बचाने के लिए मां की लड़ाई और भयावह शक्तियों का सामना करने वाली कहानी ने खूब सराहना बटोरी। यह फिल्म हॉरर में सोशल मैसेज को जोड़ने के लिए जानी गई।

**द भूतनी :** 1 मई को थिएटर्स में आई 'द भूतनी'. संजय दत्त, मौनी रॉय, सनी सिंह और पलक तिवारी स्टारर यह हॉरर-कॉमेडी कॉलेज कैंपस में वर्जिन ट्री पर रहने वाली भूतनी की कहानी पर आधारित थी। हंसाती और डराती इस फिल्म ने हल्का-फुल्का मनोरंजन दिया, हालांकि कुछ ने इसे हॉरर से ज्यादा कॉमेडी बताया।

**मां :** काजोल की 'मां' 27 जून को रिलीज हुई। यह माइथोलॉजिकल हॉरर फिल्म थी, जिसमें काजोल एक मां बनीं, जो अपनी बेटी को बचाने के लिए देवी काली का रूप धारण करती है। डेमोनिक कर्स और गांव की लोककथाओं पर आधारित यह फिल्म मदरहुड और सुपरनैचुरल का मिश्रण थी। काजोल की परफॉर्मेंस की तारीफ हुई।

**डाइस इरा :** हैलोवीन पर 31 अक्टूबर को थिएटर्स में आई मलयालम हॉरर थ्रिलर 'डाइस इरा'। प्रणव मोहनलाल स्टारर यह फिल्म राहुल सदाशिवन के निर्देशन में बनी। एक अमीर आर्किटेक्ट की जिंदगी में सुपरनैचुरल घटनाओं की कहानी ने दर्शकों को रोमांचित किया। बाद में 5 दिसंबर को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई यह फिल्म साल की सबसे सफल हॉरर फिल्मों में शुमार हुई।

**थामा :** इसके अलावा 'थामा' जैसी हॉरर फिल्म ने भी साल 2025 में सिनेमाघरों में जमकर जलवा बिखेरा. आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म में भी हल्के अंदाज में हॉरर पुट देखने को मिले। इस हॉरर-कॉमेडी मूवी को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।



**बारामूला :** 7 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई 'बारामूला'। मानव कौल और भाषा सुम्बली स्टारर यह सुपरनैचुरल थ्रिलर कश्मीर के बारामूला में बच्चों के गायब होने की जांच पर आधारित थी। पुलिस ऑफिसर के घर में छुपे राज और कश्मीरी पंडित से इंस्पायर्ड तत्वों ने इसे इमोशनल डेप्थ दी. अलग स्टोरीलाइन और रोंगटे खड़े करने वाले सीन ने इसे स्पेशल बनाया।

# खेल में रिकॉर्ड टूटे और गोल्ड बरसे

2025 भारत के लिए खेलों के लिहाज से इतिहास रचने वाला वर्ष रहा। व्यक्तिगत स्तर पर कई उपलब्धियों ने भारतीय खेल को वैश्विक पहचान दिलाई। साथ ही टीम इंडिया ने ICC चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती। ये उपलब्धियां न सिर्फ आज बल्कि आने वाले वर्षों में भारत को खेल की दुनिया में ऊंचा स्थान देती रहेंगी। साल 2025 भारतीय खेल इतिहास के उन खास वर्षों में शामिल हो गया, जब देश ने एक साथ कई खेलों में वैश्विक स्तर पर अपनी ताकत का एहसास कराया। क्रिकेट में जहां भारतीय पुरुष टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतकर अपना दबदबा कायम रखा, वहीं नवी मुंबई में महिला टीम की पहली वर्ल्ड कप जीत ने इतिहास रच दिया। इसके साथ ही शतरंज में डी. गुकेश और दिव्या देशमुख जैसे युवा सितारों ने भारत को नई पहचान दिलाई, जबकि नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो में एक बार फिर देश का परचम लहराया। पैरा-स्पोर्ट्स और एशियाई खेलों में भी भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि 2025 सिर्फ उपलब्धियों का साल नहीं, बल्कि भारत के खेल महाशक्ति बनने की कहानी का अहम पड़ाव रहा।




## 2025 एशियन यूथ गेम्स में रिकॉर्ड प्रदर्शन

भारत ने 2025 एशियाई यूथ गेम्स में अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज की, जहां 48 कुल पदक। इनमें 13 गोल्ड, 18 सिल्वर और 17 ब्रॉन्ज शामिल हैं। यह सबसे बड़ी एशियाई युवा खेल उपलब्धि थी और इससे भविष्य के युवा खेल सितारों को 2026 युथ ओलंपिक्स के लिए क्वालिफाइंग स्लॉट भी मिले। भारतीय युवा एथलीट्स ने कुश्ती, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, कबड्डी, वेटलिफ्टिंग सहित विभिन्न खेलों में दमदार प्रदर्शन दिखाया।




## विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में गोल्ड

2025 में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने गोल्ड मेडल जीता। यह भारत का विश्व चैंपियनशिप में पहला कंपाउंड तीरंदाजी गोल्ड था। टीम में ऋषभ यादव, प्रभात सलुनखे और पृथमेश फुगे जैसे युवा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे इस खेल में भारत की बढ़ती क्षमता स्पष्ट हुई।

## भारतीय महिला टीम पहली बार बनी वर्ल्ड चैंपियन



2025 का साल भारतीय महिला क्रिकेट के लिए स्वर्णिम अध्याय बनकर आया, जब टीम इंडिया ने पहली बार महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। फाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास, संयम और आक्रामकता का शानदार संतुलन दिखाते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम को हराया। कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में टीम ने पूरे टूर्नामेंट में निरंतरता बनाए रखी, जबकि युवा खिलाड़ियों ने बड़े मंच पर बेखौफ प्रदर्शन कर यह साबित किया कि भारतीय महिला क्रिकेट अब नए युग में प्रवेश कर चुका है। यह खिताबी जीत न सिर्फ एक ट्रॉफी थी, बल्कि महिला क्रिकेट को बराबरी, पहचान और सम्मान दिलाने वाला पल भी साबित हुई, जिसने देशभर में लाखों लड़कियों को खेल के मैदान तक पहुंचने का सपना दिखाया।



## विश्व मुक्केबाजी में दिखा भारत का दम

ग्रेटर नोएडा में आयोजित 2025 के विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप फाइनल्स में जैस्मिन लैंबोरिया ने महिला 57 किग्रा कैटेगरी में गोल्ड जीता। इसके अलावा नुपुर सेरोन ने +80 किग्रा में सिल्वर हासिल किया, जिससे यह अभियान भारतीय मुक्केबाजी के इतिहास के कुछ सबसे सफल अभियानों में से एक बन गया। विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स 2025 में भारत ने कुल 20 पदक (9 स्वर्ण, 6 रजत, 5 कांस्य) जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।



## भारत की गौरव बनीं तीरंदाज शीतल देवी

पैरा-तीरंदाज शीतल देवी ने वर्ल्ड टाइटल जीतकर देश का मान बढ़ाया। इतना ही नहीं, शीतल ने इतिहास रचते हुए जेद्दा में होने वाले एशिया कप (चरण तीन) के लिए भारत की सक्षम जूनियर टीम में जगह बना ली। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि शीतल अब उन कुछ खिलाड़ियों में शामिल हो गई हैं जो पैरालंपिक के साथ-साथ सक्षम (सामान्य) प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा ले रही हैं।




## चैंपियंस ट्रॉफी में चला भारतीय टीम का जादू

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूज़ीलैंड को हराकर तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीता। रोहित शर्मा की कप्तानी में यह ऐतिहासिक जीत वनडे क्रिकेट में देश की मजबूत पहुंच को दर्शाती है।

## भारतीय दृष्टिबाधित महिला टीम ने जीता टी20 विश्व कप का खिताब

2025 में भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया। भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट से हराया। इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा।



## महिला खो-खो विश्व कप 2025 में जीता विश्व खिताब

भारतीय महिला खो-खो टीम ने 2025 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपनी झोली में डाला। ढाका में हुए फाइनल में चीनी ताइपे को मात देकर यह उपलब्धि भारतीय पारंपरिक खेल की वैश्विक वृद्धि को दर्शाती है।






## वर्ल्ड कप शूटिंग : भारत का पहला गोल्ड

20 साल के सम्राट राणा ने अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में विश्व चैम्पियनशिप गोल्ड जीता। यह भारत के लिए शूटरिंग वर्ल्ड में एक ऐतिहासिक पल था और इस युवा खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का गौरव बढ़ाया।

# साल 2025 की बड़ी राजनीतिक घटनाएं जिन्होंने भारत की राजनीति को झकझोर दिया

साल 2025 भारतीय राजनीति के लिए उथल-पुथल और बड़े फैसलों का साल रहा। आतंकवाद पर करारा जवाब देने वाले ऑपरेशन सिंदूर से लेकर चौंकाने वाले चुनावी नतीजे, वक्फ कानून, उपराष्ट्रपति का इस्तीफा, वोट-चोरी विवाद और न्यायपालिका से जुड़े सवालों तक- हर घटना ने देश की राजनीति को झकझोर दिया। इन फैसलों का असर आने वाले सालों तक दिखेगा।




## ऑपरेशन सिंदूर : जब देश एक सुर में बोला

2025 की सबसे बड़ी और निर्णायक घटना ऑपरेशन सिंदूर रही। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर बड़ा एक्शन लिया। 6 और 7 फरवरी की रात हुई इस कार्रवाई में 125 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। यह उरी और बालाकोट के बाद भारत की तीसरी बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक थी। खास बात यह रही कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद, इस मुद्दे पर देश एकजुट नजर आया। बाद में सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे ने नई बहस छेड़ दी, लेकिन भारत सरकार ने किसी भी बाहरी मध्यस्थता से साफ इनकार कर दिया।

## दुनिया में भारत की बात डिप्लोमैटिक स्ट्राइक

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने कूटनीतिक मोर्चे पर भी आक्रामक रुख अपनाया। अलग-अलग दलों के सांसदों की टीम बनाकर उन्हें विदेश भेजा गया, ताकि भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखा जा सके। हालांकि, कांग्रेस नेता शशि थरूर का सरकार के पक्ष में खुलकर खड़ा होना उनकी पार्टी को रास नहीं आया। यह घटना दिखाती है कि विदेश नीति के मुद्दे पर राजनीति कितनी जटिल हो चुकी है।






## वक्फ संशोधन कानूनः सुधार या विवाद?

अप्रैल 2025 में लागू हुआ वक्फ (संशोधन) अधिनियम एक बड़ा राजनीतिक और सामाजिक मुद्दा बना। सरकार ने इसे पारदर्शिता और सुधार की दिशा में कदम बताया, जबकि विपक्ष और कुछ मुस्लिम संगठनों ने विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल हुईं, लेकिन अदालत ने कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। नए प्रावधानों ने वक्फ बोर्ड की शक्तियों और संरचना में बड़ा बदलाव किया।

## ट्रंप टैरिफ और विदेश नीति की परीक्षा




डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने से विदेश नीति पर बहस तेज हो गई। वजह बताई गई भारत का रूसी तेल आयात। विपक्ष ने इसे मोदी-ट्रंप दोस्ती की विफलता बताया, लेकिन आर्थिक मोर्चे पर भारत को खास नुकसान नहीं हुआ. उल्टा, साल के अंत तक निर्यात में बढ़ोतरी और रूसी तेल आयात में कमी देखी गई, जिससे सरकार को राहत मिली।

## वोट चोरी और न्यायपालिका पर सवाल

एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बिहार से शुरू हुआ विवाद पूरे देश में फैल गया। राहुल गांधी ने इसे 'वोट चोरी' करार देते हुए बड़ा अभियान छेड़ा। इसी साल न्यायपालिका भी कई विवादों में घिरी, कभी सुप्रीम कोर्ट में जूता फेंकने की घटना, तो कभी हाई कोर्ट के जजों पर लगे गंभीर आरोप। इन घटनाओं ने न्यायिक व्यवस्था की छवि और उसकी निष्पक्षता पर बहस छेड़ दी।





# धरती पर अभी खत्म नहीं हुई खोज की कहानी हर साल मिल रही हैं 16 हजार से ज्यादा नई प्रजातियां



न्यूयार्क। करीब 300 साल पहले स्वीडन के वैज्ञानिक कार्ल लिनियस ने इस पर काम करना शुरू किया था। धरती पर मौजूद हर जीव को पहचाना जाए और उसका नाम रखा जाए। उन्होंने दो नामों वाली पहचान प्रणाली शुरू की और 10 हजार से ज्यादा पौधों और जानवरों को दर्ज किए. तभी से वैज्ञानिक इस काम को आगे बढ़ाते आ रहे हैं।

### हर कोने से निकल रही है नई जिंदगी



### रूप और बनावट से पहचानी जाती हैं नई प्रजातियां

बता दें कि एक रिसर्च में पता है कि मछलियों, मेंढकों और पौधों की असली संख्या हमारी जानकारी से कहीं ज्यादा हो सकती है। अनुमान है कि मछलियों की कुल संख्या एक लाख से ज्यादा और मेंढकों की संख्या 40 हजार से ऊपर हो सकती है। वहीं, पौधों की प्रजातियां पांच लाख से भी ज्यादा हो सकती हैं। आज ज्यादातर नई प्रजातियां उनके रूप और बनावट से पहचानी जाती हैं। अब डीएनए जांच जैसी नई तकनीकें सामने आ रही हैं। इससे ऐसे जीव भी पहचाने जा रहे हैं, जो दिखने में एक जैसे होते हैं लेकिन अंदर से अलग होते हैं।

### 16 हजार से ज्यादा नई प्रजातियां

अब यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना के वैज्ञानिकों की एक नई रिसर्च ने चौंकाने वाली जानकारी साझा की है। रिसर्च के मुताबिक आज दुनिया में हर साल 16 हजार से ज्यादा नई प्रजातियां खोजी जा रही हैं। यह अब तक की सबसे तेज रफ्तार है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह रफ्तार धीमी नहीं हो रही, बल्कि आगे और बढ़ सकती है। इस रिसर्च की अगुवाई करने वाले प्रोफेसर जॉन वाइंस ने बताया कि पहले कुछ लोग मानते थे कि अब नई प्रजातियां कम बची हैं। आंकड़े कुछ और कहते हैं।

### 20 लाख प्रजातियों के पुराने रिकॉर्ड

वैज्ञानिकों ने करीब 20 लाख प्रजातियों के पुराने रिकॉर्ड देखे। खास तौर पर 2015 से 2020 के बीच का डेटा देखा गया। इस दौरान हर साल औसतन 16 हजार से ज्यादा नई प्रजातियां दर्ज की गईं। इनमें 10 हजार से ज्यादा जानवर थे। जिनमें ज्यादातर कीड़े और कीट शामिल हैं। इसके अलावा करीब 2500 पौधे और 2000 के आसपास फंगस भी खोजे गए है। अच्छी बात यह है कि नई प्रजातियों की खोज उनके खत्म होने की रफ्तार से कहीं ज्यादा तेज है। वैज्ञानिकों के अनुसार हर साल करीब 10 प्रजातियां ही पूरी तरह खत्म होती हैं।

## रोचक खबरें



### दुनिया का अनोखा गांव, जहां इंसानों से ज्यादा रहती हैं बिल्लियां


**रोम।** आप भारतीय गांवों में अगर जाएंगे तो आपको सैकड़ों इंसान नजर आ जाएंगे. भारत का दिल गांवों में बसता है, इस वजह से आपको शहरों से ज्यादा रौनक, चहल-पहल गांवों में दिखेगी। मगर विदेशों में ऐसा नहीं है। इटली का एक गांव तो सुनसान हो चुका है। यहां इंसानों से ज्यादा बिल्लियां रहती हैं। हैरानी की बात तो ये भी है कि इस गांव में पिछले 30 सालों में एक भी बच्चा नहीं जन्मा था। मगर अब यहां खुशी की लहर दौड़ गई है क्योंकि इतने सालों में बाद एक लड़की का जन्म हुआ है जिससे सब बहुत खुश हैं।

इटली के एक छोटे से गांव में हाल ही में एक ऐसी खुशी मनाई गई, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया। यह गांव है पाग्लियारा देई मार्सी , जहां इंसानों से ज्यादा बिल्लियां रहती हैं। यहां पिछले 30 सालों से कोई बच्चा पैदा नहीं हुआ था, लेकिन अब एक नन्ही बच्ची के जन्म ने गांव में नई जान फूंक दी है। इस गांव में पैदा हुई बच्ची का नाम लारा बुसी त्राबुक्को है। लारा की उम्र अभी कुछ ही महीने है और वह गांव के करीब 20 निवासियों में से एक है। लारा के जन्म के बाद गांव में खुशी का माहौल है। हाल ही में उसका बपतिस्मा (ईसाई बनाने की प्रक्रिया) हुआ, जिसमें आसपास के इलाकों से ही नहीं, बल्कि दूर-दूर से लोग और पर्यटक भी पहुंचे। कई लोगों ने पहली बार इस गांव का नाम सिर्फ लारा की वजह से सुना। लारा की मां चिंजिया त्राबुक्को कहती हैं, 'जो लोग इस गांव के बारे में पहले जानते तक नहीं थे, वे भी अब यहां आ रहे हैं। सिर्फ 9 महीने की उम्र में ही मेरी बेटी मशहूर हो गई है।' पाग्लियारा देई मार्सी इटली के अब्रूजो क्षेत्र में स्थित एक बहुत पुराना और शांत ग्रामीण इलाका है।

# सच में होते हैं भगवान, दुनिया के सबसे अक्लमंद इंसान ने ढूंढ लिया पता! पेश किया ये सबूत

सियोल। कथित तौर पर 276 आईक्यू के साथ दुनिया के सबसे अक्लमंद इंसान माने जाने वाले यंगहून किम का दावा है कि गणित के माध्यम से भगवान के अस्तित्व को साबित किया जा सकता है। किम ने तीन आसान तथ्यों के जरिए समझाया है कि भगवान सच में होते हैं। सदियों से चली आ रही 'आस्तिक बनाम नास्तिक' की बहस में अब एक नया और चौंकाने वाला मोड़ आ गया है।

### किम कोई साधारण व्यक्ति नहीं




साउथ कोरिया के 36 वर्षीय साइंटिस्ट यंगहून किम का दावा है कि उन्होंने गणित के जरिए भगवान के अस्तित्व को साबित कर दिया है। किम का नाम इन दिनों सोशल मीडिया की 'दुनिया'में जंगल में लगी आग की तरह फैल रहा है। यंगहून किम कोई साधारण व्यक्ति नहीं हैं। उनका दावा है कि वर्ल्ड माइंड स्पोर्ट्स काउंसिल ने उनका आईक्यू 276 रिकॉर्ड किया है। बता दें कि महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन और स्टीफन हॉकिंग का आईक्यू महज 160 के आसपास माना जाता था। इसी 'सुपर जीनियस'दिमाग के बूते किम का कहना है कि विज्ञान और ईश्वर अलग-अलग नहीं हैं।



### किम का मैथमेटिकल प्रूफ क्या है?

अपने एक वायरल वीडियो में किम ने तीन आसान तथ्यों के जरिए ईश्वर के अस्तित्व को समझाया है। वह कहते हैं कि जैसे गणित में कोई भी रेखा बिना किसी शुरुआती बिंदु के नहीं बन सकती, वैसे ही ब्रह्मांड का अस्तित्व भी बिना किसी स्टार्टिंग पॉइंट के मुमकिन नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मांड और जीवन अगर अस्तित्व में है, तो इसका कोई न कोई पहला कारण जरूर होगा। किम के मुताबिक, वह कारण है टाइमलेस और इंटेलिजेंट, जिसे हम भगवान कहते हैं। किम का दावा है कि हमारी चेतना एक क्वांटम इंफॉर्मेशन है, जो शरीर खत्म होने के बाद भी नष्ट नहीं होती। यानी मौत अंत नहीं, बस एक बदलाव है। उनके अनुसार, जीसस ही इतिहास के सबसे बुद्धिमान व्यक्ति हैं। कोई आइंस्टीन या न्यूटन उनके आगे नहीं टिकते।



### सच या प्रोपेगेंडा?

जहां एक ओर किम के समर्थक इस दावे से उत्साहित हैं, वहीं वैज्ञानिक गलियारों में इसे लेकर भारी विवाद है। कई एक्सपर्ट्स और वाइस जैसी रिपोर्ट्स का कहना है कि किसी इंसान का 276 आईक्यू होना व्यावहारिक रूप से मुमकिन नहीं है। आलोचकों के अनुसार, यह आईक्यू स्कोर बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है।





सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


### अंतरिक्ष से दिखा बर्फ का इंसान! नासा की सैटेलाइट तस्वीर ने खोला छिपा रहस्य

**वॉशिंगटन।** नासा के सैटेलाइट ने रूस के एक बेहद दूर-दराज इलाके में बर्फ से बनी आकृति की तस्वीर ली. यह देखने में बिल्कुल स्नोमैन जैसी लगती है। पहली नजर में यह किसी इंसान की बनाई हुई लगती है। असल में यह पूरी तरह से प्रकृति का कमाल है। यह तस्वीर रूस के साइबेरिया क्षेत्र के बिलिंग्स इलाके की है। यहां साल के ज्यादातर समय कड़ाके की ठंड रहती है।नासा के द्वारा ली गई इस तस्वीर ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। इसमें बर्फ से बना एक साइबेरियन स्नोमैन दिखाई देता है। यह तस्वीर 16 जून 2025 को लैंडसैट-8 सैटेलाइट में लगे ऑपरेशनल लैंड इमेजर से ली गई थी। तस्वीर रूस के चुकची प्रायद्वीप में स्थित केप बिलिंग्स और बिलिंग्स गांव के पास की है। हालांकि, नासा ने साफ किया है कि यह कोई असली स्नोमैन नहीं, बल्कि जमी हुई झीलों और लैगून की एक खास बनावट है।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# सरकार उठाएगी लड़की के साथ डेट पर जाने का खर्च, बन गई बात तो मिलेंगे 25 लाख

**सियोल।** दक्षिण कोरिया इस समय एक अनोखी सामाजिक चुनौती का सामना कर रहा है। एक ओर देश तेज़ी से तरक्की कर रहा है, तकनीक और अर्थव्यवस्था में नए कीर्तिमान बना रहा है, लेकिन दूसरी ओर आम लोगों की निजी ज़िंदगी लगभग ठहर सी गई है। काम का दबाव इतना बढ़ गया है कि रिश्तों, प्यार और परिवार के लिए लोगों के पास वक्त ही नहीं बचता। सुबह होते ही लोग दफ्तर के लिए निकल जाते हैं, दिनभर काम में डूबे रहते हैं और शाम को थककर आराम करना ही उनकी प्राथमिकता बन गई है। ऐसे माहौल में डेटिंग, शादी या बच्चों के बारे में सोचना कई लोगों को झंझट जैसा लगने लगा है।



### शादी करना चाहती है युवा पीढ़ी

इस लाइफस्टाइल का सीधा असर देश की जनसंख्या पर पड़ा है। दक्षिण कोरिया की जन्म दर दुनिया में सबसे निचले स्तरों में पहुंच चुकी है। युवा पीढ़ी न तो शादी करना चाहती है और न ही बच्चे पैदा करने में रुचि दिखा रही है। महंगाई, कॅरियर का दबाव और व्यक्तिगत आज़ादी की चाह ने पारंपरिक पारिवारिक ढांचे को कमजोर कर दिया है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि सरकार को अब इसमें सीधे दखल देना पड़ रहा है।

### सरकार देगी इतने पैसे

दक्षिण कोरियाई सरकार इस समस्या को हल करने के लिए नए और कड़े कदम उठा रही है। सरकार का मानना है कि अगर लोगों को आर्थिक सुरक्षा और प्रोत्साहन दिया जाए, तो वे रिश्तों और परिवार की ओर दोबारा आकर्षित हो सकते हैं। इसी सोच के तहत सरकार ने डेटिंग से लेकर शादी और बच्चों तक के खर्च में मदद देने की योजनाएं शुरू की हैं। उद्देश्य साफ है, लोगों को रिश्तों में आने और परिवार बसाने के लिए प्रोत्साहित करना।

### एक डेट के लिए 31 हजार रुपए

सरकार ने डेटिंग को बढ़ावा देने के लिए एक अनोखी पहल की है। अगर कोई युवक या युवती किसी पार्टनर के साथ डेट पर जाने का फैसला करता है, तो सरकार उसकी मदद के लिए पैसे देती है। एक डेट के लिए करीब 350 अमेरिकी डॉलर, यानी लगभग 31 हजार रुपए तक की राशि दी जाती है। इस पैसे से कपल साथ में खाना खा सकता है, फिल्म देख सकता है या कोई और गतिविधि कर सकता है।

# दुनिया का सबसे रहस्यमय आइलैंड, जहां मौजूद हैं हजारों डरावनी गुड़िया, आपस में करती हैं बात

**मेक्सिको सिटी।** दुनिया में कई रहस्यमयी और भुतिया जगहें हैं। इन्हीं में से एक रहस्यमयी जगह मेक्सिको से दक्षिण, जोचिमिको कनाल के बीच 'ला इस्ला डे ला म्यूनेकस' पर स्थित है। यहां कई डरावनी गुड़ियां पेड़ों पर लटकी हुई हैं। अक्सर यहां पर कई रहस्यमयी घटनाएं होती हैं, जिनका जिक्र इस जगह पर रहने वाले स्थानीय लोग करते हैं। हालांकि, ये आइलैंड अब एक टूरिस्ट प्लेस बन चुका है। इस डरावनी जगह को देखने के लिए दूर दूर से कई पर्यटक यहां पर घूमने के लिए आते हैं। यहां के स्थानीय लोगों के मुताबिक, ये गुड़ियां आपस में एक-दूसरे के साथ कानाफूसी करती हैं। रहस्यमयी ढंग से अपनी आंखों को हिलाती हैं, जिन्हें देखने के बाद कोई भी व्यक्ति आसानी से डर सकता है। आज हम आपको अपनी खबर में मैक्सिको के इस हॉन्टेड आइलैंड के बारे में बताएंगे। डॉन जूलियन ने लड़की को बचाने की काफी कोशिश की पर वह उसको बचा नहीं सका। बच्ची की मौत के कुछ समय बाद एक गुड़िया की लाश बहती हुई आई। डॉन जूलियन ने इस गुड़िया को बच्ची समझ कर उसे वहीं पर बांधकर लटका दिया, जहां पर उस बच्ची की मौत हुई थी।



**पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र** : इसी वजह से इस आइलैंड की गिनती दुनिया की सबसे डरावनी जगहों में की जाती है। हॉन्टेड होने के कारण आज ये जगह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन चुकी है। यहां पर जो कोई भी आता है उसे अकेले घूमने की इजाजत नहीं दी जाती है। इस आइलैंड पर घूमने के लिए टूर गाइड का साथ में होना बहुत जरूरी है।

### गुड़ियों में है बच्ची की आत्मा

यह आइलैंड पहले कभी ऐसा नहीं था। कुछ वर्षों पहले इस आइलैंड की गिनती भी नॉर्मल आइलैंड में होती थी। अचानक 2001 में कुछ ऐसा हुआ, जिसने इस जगह को हॉन्टेड आइलैंड में बदल दिया। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 2001 में डॉन जूलियन इस जगह का केयर टेकर हुआ करता था। अचानक साल 2001 में डॉन जूलियन की मौत हो गई, तब से इस स्थान की गिनती डरावनी जगहों में की जाती है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आइलैंड पर टंगी इन गुड़ियों में एक बच्ची की आत्मा है।

## शब्द पहेली - 6092



**बाएँ से दाए-**
1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -6091 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6102

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SEMACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6101 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## बिग बैश लीग : भारतीय मूल के वाडिया ने लगाई छक्कों की हेट्रिक

एजेंसी ▶▶| एडिलेड



ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में भारतीय मूल के खिलाड़ी ने धूम मचा दी। एडिलेड स्ट्राइकर्स की ओर से खेलते हुए जेरसिस वाडिया ने 16 गेंद में तीन छक्कों व एक चौके से 34 रन की आतिशी पारी खेली। यह 24 साल के इस खिलाड़ी का बीबीएल में दूसरा ही मैच था। जेरसिस वाडिया सातवें नंबर पर बल्लेबाजी को उतरे थे और उन्होंने पहली चार गेंदों पर छक्का, छक्का, छक्का और चौका लगाया। उनके ये शॉट्स जैक विल्डरमुथ की गेंदों पर आए। वाडिया ने जिस तरह से आगाज किया उससे लगा कि एडिलेड की टीम ब्रिस्बेन हीट से मिले 180 रन के लक्ष्य को हासिल कर लेगी लेकिन आखिर में सात रन दूर रह गई। जेरसिस वाडिया को एडिलेड ने एलेक्स कैरी के रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना। यह विकेटकीपर बल्लेबाज एशेज सीरीज के चलते अभी बीबीएल से दूर है। वाडिया बाएं हाथ के बल्लेबाज और स्पिनर हैं। उनकी पैदाइश बडौदा की है। वे यहां पर अंडर 12 से लेकर अंडर 16 लेवल तक खेले। इसके बाद वे ऑस्ट्रेलिया चले गए। वहां पर अंडर 19 टीमों के लिए खेले थे। वहां कम से कम 12 अलग-अलग क्लब्स की ओर से खेले।

## आईएलटी20: एमआई एमिरेट्स की शीर्ष पर जगह पक्की, दुबई कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| अबूधाबी



स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान कीरोन पोलार्ड की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत एमआई एमिरेट्स ने दुबई कैपिटल्स पर 8 विकेट से आसान जीत हासिल करके आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की कर ली। एमआई एमिरेट्स के स्पिनरों ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखा और कैपिटल्स को आठ विकेट पर 122 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। उसकी तरफ से कप्तान मोहम्मद नबी ने सर्वाधिक नाबाद 22 रन बनाए। एमआई एमिरेट्स के लिए अल्लाह ग़ज़नफ़र ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए और शाकिब अल हसन ने चार ओवरों में 11 रन देकर एक विकेट लिया। पोलार्ड की 31 गेंदों में खेली गई नाबाद 44 रन की पारी से एमआई एमिरेट्स ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 126 रन बनाकर इस सत्र की अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की। पोलार्ड ने अपनी पारी में एक चौका और पांच छक्के लगाए। एमआई एमिरेट्स की टीम अब 30 दिसंबर को क्वालीफायर एक में डेजर्ट वाइपर से भिड़ेगी।


## एसए20: सनराइजर्स ने पार्ल रॉयल्स को किया मात्र 49 रन पर ऑलऑउट

एजेंसी ▶▶| पार्ल



तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की घातक गेंदबाजी की मदद से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने पार्ल रॉयल्स को एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक के सबसे कम स्कोर पर आउट करके 137 रन की बड़ी जीत के साथ बोनस अंक हासिल किया। नोर्किया ने तीन ओवर में 13 रन देकर चार विकेट लिए और 187 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे रॉयल्स को 11.5 ओवर में केवल 49 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई। नोर्किया के अलावा एडम मिल्ने और तारिंडु रत्नायके ने दो-दो विकेट लिए। सनराइजर्स ने इससे पहले चार विकेट पर 186 रन बनाए थे। उसकी तरफ से जॉर्डन हरमन ने केवल 28 गेंदों में 62 रन (पांच चौके, चार छक्के) बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने डेलानो पोटगीटर के आखिरी ओवर में 22 रन बनाकर सनराइजर्स की पारी का शानदार अंत किया।

### खबर संक्षेप



#### पहले दिन 20 विकेट गिरने से सदमे में था: मुख्य क्यूरेटर

**मेलबर्न।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के मुख्य क्यूरेटर मैथ्यू पेज ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद वह 'सदमे की स्थिति में' थे और नीरस ड्रॉ से बचने के लिए तेज गेंदबाजों के अनुकूल पिच तैयार की गई। इस मैच में शुरू से लेकर आखिर तक विकेटों की झड़ी लगी रही और मैच दो दिन में समाप्त हो गया। इंग्लैंड ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया। एशेज श्रृंखला के 2017 में खेले गए मैच के नीरस ड्रॉ के रूप में समाप्त होने बाद एमसीजी पिच में नई जान डालने के लिए नियुक्त क्यूरेटर पेज ने स्वीकार किया कि पिच पर 10 मिमी घास छोड़ना जरूरत से ज्यादा साबित हुआ।

#### पाकिस्तानी कबड्डी खिलाड़ी पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध



**कराची।** पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी उबैदुल्लाह राजपूत पर इस महीने की शुरुआत में एक निजी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने पर राष्ट्रीय महासंघ ने अनिश्चितकाल प्रतिबंध लगा दिया है। पाकिस्तान कबड्डी महासंघ (पीकेएफ) ने आपातकालीन बैठक के बाद राजपूत पर प्रतिबंध लगाया। उन्हें महासंघ या अन्य संबंधित अधिकारियों से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिए बिना टूर्नामेंट में खेलने के लिए विदेश यात्रा करने का दोषी पाया गया। पीकेएफ के सचिव राणा सरवर ने कहा कि राजपूत को अनुशासनात्मक समिति के समक्ष अपील करने का अधिकार है। सरवर ने कहा कि महासंघ ने इस तथ्य पर गंभीरता से ध्यान दिया कि राजपूत न केवल बिना एनओसी के विदेश यात्रा पर गए, बल्कि उन्होंने भारत की एक टीम का प्रतिनिधित्व किया।

#### शादाब पाक टीम में शामिल बाबर और शाहीन बाहर

**लाहौर।** पाकिस्तान ने अगले महीने श्रीलंका में होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर शादाब खान को



अपनी टीम में शामिल किया है लेकिन इस श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेल रहे बल्लेबाज बाबर आजम या तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को वापस नहीं बुलाया है। शादाब 7 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। कंधे की सर्जरी के कारण इस साल जून से क्रिकेट से बाहर रहने के बाद उन्होंने इस महीने बीबीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की, जहां उन्होंने अपने अन्य हमवतन खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया। बाबर, शाहीन, हारिस रऊफ, हसन अली और मोहम्मद रिजवान अन्य पाकिस्तानी खिलाड़ी हैं, जो बीबीएल में खेल रहे हैं।

### पंजाब के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में हिस्सा लेंगे अभिषेक

## मुश्किल नेट पिच पर अभिषेक ने दिखाया जलवा, खूबसूरत ग्राउंड पर लगाए 45 छक्के

एजेंसी ▶▶| जयपुर



पंजाब के कप्तान अभिषेक शर्मा अपने नेट सत्र के लगभग 10 मिनट बाद रुके और टीम के अपने साथी खिलाड़ी गौरव चौधरी की ओर मुड़े और एक सवाल पूछा, जिससे उनके इरादे और कल्पना का पता चलता है। उन्होंने पूछा, 'क्षेत्ररक्षण कैसा है।' अभिषेक ने यह सवाल काल्पनिक क्षेत्ररक्षकों के बारे में पूछा। ऑफ स्पिनर चौधरी ने तुरंत जवाब दिया, 'मिड ऑफ पर एक रन बचाने के लिए रखा है।' इसके बाद जो हुआ वह अनुमानित लेकिन रोमांचक था। अभिषेक ने अपने चिरपरिचित अंदाज में बल्ला घुमाया और गेंद को मैदान से बाहर भेज दिया। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज ने लगभग एक घंटे अभ्यास किया और इस दौरान डिफेंस को कोई तवज्जो नहीं दी। उन्होंने जयपुर शहर की सीमा से थोड़ी दूर खेत की जमीन पर बने खूबसूरत अनंतम क्रिकेट ग्राउंड पर कम से कम 45 छक्के लगाए।

### खुद को आक्रमक करने के लिए किया तैयार

इनसाइड-आउट शॉट इतनी बार दोहराया गया कि टीम के मुख्य कोच संदीप शर्मा ने मजाक में कहा, 'तू अपना शतक पूरा करने के लिए सिर्फ एक्स्ट्रा कवर के ऊपर ही छक्के मारना चाहता है।' गलत शॉट के लिए शॉर्ट एक्स्ट्रा कवर पर एक लाल क्षेत्ररक्षण नेट लगाया गया था। वह एक बार उस जाल में फंस गए लेकिन जल्दी ही सामंजस्य बैठाया और कुछ सीधे छक्के मारने का फैसला किया। उन्होंने शुरू में तेज गेंदबाजों का सामना करने का फैसला किया लेकिन एक युवा नेट गेंदबाज लगातार पांचवें स्टंप की लाइन पर गेंदबाजी कर रहा था, जिससे अभिषेक ने सलाह दी, "भाई, तुम स्टंप्स के करीब गेंदबाजी करो।' अभिषेक ने खुद को हर कीमत पर आक्रमक करने के लिए तैयार किया है, जो टीम की

### पिच पर अभिषेक ने चलवाया हल्का रोलर

यह एक विशेष बल्लेबाजी सत्र जैसा लग रहा था, जहां अभिषेक सिर्फ स्पिनरों का सामना करना चाहते थे। एक ऐसी पिच पर ऑफ स्पिनर, लेग स्पिन और बाएं हाथ की धीमी गेंदबाजी का सामना, जहां गेंद बार-बार रुककर आ रही थी और अगर गेंदबाज सही जगह पर गेंद डालते तो काफी टर्न मिल रहा था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने मैदानकर्मियों को हल्का रोलर चलाने के लिए कहा लेकिन मुश्किलें कम नहीं हुई क्योंकि नेट गेंदबाजों की गेंदें लगातार परेशान कर रही थीं। कुछ गेंद अप्रत्याशित रूप से ऊपर उठ रही थीं जबकि कुछ खतरनाक तरीके से नीचे रह रहीं थी। जब भी लेंथ थोड़ी छोटी होती तो अभिषेक को परेशानी होती लेकिन जिस तरह से वह अपने पैरों का इस्तेमाल कर रहे थे वह देखना बहुत शानदार था। गेंद को खेलने से चूकने और उछलते हुए देखने के बाद वह पिच पर आगे बढ़ते और अपने बल्ले से निशान पर टैप करते और फिर अपनी महारत दिखाते। छोटी लेंथ की गेंद पर वह पिच पर आगे बढ़कर ऑफ स्पिन और गुगली (जो बाएं हाथ के बल्लेबाज से दूर जाती थी) के खिलाफ एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से इनसाइड-आउट शॉट लगाते थे। कम से कम पांच बार गेंद पास की एक ऊंची रिहायशी इमारत के परिसर में गिरी।

### विश्व रैपिड शतरंज

## बेहतर स्थिति में गुकेश और एरिगैसी, शीर्ष पर हम्पी



एजेंसी ▶▶| दोहा

मौजूदा चैंपियन कोनेरू हम्पी ने अपने धैर्य और दृढ़ता का शानदार नमूना पेश करते हुए फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के दूसरे दिन महिला वर्ग में संयुक्त बढ़त बनाए रखी, जबकि भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और अर्जुन एरिगैसी भी ओपन वर्ग में मुकाबले में बने रहे। महिला वर्ग में अब जबकि तीन राउंड का खेल होना बाकी है तब हम्पी चीन की झू जिनर के साथ अधिकतम आठ अंकों में से 6.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। इन दोनों से पीछे छह अंकों के साथ 10 खिलाड़ी हैं, जिनमें भारत की द्रोणावल्ली हरिका भी शामिल हैं। ओपन वर्ग में 13 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें नौ राउंड के बाद क्लासिकल प्रारूप के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी 6.5 अंकों के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। यह भारतीय जोड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज व्लादिस्लाव आर्टेमिएव और हैंस नीमन (प्रत्येक 7.5 अंक) से एक अंक पीछे है।

### महिला वर्ग में कड़ी टक्कर

महिला वर्ग में कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें भारत की दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन हम्पी ने सारा खादेम को हराकर सातवें दौर के अंत में छह अंकों के साथ एकमात्र बढ़त हासिल की, जबकि आठ खिलाड़ी उनसे आधे अंक पीछे थे। रूस की ग्रैंडमास्टर गोरियाचकिना एलेक्जेंड्रा के खिलाफ आठवें दौर में ड्रॉ खेलने से भारतीय दिग्गज खिलाड़ी का स्कोर 6.5 हो गया, जबकि झू जिनर ने दिन के आखिरी दौर में भारत की महिला विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को हराकर हम्पी के साथ शीर्ष स्थान पर जगह बनाई।

### आर्टेमिएव ने कार्लसन को हराकर बटोरीं सुर्खियां

ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी और एलेक्सी सरना के खिलाफ दो ड्रॉ के साथ शुरुआत करने के बाद गुकेश ने स्पेन के डेविड एंटोन को हराया लेकिन उन्हें अगले दौर में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार का सामना करना पड़ा। रूस के 27 वर्षीय ग्रैंडमास्टर आर्टेमिएव ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व रैपिड चैंपियन मैग्नस कार्लसन और एरिगैसी को हराकर सुर्खियां बटोरीं। संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे आर्टेमिएव और नीमन के बाद चार खिलाड़ी कार्लसन, एलेक्सी सरना, यागिज़ एर्दोगमस और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उनसे आधे अंक पीछे हैं।



## महिला हॉकी के लिए नई उम्मीद लेकर आएगा नया साल : दीपिका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए यह साल मैदान के भीतर और बाहर भले ही अच्छा नहीं रहा हो लेकिन हॉकी इंडिया लीग के जरिए पांच महीने बाद मैदान पर वापसी को तैयार ड्रैग फ्लिकर दीपिका सेहरावत का मानना है कि नए साल में चीजें अच्छे के लिए बदलेंगी। दीपिका ने स्वीकार किया कि बीते साल टीम अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन यह भी कहा कि नया साल नयी उम्मीदें लेकर आएगा। उन्होंने कहा,' नए साल में नई चीजें शुरू होंगी तो काफी कुछ बदलेगा। अगला साल काफी अहम है, जिसमें विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना सबसे पहली चुनौती है और 2026 में एशियाई खेल भी हैं।' दीपिका ने कहा,'हॉकी से दूर ये पांच महीने मेरे लिए बहुत कठिन थे। मुझे गुस्सा आता था और मैं रोती थी कि टीम से बाहर क्यो हूं क्योंकि एशिया कप के लिए मेरी तैयारी अच्छी थी। अब पूरी तरह फिट होकर वापसी कर रही हूं और अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़नी है।' उन्होंने कहा,'हमें दिखाना है कि भारत की महिला हॉकी टीम भी किसी से कम नहीं है।

### शीर्ष स्थान के लिए तीन टीमों के बीच कड़ी टक्कर

## इंग्लिश प्रीमियर लीग : पहली पोजीशन पर आर्सेनल, मैनचेस्टर और विला शीर्ष के करीब



एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

आर्सेनल ने ब्राइटन के अंतिम समय में जोरदार पलटवार से बचकर 2-1 से जीत हासिल करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला स्थान बरकरार रखा, लेकिन मैनचेस्टर सिटी और एस्टन विला भी उससे ज्यादा दूर नहीं हैं। शीर्ष स्थान के लिए इन तीन टीमों के बीच कड़ी टक्कर है। तालिका में पहले और तीसरे स्थान के बीच केवल तीन अंकों का अंतर है। नॉटिंघम फॉरेस्ट पर 2-1 से जीत के बाद मैनचेस्टर सिटी ने कुछ समय के लिए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया था लेकिन इसके कुछ देर बाद आर्सेनल ने ब्राइटन को इसी अंतर से हराकर फिर से पहला स्थान हासिल कर दिया।

### एस्टन विला का शानदार प्रदर्शन जारी

एस्टन विला ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चेल्सी के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। इस तरह से उसने सभी प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज करने का अपना सिलसिला 11 मैच तक पहुंचा दिया है। आर्सेनल के अब 18 मैच में 42 जबकि मैनचेस्टर सिटी के इतने ही मैच में 40 और एस्टन विला की 39 अंक हैं। लिवरपूल चौथे स्थान पर है लेकिन उसके 32 अंक हैं। लिवरपूल ने आखिरी स्थान पर काबिज वॉल्वरहैम्प्टन के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल करके अपनी शानदार वापसी जारी रखी, जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गया। वॉल्वरहैम्प्टन ने किसी एक सत्र की शुरुआत से सबसे लंबे समय तक बिना जीत के रहने का नया प्रीमियर लीग रिकॉर्ड बनाया।

### यादें 2025: सेन, सात्विक, चिराग ने किया इस साल बेहतर प्रदर्शन

## युवा बैडमिंटन खिलाड़ियों की शानदार प्रगति, जगाई उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन के लिए वर्ष 2025 उतार चढ़ाव वाला रहा, जिसमें कई प्रमुख खिलाड़ियों को फॉर्म हासिल करने के लिए जूझना पड़ा, लेकिन लक्ष्य सेन का एक खिताब, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतना और युवा खिलाड़ियों की शानदार प्रगति ने उम्मीद की किरण भी जगाई। भारतीय खिलाड़ियों को इस वर्ष फिटनेस से जुड़ी समस्याओं से भी जूझना पड़ा, जिसका असर उनके प्रदर्शन पर भी पड़ा।

### श्रीकांत ने दिखाई वापसी की झलक

किदाम्बी श्रीकांत ने इस सत्र में वापसी की झलक दिखाई लेकिन वह कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए। मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल में उपविजेता रहकर उन्होंने पुराने दिनों की याद दिलाई लेकिन लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म नहीं कर सके। सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा



### सेन ने पहली बार जीता सुपर 500 का खिताब

इस सत्र में भारतीय खिलाड़ियों की सबसे महत्वपूर्ण व्यक्तिगत उपलब्धि सेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताबी जीत रही। सेन ने 2023 में कनाडा ओपन के बाद पहली बार सुपर 500 खिताब जीता और पिछले साल दिसंबर में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 जीतने के बाद यह उनका पहला खिताब था। हांगकांग ओपन में वह उपविजेता रहे थे। सात्विक और चिराग ने सत्र की शुरुआत में चोट और बीमारी से जूझने के बावजूद भारत की प्रमुख युगल जोड़ी के रूप में अपनी स्थिति को फिर से स्थापित किया। इस जोड़ी ने पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, हांगकांग ओपन और चीन मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के नॉकआउट चरण में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनकर साल का सकारात्मक अंत किया।

### शेट्टी ने जीता अमेरिकी ओपन सुपर 300 का खिताब

भारतीय बैडमिंटन में वर्ष 2025 में सबसे उत्साहजनक संकेत युवा पीढ़ी से मिले। 20 वर्षीय आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन सुपर 300 जीता और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में लगातार अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने जापान के कोदाई नाराओका, पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू, चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन और कनाडा के ब्रायन यांग पर भी उल्लेखनीय जीत दर्ज की, जिससे उनकी शानदार प्रगति का पता चलता है।

### सोलह वर्षीय तन्वी शर्मा ने खींचा ध्यान

सोलह वर्षीय तन्वी शर्मा ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप में लड़कियों के एकल वर्ग में रजत पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा। उन्होंने अमेरिकी ओपन के फाइनल में भी जगह बनाई थी तथा सैयद मोदी इंटरनेशनल में पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा को हराकर इस सत्र की सबसे शानदार जीत में से एक हासिल की। तन्वी ने गुवाहाटी मास्टर्स में उपविजेता रहकर वर्ष का समापन किया। उन्नति हुडा ने विश्व जूनियर टीम चैंपियनशिप में भारत को कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतकर विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर पहुंच गईं।

### सीनियर खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक रहा साल

भारत के सीनियर खिलाड़ियों के लिए हालांकि वर्ष 2025 काफी हद तक निराशाजनक साबित हुआ। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू तीन बार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं, लेकिन उन्हें छह बार पहले दौर में और चार बार दूसरे दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। साल की शुरुआत में हैमस्ट्रिंग की समस्या ने उनके अभियान को बाधित किया, जिसके बाद पैर में चोट लगने के कारण उन्हें अक्टूबर के बाद सभी बीडब्ल्यूएफ प्रतियोगिताओं से नाम वापस लेना पड़ा। वर्ष 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय के लिए यह सत्र और भी कठिन रहा। चोटों ने उनके प्रदर्शन को बुरी तरह प्रभावित किया।




## महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जबलपुर ने आयोजित किया शताब्दी समारोह

# मध्य प्रदेश—महाराष्ट्र का रिश्ता सांस्कृतिक चेतना और साझा विरासत से जुड़ा : मुख्यमंत्री

हरिभूमि जबलपुर।

**मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र का संबंध केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संत परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और समाज सुधार की साझा विरासत से जुड़ा हुआ है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में आयोजित महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के शताब्दी वर्ष समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह तथा परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह विशेष रूप से मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 1926 में स्थापित इस संस्था ने स्वतंत्रता से पहले और बाद में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के विचारों से प्रेरित बाजीराव पेशवा, शिंदे, होलकर और गायकवाड़ राजवंशों ने मध्य प्रदेश के विकास और सांस्कृतिक संरक्षण में अहम योगदान दिया है।**

### नई पीढ़ी को एआई के लिए तैयार करना जरूरी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि शिक्षा संस्थानों को अब केवल अतीत पर गर्व करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों के लिए नई पीढ़ी को तैयार करना होगा। उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि यदि महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जबलपुर में मराठी भाषा सिखाने के लिए कोई नया कोर्स या उपक्रम शुरू करता है, तो महाराष्ट्र सरकार इसके लिए आवश्यक निधि और पूरा सहयोग प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है, यहां तक कि मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई में भी मातृभाषा को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज के 'स्वराज्य, स्वधर्म और स्वभाषा' के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि मराठों ने पानीपत के युद्ध में केवल अपने साम्राज्य के लिए नहीं, बल्कि पूरे भारत की रक्षा के लिए संघर्ष किया था। उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे अगले 25 से 50 वर्षों की दीर्घकालिक योजना बनाएं और विद्यार्थियों को एआई आधारित भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करें। इस दौरान महाराष्ट्र शिक्षण मंडल की स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

### जबलपुर विकास में फडणवीस का योगदान : राकेश सिंह

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि संस्कारधानी जबलपुर के वर्तमान विकास स्वरूप की नींव रखने में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने श्री फडणवीस को विजनरी नेता बताते हुए कहा कि विधायक रहते हुए उन्होंने जबलपुर की घनी बस्तियों का दौरा कर विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया था, जिस पर आगे चलकर शहर का विकास हुआ।









### स्थानीय भाषा शिक्षा का आधार : उदय प्रताप सिंह

परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि वे स्वयं महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति, रामायण और गीता को शिक्षा प्रणाली में शामिल करना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।

### यह रहे उपस्थित

समारोह में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, डॉ. अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, वरिष्ठ समाजसेवी व चिंतक प्रशांत पाल, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रख्यात चिकित्सक डॉ. जामदार सहित महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के पदाधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री फडणवीस ने रामायण प्रदर्शनी का किया लोकार्पण

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को मानस भवन परिसर में आयोजित रामायण से संबंधित प्रदर्शनी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी में प्रदर्शित विभिन्न चित्रों, मूर्तियों और आलेखों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री फडणवीस ने भगवान श्रीराम के आदर्शों के सजीव चित्रण, सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को प्रदर्शित करती कृतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रामायण भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो मानवता, मर्यादा और कर्तव्य का संदेश देती है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, डॉ. अभिलाष पांडे, विधायक नीरज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, प्रशांत पाल, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रख्यात चिकित्सक डॉ. जामदार सहित आयोजक एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का डुमना एयरपोर्ट पर स्वागत

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस के आज डुमना एयरपोर्ट पहुंचने पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक नीरज सिंह, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन तथा वरिष्ठ समाजसेवी व चिंतक प्रशांत पाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। एयरपोर्ट पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

एक सौ किमी लंबी सड़क को 150 फीट चौड़ी करने की तैयारी

# जबलपुर-दमोह के बीच फोरलेन सड़क निर्माण का सर्वे अंतिम दौर में

**जबलपुर।** जबलपुर से दमोह के बीच वर्तमान में दो लेन की सड़क को शीघ्र ही फॅार लेन किया जाएगा। लगभग 100 किलोमीटर लंबी इस सड़क को फोर लेन करने की प्रक्रिया अब अंतिम दौर में है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा इस मार्ग का सर्वे कर चुका है। बताया गया है कि उक्त सड़क की प्रस्तावित चौड़ाई 150 फीट तय की गई है, जिसमें फोरलेन बनाया जाना है। इस सड़क को तीन फेज में बनाया जाएगा। अभी दो फेज के लिए करीब एक हजार करोड़ रुपये का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया है जहां से प्रक्रिया अंतिम दौर में आ गई है। शीघ्र ही इसकी निविदा जारी कर कार्य प्रारंभ होगा।जबलपुर से कटंगी और जबेरा से दमोह के बीच सड़क का निर्माण होगा, इसके अलावा कटंगी से जबेरा तक के हिस्से में अभयारण्य की जमीन होने की वजह से इसका सर्वे किया जा रहा है इसकीं वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से भी स्वीकृति लेनी होगी। गौरतलब हो कि सड़क की चौडाई को लेकर कुछ परेशानी आ रही थी जिस वजह से प्रस्ताव को दोबारा भेजा गया है। अभी दमोह से जबेरा के बीच 350 करोड़ रुपये की लागत से सड़क बनाने की प्रकिया होगी। यह पैकेज 43 किलोमीटर लंबा होगा वहीं दूसरे पैकेज में 24 किलोमीटर लंबी सड़क जबेरा से कटंगी के बीच बनेगी। इस संबंध में एनएचएआई के प्राजेक्ट डायरेक्टर एएल साहू से मिली जानकारी के मुताबिक जबलपुर से दमोह सड़क को फोर लेन बनाने के लिए सर्वे हुआ था। तीन फेज में सड़क बनाई जानी है। इसके दो फेज का करीब एक हजार करोड़ रुपये का प्रस्ताव मुख्यालय गया हुआ है, जहां से स्वीकृति मिलने का इंतजार है जबकि तीसरे फेज का सर्वे किया जा रहा है।

दोनों आरोपी कर्मचारी निलंबन की प्रक्रिया में

# कथित गैंगरेप मामले में विवि प्रशासन सख्त

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में सामने आए कथित गैंगरेप मामले को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में हड़कंप की स्थिति है और प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपों में संलिप्त दोनों कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। बताया गया है कि प्रारंभिक जांच के आधार पर विभागीय कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है, ताकि विश्वविद्यालय की छवि को धूमिल करने वाले इस कृत्य पर कठोर कदम उठाए जा सकें। घटना 25 दिसंबर की बताई जा रही है, जब विश्वविद्यालय परिसर में 22 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने का आरोप सामने आया। पीड़िता सोशल मीडिया पर संविदा भर्ती से संबंधित जानकारी देखकर विश्वविद्यालय पहुंची थी। आरोप है कि अपर डिवीजन क्लर्क दुर्गाशंकर सिंगरहा और चपरासी मुकेस सेन ने उसे नौकरी दिलाने का झांसा देकर इंटरव्यू के बहाने बुलाया। पीड़िता के अनुसार दोनों आरोपी उसे विश्वविद्यालय परिसर स्थित क्वार्टर में ले गए, जहां दरवाजा बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इधर, विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आरोपियों के विरुद्ध निलंबन सहित अन्य विभागीय कार्रवाई की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद आगे और कठोर कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और प्रशासनिक कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

# ओवरब्रिज से स्टील प्लेट चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** कोतवाली थाना पुलिस ने ओवरब्रिज से टी-शेप की स्टील प्लेट चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई दो स्टील प्लेटें जब्त की हैं। कोतवाली पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार रीवा द्वारिका नगर निवासी ब्रजेश कुमार द्विवेदी , विजय कुमार मिश्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में मैनेजर हैं और ओवरब्रिज निर्माण कार्य उनकी देखरेख में चल रहा है। फ्लाईओवर पर टी-शेप की स्टील प्लेटें लगी थीं, जिनमें से 26 दिसंबर को तीन प्लेट किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गईं, जिससे शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा। जांच के दौरान स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने खिन्नी मोहल्ला दमोहनाका निवासी मोहन उर्फ गुल्ला अहिरवार को संदिग्ध के रूप में चिन्हित किया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी मोहन उर्फ गुल्ला अहिरवार पिता स्वर्गीय बाबूलाल अहिरवार निवासी दमोहनाका को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई टी-शेप की दो स्टील प्लेटें जब्त की हैं। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस तथा सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो

# युवक को नंगा कर लात-जूतों से पीटा

शहर के आधारताल थानांतर्गत सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियों में 4 से 5 लोग एक युवक को पूरी तरह से निर्वस्त्र कर बुरी तरह पीटते नजर आ रहे हैं।

हरिभूमि जबलपुर।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह वीडियो निक्की ठाकुर 81 नाम की इंस्टाग्राम आईडी से पोस्ट किया गया था। इस वीडियो को उसने अपने स्टोरी में भी साझा किया था। जिस पर कमेंट्स में लिखा देखा गया - 'लाला गैंग आधारताल, पीयूष लाला गैंग हाउसिंग बोर्ड '। उक्त आईडी की इंस्टाग्राम प्रोफाइल प्राइवेट है, लेकिन बायो में लिखा है - 'तुम क्या सोचते हो घेर लोगे , हमको चार लोगों की टोली में, हम तुम्हारी ..... एक गोली में '। प्रोफाइल तस्वीर में शराब की बॉटल, दो मोबाइल फोन और दो बड़े चाकू भी दिखाई दे रहे हैं।

इस संबंध मुं आधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमार कमरे ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है। फिलहाल यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि यह वीडियो आधारताल का है या आसपास के किसी अन्य थाना क्षेत्र का। इस मामले में अभी तक कोई शिकायतकर्ता सामने नहीं आया है। जांच जारी है। यहां दूसरी ओर गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने कहा कि वीडियो जिस आईडी से वायरल हुआ, वह निक्की ठाकुर की है। वह कभी आधारताल और कभी गोरखपुर में रहता है। लगभग 10 दिन पहले ही चाकूबाजी के मामले में उस पर मामला दर्ज किया गया था। आरोपी अभी फरार है। वीडियो की पुष्टि की जा रही है कि इसमें दिख रहे लोग कौन हैं।

मामले की पड़ताल में सामने आया है कि जिस इंस्टाग्राम आईडी से युवक की पिटाई का वीडियो अपलोड किया गया, उस निक्की ठाकुर के खिलाफ अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं। 26 दिसंबर 2025 को प्रदीप साहू नाम के व्यक्ति ने आधारताल थाने में निक्की ठाकुर और उसके कुछ साथियों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ और घर में सूअरमार बम फेंकने की एफआईआर दर्ज कराई है। प्रदीप साहू ने बताया कि पिछले 4-5 दिनों में उनके और उनके परिवार के साथ 3 से 4 घटनाएं हो चुकी हैं। प्रदीप के अनुसार, पहले उनके भांजे के साथ पैसे की वसूली को लेकर मारपीट की गई। जब पैसे नहीं दिए गए तो घर के सामने खड़ी गाड़ी में तोड़फोड़ की गई। इसके दो दिन बाद उनके घर पर सूअरमार बम से हमला किया गया। इन घटनाओं को लेकर पहले भांजे और फिर उन्होंने आधारताल थाने में शिकायत दर्ज कराई। एफआईआर में प्रदीप ने बताया कि 26 दिसंबर की रात निक्की ठाकुर अपने चार साथियों के साथ उनके घर पहुंचा और बाहर गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर उसने घर में सूअरमार बम फेंक दिया। बम बिजली के मीटर से टकराया, जिससे मीटर टूट गया और घर की बिजली बंद हो गई। इसके बाद निक्की ठाकुर अपने साथियों समीर श्रीवास, दुर्गेश चौधरी और गुल्लू के साथ जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इस मामले में आधारताल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रदीप साहू ने यह भी बताया कि जो नाबालिग के साथ मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है, वह घटना भी निक्की ठाकुर और उसके साथियों द्वारा की गई है। उन्होंने नाबालिग के परिजनों को एफआईआर कराने के लिए कहा, लेकिन परिजन डर के कारण आगे नहीं आए। बच्चे की सुरक्षा को देखते हुए वे मामला आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240